सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 07 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 37, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## विदेशी मुद्रा भंडार 723.77 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। } 14

## साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर राष्ट्रपति चिंतित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर में साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की और लोगों को डिजिटल उपकरणों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। } 16



# अंडर 19 वर्ल्डकप : भारत छठी बार बना चैंपियन

## वैभव की विस्फोटक बल्लेबाजी से टीम इंडिया ने इंग्लैण्ड को दिया था 411 रनों का लक्ष्य

एजेंसी




हरारे। क्रिकेट के नए वंडरकिड वैभव सूर्यवंशी (175 रन, 80 गेंद, 15 छक्के) ने अंडर-19 विश्व कप के इतिहास की शायद सबसे प्रभावशाली पारी खेली जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठा खिताब अपने नाम किया। सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दी। दिलचस्प बात है कि भारत ने पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में इंग्लैंड को हराकर ही खिताब जीता था। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी जो टूर्नामेंट के इतिहास में देश के दबदबे को दिखाता है। दसवीं बार फाइनल में पहुंची भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सूर्यवंशी के शतक से नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया।

# पीएम मोदी ने छात्रों को परीक्षा के लिए दिये मंत्र

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले शुक्रवार को स्कूली छात्र-छात्राओं को अनेक मंत्र देते हुए कहा कि अपने जीवन एवं शैक्षणिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षा को बोझ नहीं समझें और केवल अंकों पर नहीं, बल्कि जीवन बेहतर करने पर ध्यान नहीं दें।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि परीक्षाएं उत्सव की तरह होती हैं और इनकी खुशी मनाई जानी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पे चर्चा 2026 के नौवें संस्करण में छात्रों से कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए और सभी को पूरी लगन से पढ़ना चाहिए क्योंकि आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। उन्होंने अपने आवास पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों के एक समूह से कहा, शिक्षा मजबूरी नहीं होनी चाहिए। शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए। हमारी पूरी तल्लीनता चाहिए। अगर पूरी तल्लीनता से पढ़ाई नहीं की है, तो फिर आधी-अधूरी शिक्षा, जीवन को कहीं सफल नहीं बनाने देती। प्रधानमंत्री ने कहा, अंकों पर ध्यान देने के बजाय सभी को इस पर ध्यान देना चाहिए कि वे जीवन में कहां पहुंचे हैं। आपके माता-पिता, शिक्षक या साथी क्या कहते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता, खुद पर भरोसा रखिए और अपने सामने आने वाले सभी सुझावों पर विचार करते हुए अपने हिसाब से चलिए। मोदी ने बच्चों से कहा, हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच के भीतर हो लेकिन आसानी से प्राप्त होने वाला न हो। पहले मन को साधो, ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## अग्नि-3 मिसाइल का सफल परीक्षण




बालासोर (ओडिशा)। भारत ने शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मानदंडों को सही पाया गया। अधिकारी ने बताया कि यह परीक्षण सामरिक बल कमान की देखरेख में किया गया।

## रामगंगानहर में गिरी कार, तीन की मौत

कानपुर। कानपुर देहात जिले के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के ओरिया गांव के मजरा हरिनिवादा के पास अनियंत्रित कार रामगंगा नहर में जा गिरी और सगे भाइयों व कार चालक की जान चली गई। आशंका है कि चालक को झपकी आ गई जिसके चलते वह नियंत्रण न रख पाया और हादसा हो गया। कार गिरने के बाद ग्रामीणों व वहीं से गुजर रहे बीईओ रसूलाबाद व पीआरवी के पुलिस कर्मियों ने प्रयास कर शीशा तोड़कर एक युवक को सकुशल बचा लिया। हादसे ने खुशियों को दुख में बदल दिया। गोंडा शहर कोतवाली के बहराइच रोड निवासी 55 वर्षीय टेंट हाउस संचालक राजेश श्रीवास्तव, उनके भाई 43 वर्षीय राधेश, भतीजे 23 वर्षीय अभिषेक संग अपनी ममेरी बहन अकौढ़िया गांव रसूलाबाद की संपा श्रीवास्तव के पुत्र के मुंडन संस्कार में शामिल होने को शुक्रवार सुबह निकले थे।

# यूपी से दंगा और दंगाई दोनों गायब : योगी

## अराजकता व लूट का अड्डा बन गया था प्रदेश, भाजपा सरकार में विरासत का हुआ सम्मान, व्यापारी और बेटी हुईं सुरक्षित



विशेष संवाददाता

लखनऊ/हरिद्वार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक समय था, जब विरासत को कोसा जाता था, अपमानित किया जाता था, लांछित किया जाता था। राम भक्तों पर गोलियां चलती थीं, उनका अपमान किया जाता था। लेकिन, यह रामभक्तों का नहीं, भारत की विरासत का अपमान होता था, भारत के आध्यात्मिक मूल्यों का अपमान होता था। इसका परिणाम यह निकला कि उत्तर प्रदेश अराजकता का अड्डा बन गया, लूट का अड्डा बन गया और दंगों की आग में झुलसने लगा। गुंडागर्दी भी चरम पर, ना बेटी सुरक्षित थी और न व्यापारी। हमारी सरकार में विरासत का सम्मान हुआ तो बेटी सुरक्षित हो गई और व्यापारी भी। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था के रूप में भी आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी शुक्रवार को हरिद्वार में आयोजित स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की श्री विग्रह मूर्ति स्थापना समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में न अराजकता है, न फसाद है, न गुंडागर्दी है। न कर्फ्यू है, न दंगा है - यूपी में अब सब चंगा है। दंगा और दंगाई, दोनों गायब हो गए हैं। कर्फ्यू दंगाइयों पर लग गया है। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि नीति स्पष्ट थी, नीयत साफ थी। कोई सोचता था कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो पाएगा? लेकिन, आज भव्य राम मंदिर बन गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग अक्सर पूछते हैं कि बिना किसी औपचारिक प्रशासनिक अनुभव के आप उत्तर प्रदेश कैसे चला रहे हैं, तो मेरा उत्तर होता है कि आश्रम व्यवस्था से जुड़ा हूं। प्रशासन कैसे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## योगी राज में यूपी मॉडल देश के लिए बना उदाहरण : धामी



यमकेश्वर/पौड़ी गढ़वाल। पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर स्थित इंटर कॉलेज के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खुले मन से सराहना करते हुए उन्हें सनातन संस्कृति का रक्षक, सुशासन का प्रतीक और प्रेरणास्रोत बताया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि योगी आदित्यनाथ का सानिध्य प्रदेश को बार-बार प्राप्त हो रहा है। वह इसी क्षेत्र की मिट्टी से निकले हैं और उनका इस पूरे अंचल से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। यही कारण है कि वह उत्तराखंड को कभी भूलते नहीं और समय-समय पर यहां के शिक्षा संस्थानों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को मजबूती देने के लिए सहयोग ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फिल्म घूसखोर पंडत के निर्देशक व टीम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रचारित-प्रसारित की जा रही आगामी फिल्म घूसखोर पंडत के निर्देशक के खिलाफ राजधानी लखनऊ के थाना हजरतगंज में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई समाज में वैमनस्य फैलाने, धार्मिक एवं जातिगत भावनाओं को आहत करने और शांति व्यवस्था को भंग करने के प्रयास के आरोप में की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समाज में सौहार्द बिगाड़ने और धार्मिक/जातिगत भावनाओं को आहत करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति और ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देशों के तहत उक्त कार्रवाई की गई।

थाना हजरतगंज के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रचारित हो रही उक्त आगामी फिल्म तथा सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे इसके कंटेंट पर संज्ञान लिया। उनके अनुसार, घूसखोर पंडत नामक आगामी फिल्म का शीर्षक और उसकी प्रचारित सामग्री प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक पाई गई है। एफआईआर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उप्र में एसआईआर के लिए समय बढ़ा

## अंतिम तिथि छह मार्च तक बढ़ी, 10 अप्रैल को प्रकाशित होगा फाइनल ड्राफ्ट

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर चुनाव आयोग ने दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की समय सीमा बढ़ा दी है। अब मतदाता 6 मार्च 2026 तक फॉर्म 6, 7 और 8 भरकर नाम जुड़वाने, संशोधन कराने या नाम कटवाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। पहले यह समय 6 फरवरी तक निर्धारित थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बताया कि राज्य में 27 अक्टूबर से विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जबकि घर-घर गणना कार्य 4 नवंबर से आरंभ किया गया. इसके बाद 6 जनवरी को मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी किया गया था। अंतिम सूची 10 अप्रैल को जारी की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रदेश में एसआइआर की प्रक्रिया 27 अक्टूबर से चल रही है। घर-घर गणना प्रपत्र बांटने व जमा करने का कार्य चार नवंबर से आरंभ हुआ था। इसे पहले एक सप्ताह फिर 15 दिन और बढ़ाया गया था। ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन छह जनवरी को हुआ था। छह जनवरी से ही दावे व आपत्तियां लिए जा रहे हैं। 27 जनवरी की बैठक में राजनीतिक दलों ने समय बढ़ाने की मांग की थी. इसलिए 1 महीने के लिए दावे-आपत्तियों के लिए समय बढ़ाई गई। अब 6 मार्च तक नाम बढ़वाने, सही कराने और कटवाने के लिए फॉर्म भर सकेंगे. चुनाव आयोग अब 27 मार्च तक दावे आपत्तियों का निस्तारण करेगा और अब 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। इसके साथ ही अभी तक 2 करोड़ 37 लाख नोटिस चले गए। 86 लाख 27 हजार मतदाता को दिए गए। 30 लाख 30 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पांच आईपीएस अफसरों का तबादला

लखनऊ। प्रदेश में शुक्रवार को पांच प्रोन्नत आईपीएस अफसरों को नवीन तैनाती दी गयी। आईपीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ रहे अखिलेश कुमार चौरसिया को डीआईजी स्थापना मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उप्र भेजा गया। वहीं पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ उ.प्र लखनऊ रहे घुले सुशील चंद्रभान को डीआईजी एसटीएफ बनाए गए। इसी तरह पुलिस उपमहानिरीक्षक यमुना प्रसाद को डीआईजी पीटीएस मुरादाबाद, आईपीएस हेमराज मीणा को यूपी एसआईएसएफ में डीआईजी बनाया गया। इसी तरह पुलिस उपमहानिरीक्षक/ सेनानायक 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ रहे सचिंद्र पटेल को डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन तैनाती दी गयी है।

# पाकिस्तान की मस्जिद में विस्फोट, 31 की मौत

## 169 लोग घायल, आत्मघाती हमला ने खुद को उड़ाया

एजेंसी



इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक आत्मघाती हमलावर द्वारा खुद को विस्फोट में उड़ा लेने से कम से कम 31 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह भीषण विस्फोट इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित खदीजातुल कुबरा मस्जिद-सह-इमामबाड़ा में हुआ। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आत्मघाती हमलावर को इमामबाड़ा के द्वार पर रोक लिया गया था, लेकिन उसने खुद को विस्फोट में उड़ा लिया। जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि विस्फोट में कम से कम 31 लोग मारे गए और 169 अन्य घायल हो गए। फिलहाल किसी भी समूह ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, पुलिस सूत्रों ने बताया कि हमलावर एक विदेशी नागरिक था और उसके संबंध फितना अल ख्वाराजी से थे। यह शब्द तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इससे पहले, इस्लामाबाद के उपायुक्त इरफान नवाज मेमन ने ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 23.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.00 डिसे. |


**भीतर पढ़ें**

- यूपी के बजट में हो सकती हैं बड़ी घोषणायें (पृष्ठ-02)
- कुत्तों से निजात दिलायेंगे शेल्टर होम व एबीसी सेंटर (पृष्ठ-02)
- सेंसेक्स 83,580.40 अंक पर बंद हुआ (पृष्ठ-14)
- जम्मू-कश्मीर का 1.27 लाख करोड़ का बजट पेश (पृष्ठ-14)
- रुपया 36 पैसे टूटकर 90.70 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने व अमेरिका एवं यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते के बीच नीतिगत दर यथावत

# आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर रखी बरकरार

एजेंसी



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को उम्मीद के अनुरूप नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने और अमेरिका एवं यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते होने के बीच नीतिगत दर को यथावत रखा गया है।

केंद्रीय बैंक की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने का निर्णय लिया। इसके साथ ही आरबीआई ने अपने तटस्थ रुख को बरकरार रखा जिसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव कम हुआ है। समझौते के पहले चरण को अगले महीने तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि बाहरी चुनौतियां बढ़ गई हैं, लेकिन अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का सफल समापन अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। आरबीआई फरवरी, 2025 से रेपो दर में अब तक कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। यह 2019 के बाद से सबसे आक्रामक कटौती है। दिसंबर में हुई पिछली बैठक में आरबीआई ने प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी।

उन्होंने कहा, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और बढ़ती अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वृद्धि और कम मुद्रास्फीति के साथ अच्छी स्थिति में है। मुद्रास्फीति संतोषजनक सीमा से नीचे बनी हुई है और इसका परिदृश्य अनुकूल बना हुआ है। मल्होत्रा ने कहा, यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर सहमति बनने से वृद्धि की रफ्तार लंबे समय तक बनी रहने की उम्मीद है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मुद्रास्फीति में नरमी है और मौजूदा नीतिगत दर उपयुक्त है। भविष्य में नीतिगत दर में बदलाव वृद्धि परिदृश्य और मुद्रास्फीति पर निर्भर करेगा। एमपीसी की घोषणा के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, महंगाई दर विशेष रूप से कीमत वृद्धि का दीर्घकालीन रुख नरम है। यह हमारे अनुमान से भी काफी कम है। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि नीतिगत दर लंबे समय तक निचले स्तर पर बनी रहेंगी। उन्होंने कहा क्या नीतिगत दर में और गिरावट आएगी, यह फैसला मैं एमपीसी पर छोड़ता हूं। जमा पर नीतिगत प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा कि इसका प्रभाव धीमी गति से होता है। मल्होत्रा ने कहा, इसमें सुधार हुआ है। हर नीतिगत बयान के बाद इसमें सुधार हो रहा है। हमें उम्मीद है कि इसमें और सुधार होगा। उन्होंने कहा आज वास्तविक ब्याज दर बहुत कम है। आने वाले समय में हम एक अनुकूल दौर में हैं। मल्होत्रा ने कहा कि व्यापार समझौते... शेष पृष्ठ 14 पर

# महज पूछताछ के लिए नहीं हो सकती गिरफ्तारी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि किसी व्यक्ति को महज पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता और स्पष्ट किया कि पुलिस अधिकारी द्वारा की जाने वाली गिरफ्तारी केवल एक वैधानिक विवेकाधिकार है, जिसे अनिवार्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. के. सिंह की पीठ ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी की शक्ति की व्याख्या एक सख्त वस्तुनिष्ठ आवश्यकता के रूप में की जानी चाहिए, न कि पुलिस अधिकारी की सुविधा के रूप में। न्यायालय ने कहा, इसका यह मतलब नहीं है कि पुलिस अधिकारी महज पूछताछ करने के लिए किसी को गिरफ्तार कर सकता है। हालांकि, इसका अर्थ यह है कि पुलिस अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सात वर्ष तक की कारावास की सजा वाले अपराध के संबंध में जांच संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिए बिना प्रभावी ढंग से आगे नहीं बढ़ सकती। इसके विपरीत कोई भी व्याख्या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35 (1) (ख) और धारा 35(3) से 35 (6) के उद्देश्य को स्पष्ट रूप से विफल कर देगी। पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध अपील की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

# बीबीडीयू में 'विकसित भारत युवा कनेक्ट व युवा संसद -2026' का आयोजन



- युवाओं ने जानी 2047 के स्वर्णिम भारत की राह
- यूथ आइकन दुर्गेश त्रिपाठी ने 'माय भारत' पोर्टल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका पर डाला प्रकाश



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भारत सरकार के 'विकसित भारत युवा कनेक्ट' कार्यक्रम का गौरवशाली आयोजन किया गया। यह पहल बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को विकसित भारत @ 2047 के राष्ट्रीय रोडमैप से जोड़ना और उन्हें सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और यूथ आइकन दुर्गेश त्रिपाठी (राष्ट्रीय अध्यक्ष-युवा विंग, एकल अभियान) का स्वागत कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव ने किया गया। दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना के पश्चात श्री त्रिपाठी ने 'माय भारत' पोर्टल पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल युवाओं के लिए डिजिटल एकीकरण और नागरिक सहभागिता का एक सशक्त माध्यम है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए बनाया गया है। कुलपति डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा में भागीदार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. एस.एम.के. रिजवी (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर एवं चीफ प्रॉक्टर) ने अपने संदेश में युवाओं को 'आत्म-अनुशासन' और 'सामूहिक जिम्मेदारी' का पाठ पढ़ाया, जो एक विकसित राष्ट्र की नींव है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित 'विकसित भारत युवा संसद 2026'* आकर्षण का केंद्र रही। इसमें विश्वविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों पर तर्कसंगत चर्चा की। इस युवा संसद के लिए एक प्रबुद्ध निर्णायक मंडल का गठन किया गया था, जिसमें शामिल थी श्रीमती पल्लवी सिंह (डायरेक्टर, आकार आईएएस), डॉ. आशीष कौशल, डॉ. ममता शुक्ला, डॉ.त्रिशला सिंह , डॉ. आशीष कुमार निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की वाकपटुता, नीतियों की समझ और विकसित भारत के प्रति उनके दृष्टिकोण का सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया।

एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (डॉ.) प्रभाश चंद्र पाठक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि कैसे बीबीडीयू के स्वयंसेवक निरंतर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अग्रणी रहते हैं। इसके साथ ही, कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए 'माय भारत' स्टॉल्स के माध्यम से सैकड़ों छात्रों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया ताकि वे भविष्य में डिजिटल रूप से सरकारी योजनाओं और स्वयंसेवक गतिविधियों से जुड़ सकें।

इस अवसर पर डॉ.प्रशांत( एन.एस.एस. क्षेत्रीयअधिकारी ) एन.एस.एस. बीबीडीयू कार्यक्रम अधिकारीयों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और राष्ट्रगान के साथ आयोजन का समापन हुआ। यह आयोजन बीबीडीयू की उस अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है जिसके तहत हाल ही में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' और 'यातायात प्रबंधन शिविर' जैसे महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान भी संचालित किए गए थे।

# संस्कार व संस्कृति से ही बनेगा समृद्ध उत्तराखंड

विशेष संवाददाता (vol)

- ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक शिक्षा ढांचा डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता
- विद्यालय संस्कार व कौशल विकास के केंद्र भी बनें



**यमकेश्वर/पौड़ी गढ़वाल।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उत्तराखंड दौरे पर पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर स्थित इंटर कॉलेज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भौतिक विकास जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं होता, बल्कि वह केवल आवश्यकताओं की पूर्ति का माध्यम है। वास्तविक और सार्थक विकास वही है, जो अपनी सभ्यता, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों का संरक्षण करते हुए आगे बढ़े। शिक्षा केंद्रों को इसी सोच के साथ स्वयं को तैयार करना होगा, ताकि विद्यालय केवल पुस्तक ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि संस्कार, कौशल और जीवन निर्माण के केंद्र बनें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

नवनिर्मित इंटर कॉलेज भवन के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भव्य शैक्षणिक भवन अब छात्रों व शिक्षकों को समर्पित हो चुका है। शीघ्र ही यहां आवश्यक फर्नीचर सहित सभी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। डबल इंजन की उत्तराखंड सरकार का स्पष्ट फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में भी अत्याधुनिक शिक्षा व स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर है, ताकि विद्यार्थियों को गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन न करना पड़े और वे अपने क्षेत्र में रहकर ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और यह कालखंड केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक व आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छूने का अवसर है। विकास एकांगी नहीं हो सकता, यदि सभ्यता और संस्कृति सुरक्षित नहीं रहेंगी, तो भौतिक प्रगति भी अर्थहीन सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने सनातन परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि गोत्र व्यवस्था, ऋषि परंपरा के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। प्राचीन काल के गुरुकुल केवल अध्ययन के केंद्र नहीं थे, बल्कि कृषि, आयुर्वेद, कौशल व जीवन मूल्यों के प्रशिक्षण के समग्र केंद्र थे। वहां से निकला विद्यार्थी जीवन के किसी भी संघर्ष में स्वयं को असहाय नहीं पाता था। कोई कार्य उसके लिए न छोटा होता था, न कठिन। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में वही व्यक्ति सफल होता है, जो सकारात्मक सोच के साथ अपने पुरुषार्थ व परिश्रम से आगे बढ़ता है। नकारात्मकता व्यक्ति को दुर्गति की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग विद्यालयों में मां सरस्वती की प्रार्थना पर भी सवाल उठाते हैं। मां सरस्वती किसी जाति, मत या संप्रदाय की नहीं हैं, जो मेहनत करता है और सही दिशा में सोचता है, उस पर उनकी कृपा स्वतः होती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इसी सोच को आगे बढ़ाती है कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि स्किल डेवलपमेंट और समग्र व्यक्तित्व निर्माण के केंद्र बनें। मुख्यमंत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 1965 में जब यह इंटर कॉलेज स्थापित हुआ था, तब न बिजली थी, न सड़कें और न आधुनिक साधन। आज गांव-गांव में बिजली, पेयजल, सड़कें और बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध है। यमकेश्वर महादेव मंदिर, जहां पहले पैदल यात्रा ही एकमात्र साधन थी, आज बेहतर संपर्क व्यवस्था से जुड़ चुका है। पहले का विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में था, आज भव्य भवन उपलब्ध है। सरकार ने सुविधाएं दी हैं, अब शिक्षकों का दायित्व है कि शिक्षा की गुणवत्ता को उसी स्तर तक पहुंचाएं और छात्रों का कर्तव्य है कि वे पूरे मनोयोग से अध्ययन करें। विद्यालय केवल शिक्षा के ही नहीं, बल्कि संस्कृति और सभ्यता के भी आधार स्तंभ होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। यहां का युवा देश की सीमाओं की रक्षा करता है और हर क्षेत्र में अपनी प्रभावी भूमिका निभाता है। हिमालय से निकलने वाला जल पूरे उत्तर भारत की भूमि को उपजाऊ बनाता है और देश की खाद्यान्न सुरक्षा में योगदान देता है। सरकार चाहती है कि हर स्तर पर मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित हो, लेकिन उसका सही उपयोग समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने गांवों को पलायन से बचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गांव हमारी सभ्यता की जड़ हैं। जड़ जितनी मजबूत होगी, समाज उतना ही स्थिर और समृद्ध होगा। गांवों को शिक्षा, नवाचार, शोध और आत्मनिर्भरता के केंद्र के रूप में विकसित करना होगा। पहले गांव आत्मनिर्भर थे, सरकार पर निर्भरता न्यूनतम थी।

# कुत्तों से निजात दिलायेंगे शेल्टर होम व एबीसी सेंटर

## कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर योगी सरकार गंभीर

- शेल्टर होम्स के लिए डीपीआर मंजूर, प्रति यूनिट 470 से 531 लाख होंगे खर्च
- प्रयागराज और लखनऊ सहित कई नगर निगमों में भूमि चिह्नित

**लखनऊ।** प्रदेश में आवारा कुत्तों की समस्या और कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं को योगी सरकार ने गंभीरता से लिया है। जन सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर सख्त व ठोस कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने नगर निगमों एवं जनपद मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम व एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर की स्थापना प्रक्रिया तेज कर दी है। शासन स्तर पर इसे प्राथमिकता देते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाही एक साथ आगे बढ़ाई जा रही है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गाइडलाइंस जारी की थीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान मानवीय, वैज्ञानिक व स्थायी तरीके से किया जाए। सरकार का मानना है कि डॉग शेल्टर होम और एबीसी सेंटर की प्रभावी व्यवस्था से जहां एक ओर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर पशु कल्याण को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम क्षेत्रों में पहले से संचालित अथवा प्रस्तावित एबीसी सेंटरों के साथ ही डॉग शेल्टर होम विकसित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि वह उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए और आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करे। शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस व पशु कल्याण से जुड़े मानकों के अनुरूप की जा रही है। सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार प्रति शेल्टर होम 470 लाख रुपये से लेकर 531 लाख रुपये तक लागत आने का अनुमान है। डीपीआर में शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है। शासन स्तर पर इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अगले चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में डॉग शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ नगर निगम में भूमि की उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। वहीं अन्य नगर निगमों से भी सूचना प्राप्त की जा रही है, ताकि पूरे प्रदेश में एक समान व्यवस्था लागू की जा सके।

जनपद मुख्यालयों पर भी एबीसी सेंटर एवं शेल्टर होम की स्थापना को लेकर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। ललितपुर में 12.182 हेक्टेयर, हरदोई में 0.2 हेक्टेयर, बुलंदशहर में 2000 वर्ग मीटर तथा फतेहपुर में 0.769 हेक्टेयर भूमि एबीसी सेंटर एवं डॉग शेल्टर होम के लिए चिह्नित कर ली गई है। शेष जनपदों से सूचनाएं प्राप्त होते ही वहां भी भूमि चिह्नीकरण और परियोजना स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

# गोवंश संरक्षण का राष्ट्रीय मॉडल बनकर उभरा उत्तर प्रदेश

- यूपी में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड 16 लाख निराश्रित गोवंश संरक्षित
- पूरे प्रदेश में 7500 से ज्यादा गोआश्रय स्थल बनाए गए

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। योगी सरकार ने अब तक देश में सबसे अधिक रिकॉर्ड 16.35 लाख निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया है। इससे पहले किसी भी राज्य में गोवंश संरक्षण को लेकर इतनी व्यापक, संगठित और प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई। वर्तमान में उत्तर प्रदेश गोवंश संरक्षण का राष्ट्रीय मॉडल बनकर उभरा है।

योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक प्रदेशभर में 7500 से अधिक गोआश्रय स्थलों का निर्माण कराया गया। जहां निराश्रित गोवंश के लिए चारा, पानी, इलाज और देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। यही नहीं, सरकार ने हर जिले में गो संरक्षण समितियों का गठन करते हुए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को इसका नोडल अधिकारी बनाया, जिससे निगरानी और जवाबदेही मजबूत हुई। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना और पोषण मिशन के अंतर्गत अब तक 1,13,534 पशुपालकों को 1,81,339 गोवंश उपलब्ध कराए गए, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और पशुपालकों की आय में वृद्धि हुई। गोवंश संरक्षण को आजीविका से जोड़कर योगी सरकार ने इसे आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम भी बनाया है। सीएम योगी के नेतृत्व में गो तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया।

बड़े पैमाने पर गो तस्करों की गिरफ्तारी, वाहनों की जब्ती और नेटवर्क तोड़ने की कार्रवाई से प्रदेश में गोतस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ। इससे न केवल गोवंश सुरक्षित हुआ, बल्कि कानून-व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि धरती, कृषि, प्रकृति और मानव जीवन सभी के लिए गोमाता सबसे बड़ा आशीर्वाद हैं।

# जनता सेवा बसों के चालकों-परिचालकों का मानदेय बढ़ा

## ग्रामीण यात्रियों को 20% कम किराये का मिलेगा लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

- 14 पैसे प्रति किमी अतिरिक्त होगा भुगतान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अंचलों में सार्वजनिक परिवहन को अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से संचालित मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत चल रही बसों के संचालन के लिए चालकों व परिचालकों को दिए जाने वाले मानदेय में 14 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इस फैसले से एक ओर जहां ग्रामीण क्षेत्रों में बस संचालन से जुड़े कर्मियों को आर्थिक संबल मिलेगा, वहीं दूसरी ओर आम ग्रामीण यात्रियों को कम किराये में सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा निरंतर उपलब्ध होती रहेगी।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि अब तक मुख्यमंत्री जनता सेवा के अंतर्गत संविदा चालकों और परिचालकों को 2.18 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जा रहा था।

ताजा निर्णय के तहत अब यह दर बढ़ाकर 2.32 रुपये प्रति किलोमीटर कर दी गई है। मानदेय में की गई यह वृद्धि बस संचालकों और सेवा प्रदाताओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी, जिससे ग्रामीण मार्गों पर बसों का नियमित, सुरक्षित और सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत संचालित बसों का किराया साधारण बसों की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत कम रखा गया है। इसका सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले यात्रियों को मिल रहा है, जिन्हें कम किराये में अपने गंतव्य तक पहुंचने की सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण अंचलों में रहने वाले नागरिकों को भी शहरी क्षेत्रों के समान किफायती और सुलभ परिवहन सुविधाएं मिलें। परिवहन विभाग के अनुसार, मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी 20 क्षेत्रों में कुल 395 अनुमन्य मार्गों पर 299 बसों का संचालन किया जा रहा है। यह योजना ग्रामीण परिवहन को सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार का एक बड़ा और प्रभावी कदम मानी जा रही है। इस योजना से ग्रामीण इलाकों में न केवल आवागमन आसान हुआ है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंच भी बेहतर हुई है।

# माघ मेला में 21 करोड़ लोगों ने किया पुण्य स्नान

## संस्कृति-आधारित सुशासन का नया ब्लूप्रिंट बना माघमेला

विशेष संवाददाता (vol)

**प्रयागराज।** संगम तट आयोजित माघ मेला 2026 ने अब तक के अपने सभी माघ मेलों के आयोजन को पीछे छोड़ दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता और सतत निगरानी के चलते इसे मिनी कुंभ जैसी पहचान ही हासिल नहीं हुई बल्कि संस्कृति, सुशासन, सामाजिक समरसता और आत्मानुशासन की अभिव्यक्ति का यह अद्भुत समागम बन गया।

संगम नगरी प्रयागराज में पावन त्रिवेणी के तट पर आयोजित माघ मेला 2026 भारत की संस्कृति पर आधारित गवर्नेंस का ऐसा ब्लू प्रिंट बन रहा है जिसका अन्य कहीं कोई उदाहरण देखने को नहीं मिलता। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज के अनुसार पौष पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ 3 जनवरी से शुरू हुए इस आयोजन के पांच प्रमुख स्नान पर्व सकुशल संपन्न हो जाने के बाद यहां 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती में पुण्य की डुबकी लगाकर अपना संकल्प पूरा कर चुके हैं। अभी आखिरी स्नान पर्व महा शिवरात्रि शेष है। मेला प्रशासन 15 फरवरी को इसके सकुशल समापन की तैयारी में लगा है। पूर्ण अनुशासन के साथ आस्था का जन सैलाब यहां आया और सनातन की बयार की झलक दिखाकर आगे बढ़ गया। कुंभ और महाकुंभ को यदि सनातन के 13 अखाड़ों के वैभव का महा आयोजन माना जाता है तो माघ मेला त्रिवेणी की रेती पर एक महीने तक प्रवास करने वाले कल्पवासियों का समागम। इस बार 5 लाख से अधिक कल्पवासियों ने यहां कल्पवास किया जिन्हें प्रशासन की तरफ से हर तरह की सहूलियत मिली। कल्पवासियों को तीर्थ पुरोहित ही अपने तंबुओं से बने शिविरों में बसाते हैं। पहली बार तीर्थ पुरोहितों के लिए अलग से प्रयागवाल नगर बसाया गया। सभी तरह के जाति, उप-जाति का भेद भुलाकर मां गंगा के पावन जल में स्नान कर इन कल्पवासियों ने अपने संकल्प पूर्ण किए। इस बार का माघ मेला सबसे अधिक विस्तारित क्षेत्र में बसाया गया। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज के अनुसार माघ मेले का इस बार 800 हेक्टेयर तक विस्तार किया गया। मेला क्षेत्र में पहली बार सात सेक्टर और 9 पांटून पुल बनवाए गए। आवागमन सुगम बनाने के लिए मेला क्षेत्र में पहली बार गोल्फ कार्ट सेवा की शुरूआत हुई। बसंत पंचमी तक 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने इसकी सेवा ली। इसके अलावा शहर के अलग अलग हिस्सों से श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र पहुंचाने के लिए बाइक टैक्सी सेवा शुरू की गई।

# यूपी बजट सत्र 9 से, युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए हो सकती हैं बड़ी घोषणायें

विशेष संवाददाता (vol)

- नौ लाख करोड़ रुपये का हो सकता है उत्तर प्रदेश का बजट


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र नौ फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। योगी सरकार इस बार बजट में भारी इजाफा करने वाली है। 11 फरवरी को विधानसभा में पेश होने वाला यूपी सरकार का बजट 9 लाख करोड़ रुपये के आसपास हो सकता है। इस बार बजट में सरकार विकास के साथ-साथ आम आदमी को राहत देने वाली योनजाओं की घोषणाएं की जा सकती हैं। योगी सरकार इस बार के बजट में मुख्य रूप से सड़क, पुल, शहरी विकास, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी ढांचे पर बड़ा खर्च कर सकती है। अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट खुशहाल यूपी पर केंद्रित होगा। अगले वर्ष यानी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार इसके माध्यम से प्रदेशवासियों को कई तोहफे देने की तैयारी में है।

बजट का आकार 9.05 लाख करोड़ रुपये के आसपास रहने का अनुमान है। इस तरह से चालू वित्तीय वर्ष के मूल बजट के मुकाबले करीब एक लाख करोड़ रुपये अधिक होगा। चालू वित्तीय वर्ष के मूल बजट आकार 8.08 लाख करोड़ रुपये का है। इसके बाद सरकार ने 24,496.98 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट भी पेश किया था। गौरतलब है कि पिछले दिनों बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्त विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि लोक कल्याणकारी बजट तैयार किया जाए।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी स्पष्ट तौर पर कहते हैं कि यह बजट सबकी खुशहाली के लिए होगा। इससे साफ है कि बजट अगले वर्ष होने वाले विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी को साधने वाला ही होगा। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा जारी लोक कल्याण संकल्प पत्र में की गई जिन घोषणाओं पर अब तक अमल नहीं हो सका है उसे भी इसी बजट से सरकार पूरा करेगी। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना सोमवार को सुबह 11 बजे सीएम योगी की मौजूदगी में बजट पेश करेंगे। उसके बाद सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी। जो अगले दिन यानी मंगलवार (12 फरवरी) तक जारी रहेगी जबकि 13 फरवरी की दोपहर सीएम योगी के जवाब के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा खत्म होगी। वहीं शनिवार और रविवार के अवकाश के चलते 14-15 फरवरी को कोई बैठक नहीं होगी जबकि विभागीय बजट पर 16-19 फरवरी तक बहस चलेगी।

वहीं विधानसभा का बजट सत्र खत्म होने से पहले 20 फरवरी की दोपहर इसे मंजूरी दी जाएगी।

# विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सुरक्षा व सुविधा में बनाएं संतुलन



- विधान सभा अध्यक्ष ने की सुरक्षा व्यवस्था की उच्चस्तरीय बैठक
- क्यूआरटी, बम निरोधक जांच और यातायात पर विशेष फोकस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सदन के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को सुरक्षा एवं समन्वय से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सत्र के दौरान सुरक्षा प्रबंधों और सुविधा का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष ने आपसी समन्वय से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। बजट सत्र नौ फरवरी से शुरू हो रहा है। विधान सभा अध्यक्ष ने सत्र के दौरान क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की तैनाती, बम निरोधक दस्ता एवं एंटी सबोटाज जांच व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। विधान सभा के सभी प्रवेश द्वारों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा विधायकों के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों के बैठने की समुचित व्यवस्था करने के लिए भी कहा है। इसके साथ ही विधान भवन परिसर में सदस्यों के आवागमन, प्रभावी सुरक्षा जांच तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। महाना ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्र के दौरान सुरक्षा में किसी भी स्तर पर चूक न हो और सभी व्यवस्थाएं समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। लोकतांत्रिक गरिमा और संसदीय परंपराओं की रक्षा के लिए सुरक्षा और सुविधा दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप कुमार दुबे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक के बाद विधान सभा अध्यक्ष के साथ सुरक्षा एवं समन्वय से जुड़े अधिकारियों ने विधान भवन परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने विधान सभा की आधुनिक डिजिटल गैलरी देखी और नवाचार की सराहना की।

# भाजपा सरकार ने कानून व्यवस्था को बर्बाद किया : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। हत्या, लूट, बलात्कार, ठगी, अपहरण की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कानून व्यवस्था पर सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराध की घटनाओं में उत्तर प्रदेश देश में सबसे ऊपर हो गया है। राजधानी लखनऊ में ही हर दिन अपराध की कई कई घटनाएं हो रही हैं। पूरे प्रदेश की हालत बेहद खराब है। हाथरस में एनएच 93 पर बदमाशों ने सेना के जवान अखिलेश चौधरी को दिनदहाड़े गोलियों से छलनी कर दिया। राजधानी के सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र में थार सवार बदमाशों ने युवक को अगवा कर लूट लिया। गोमती नगर में बाइक सवार बदमाशों ने महिला का पर्स लूट लिया। पिछले दो सालों में उत्तर प्रदेश में 108300 लोग गायब हो चुके हैं। इनकी गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज हैं लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल रही है। इधर उत्तर प्रदेश में अपहरण की कई घटनाएं हो चुकी हैं। भाजपा सरकार के पास झूठे आंकड़ों और लफ्फाजी के सिवाय कुछ नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि जिस भाजपा राज में एसपी फरार हो गया हो और एक ऐसा आईएएस भी जो निवेश के नाम पर पांच फीसदी एडवांस लेता था वह भी गायब है तो किसी अन्य गुमशुदा का कौन ढूंढ सकता है? भाजपा की सरकार को भी लापता की लिस्ट में डाल देना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार ने पूरे शासन तंत्र को भ्रष्ट और बर्बाद कर दिया है। आम जनता, महिलाओं, बच्चों दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा भगवान भरोसे है।

संक्षेप

## किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित पिता का आरोप है कि बीती तीन फरवरी की शाम करीब साढ़े चार बजे उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री को गांव का सचिन रजक पुत्र नन्हें रजक बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि किशोरी घर में रखा सवा दो लाख रुपए की नकदी व जेवरात भी उठा ले गयी। एसएसआई अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दुष्कर्म का वांछित धराया भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** दुष्कर्म, पास्को व एससीएसटी एक्ट के वांछित आरोपी को सांगीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। दरोगा राजीव कमल पाण्डेय पुलिसबल के साथ सुबह गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर डभियार तिराहे के पास से आरोपी राजकरन शर्मा पुत्र जोखू निवासी बरेंद को गिरफ्तार किया। एसओ गौरव त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## मवेशी के विवाद में मारपीट का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** मवेशी के विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकरपुर गांव निवासी चन्द्रिका सिंह पुत्र स्व0 शिव बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच फरवरी को सुबह करीब नौ बजे खेत से मवेशी ले जाने के विवाद में गांव की मालती पत्नी ओमप्रकाश यादव ने गाली देते हुए मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## महोत्सव की तैयारियों की आज समीक्षा करेंगे प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को पौने एक बजे बाबा घुइसरनाथ धाम आयेंगे। यहां वह दर्शन-पूजन के उपरांत महाशिवरात्रि पर होने वाले परम्परागत राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह साढे़ग्यारह बजे अगई मोड़ पर कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## आईजीआरएस की बैठक आयोजित

**अमेठी।** जनपद में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आईजीआरएस एकीकृत जनशिकायत निवारण प्रणाली की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक प्रत्येक दशा में जनसुनवाई कर उसका विधिवत अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें तथा सप्ताह तक के प्राप्त व निस्तारित मामलों की समयबद्ध समीक्षा करें।

# प्रभारी मंत्री ने बांटे कंबल

## बजट से निखरेगा यूपी का भविष्य : नितिन अग्रवाल




**श्रावस्ती।** प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल शुक्रवार को एक दिवसीय भ्रमण पर श्रावस्ती पहुंचे। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र, विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय व एसपी राहुल भाटी ने उनका स्वागत किया। गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी के बाद मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर केंद्रीय बजट 2026-27 की बारीकियों को साझा किया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत यह बजट 'आत्मनिर्भर भारत' का सशक्त घोषणा-पत्र है। ?53.47 लाख करोड़ का यह बजट 2047 तक विकसित भारत की नींव रखने वाला है। इसमें कनेक्टिविटी, विनिर्माण और क्षेत्रीय संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए बजट में कड़े प्रावधान किए गए हैं। यह बजट विशेष रूप से देश के युवा, गरीब, किसान और महिलाओं के उत्थान को समर्पित है।

मंत्री ने रेखांकित किया कि बजट में उत्तर प्रदेश को ?4 लाख करोड़ से अधिक मिलने का अनुमान है। इसके तहत दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी रेलवे कॉरिडोर का निर्माण होगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में 41 नए ट्रॉमा सेंटर और पश्चिमी यूपी में नए एम्स की स्थापना होगी। शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में लखनऊ में 'एआई सिटी' और बुंदेलखंड में 'आईआईटी' की स्थापना की जाएगी। वाराणसी में जलपोतों की मरम्मत के लिए पोर्ट बनेगा और प्रदेश के प्रमुख शहरों जैसे लखनऊ, आगरा व कानपुर में मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। बजट की अन्य खूबियां गिनाते हुए उन्होंने बताया कि कैंसर की दवाओं को सस्ता करना, 'लखपति दीदी' व 'गांव की दीदी' योजना, और हर जिले में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण सरकार की प्राथमिकता है। छोटे शहरों में तीर्थ स्थलों का विकास और महात्मा गांधी हैंडलूम योजना की शुरूआत यूपी से होना गर्व की बात है। इसके साथ ही पशुपालन, मत्स्य पालन और बागवानी के जरिए किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

प्रेसवार्ता के पश्चात प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में ही कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। उन्होंने लाभार्थियों से सीधा संवाद कर सरकार की योजनाओं का फीडबैक लिया और कहा कि सरकार आमजन के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर सीडीओ शाहिद अहमद, एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और भारी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत, केस दर्ज

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा उतरासोत गाँव के पास सामने से आ रहे बाहन के जोरदार टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक के भाई के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस की धारा 106 व 281 के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के भांटी बिहार राजेंद्र नगर के निवासी अखण्ड दीप त्रिपाठी पुत्र स्व० सुरेश चन्द्र त्रिपाठी ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि बीते पांच फरवरी को समय लगभग ढाई बजे मेरा भाई ज्ञानदीप त्रिपाठी (27) अपने घर से सहजनवा जाने के लिये डोमिनगढ़ जमुआड़ सड़क से जा रहा था। अभी उतरासोत गाँव के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रहा तेज रफ्तार कार सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उनका भाई ज्ञानदीप व पीछे बैठा उसका साथी अभिषेक बिश्वकर्मा बाइक से नीचे गिर गये। दुर्घटना में उनके भाई ज्ञानदीप का काफी चोट लग गई। अगल बगल के लोगो ने तत्काल 108 न० एम्बुलेन्स से सीएचसी पिपरौली भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर फिर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वहां भी हालत में सुधार नही होता देख परिजन घायल को शहर के एक निजी अस्पताल में लेते गए। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बाइक चोरी, दी तहरीर

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** गोरखपुर जिले के पिपराइच थाना क्षेत्र के सिंहोरिया निवासी प्रभाकर मणि त्रिपाठी पुत्र जनार्दन मणि त्रिपाठी ने चौरीचौरा पुलिस को मोटर साइकिल चोरी की लिखित सूचना दिया है। स्थानीय पुलिस चौरीचौरा सूचना के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है। प्रभाकर मणि त्रिपाठी ने चौरीचौरा पुलिस को लिखित सूचना देकर बताया कि वह 5 फरवरी की रात लगभग 8 बजे स्थानीय थाना क्षेत्र के डुमरी खास (बसन्त टोला) स्थित मैरेज हॉल पर अपनी बाइक हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर खड़ा कर मैरेज हॉल के अंदर चल रहे शादी समारोह में चला गया।जब मैरेज हॉल के बाहर आया तो गाड़ी नदारत थी। गाड़ी किसी ने चोरी कर लिया था।काफी खोजबीन किया। लेकिन पता नहीं चला।112नंबर पर घटना की सूचना दी गई। उसने बताया कि 6 फरवरी को चौरीचौरा थाने पर आकर घटना से संबंधित लिखित सूचना दिया है।

# छापेमारी कर आबकारी टीम ने बरामद की शराब व लहन



**प्रतापगढ़।** आबकारी टीम ने दो गांव में छापेमारी करके बड़े पैमाने पर अवैध शराब व लहन की बरामदगी की है। मामले में तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। आबकारी निरीक्षक लालगंज अशोक कुमार ने पुलिस टीम के साथ शुक्रवार की सुबह क्षेत्र के अझारा व केशवपुर गांव में छापेमारी की। इस दौरान कुल पचास लीटर अवैध शराब व तीन कुंतल लहन की बरामदगी हुई। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि मौके पर लहन को नष्ट कराया गया है। तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जमीन विवाद में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर गांव की शकुन्तला देवी पत्नी अर्जुन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती एक फरवरी को दोपहर करीब एक बजे वह अपनी देवरानी शकुंतला पत्नी रामपियारे सरोज, गुड़ान पत्नी विमलेश सरोज, तारा देवी पत्नी दिनेश सरोज तथा अपनी पुत्री अंतिमा के साथ सगरा सुंदरपुर बाजार से घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में जमीन विवाद को लेकर गहिरी गांव के शिवशरण गुप्ता तथा उसके पुत्रगण अनिल, आकाश व पुत्री अंशू ने जबरन रोककर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खुरपका-मुंहपका से बचाव को टीकाकरण अभियान

**जसवंतनगर, इटावा।** जिला पशु चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में खुरपका व मुंहपका रोग की रोकथाम को लेकर क्षेत्र में व्यापक टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गठित तीन टीमें गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर पशुओं का टीकाकरण कर रही हैं, जिससे पशुधन को इस संक्रामक एवं घातक रोग से सुरक्षित किया जा सके। पशु फार्मासिस्ट प्रमोद चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत धनुआ, फतेहपुरा, नगला तोर, तिजोरा, नगला सलहदी, नगला रामसुन्दर, नगला विशुन सहित कई गांवों में टीकाकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष गांवों में अभियान लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि पहली टीम का नेतृत्व पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रपाल सिंह कर रहे हैं, वहीं दूसरी व तीसरी टीम की जिम्मेदारी डॉ. जितेंद्र सिंह को सौंपी गई है। अधिकारियों ने पशुपालकों से अपील की है कि यदि किसी कारणवश कोई पशु टीकाकरण से छूट गया हो तो उसकी सूचना तत्काल पशु चिकित्सा विभाग को दें, ताकि समय रहते टीकाकरण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण से खुरपका-मुंहपका रोग की रोकथाम संभव है और इससे पशुपालकों को होने वाले आर्थिक नुकसान से भी बचाया जा सकता है।

## जन्म प्रमाण पत्र के बिना स्कूलों में नामांकन नहीं हो रहा

**इटावा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी ने बताया कि यह तथ्य प्रकाश में आया कि जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में निर्धनतम परिवारों के अनेकानेक बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के अभाव के कारण विद्यालयों में नामांकन नहीं हो पा रहा है जिसके निमित्त अभिभावकों को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की एक दुरूह समस्या उनके समक्ष उत्पन्न हो रही है। उक्त समस्या को प्रभावी समयबद्ध एवं स्थायी समाधान हेतु अजय कुमार गौतम, आई.ए.एस. मुख्य विकास अधिकारी ने अपनी सुदूरवर्ती सोच के तहत 12 अगस्त को जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारियों सी.डी.पी.ओ. के साथ एक समन्वयात्मक समीक्षा बैठक कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को सरलीकृत करने और निश्चित समायावधि में निर्गत कराये जाने हेतु सुझाव मांगे गये।

# चारागाह की सुरक्षित जमीन पर हो रहा धड़ल्ले से अवैध निर्माण



- तहसील प्रशासन बना मूकदर्शक

**तिलोई, अमेठी।** विकास क्षेत्र के थाना शिवरतनगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत पन्हौना के राजस्व गांव पट्टीबक्शी मठ में कई दिनों से चारागाह की सुरक्षित जमीन पर अवैध रूप से निजी शौचालय का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पट्टीबक्शी मठ निवासी शिकायतकर्ता त्रिभुवन यादव पुत्र बाबू जो काफी वृद्ध असहाय व मानसिक रूप से कमजोर निःसंतान व्यक्ति हैं। किसी तरह से अपना जीवन यापन कर रहा है। त्रिभुवन यादव ने उपजिलाधिकारी तिलोई को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि मेरे दरवाजे के सामने चारागाह की सुरक्षित खाली जमीन पड़ी हुई है। जिस जमीन पर पड़ोसी पवन यादव पुत्र राज करन द्वारा मेरे दरवाजे के सामने ही जबर्दस्ती शौचालय का बड़ा गड्ढा खोदकर टैंक का निर्माण कर रहा है। पीड़ित त्रिभुवन यादव ने बताया कि वो आज कई दिनों से थाने व तहसील के चक्कर लगा रहा हैं लेकिन अभी तक मामले में जिम्मेदारों की तरफ से कोई भी संतोषजनक कार्रवाही नही की गई है। कारवाई के नाम पर हल्का लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर प्रतिपक्षी गणों को निर्माण न करने के लिए कहा गया है। लेकिन उसके बावजूद भी अवैध रूप से सरकारी जमीन पर निर्माण कर रहे लोंगो के हौसले बुलंद हैं। बुजुर्ग त्रिभुवन यादव ने कहा कि थाने और तहसील में लिखित शिकायती पत्र देने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नही हुई है जिससे विपक्षीगणों द्वारा जबरन उसके घर के सामने चारागाह की जमीन पर शौचालय का निर्माण जारी है।

# नेट व जेआरएफ परीक्षा में मेधावियों की सफलता पर जतायी गयी खुशी



प्रशान्त मिश्र | कुंवर आदित्य सिंह | कार्तिकेय त्रिपाठी

**प्रतापगढ़।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के मेधावियों की सफलता पर लोगों ने खुशी जतायी है। लालगंज क्षेत्र के सारीपुर गांव निवासी प्रशांत मिश्र ने इतिहास विषय में 92 फीसदी अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है। मेधावी की सफलता पर पिता विवेक मिश्र, मां कल्पना मिश्र, पंकज मिश्र आदि ने खुशी जतायी है। वहीं गौखाड़ी निवासी मेधावी कुंवर आदित्य सिंह पुत्र अभय प्रताप सिंह ने अर्थशास्त्र विषय से 95 फीसदी अंक हासिल कर सफलता हासिल की। उधर जेआरएफ परीक्षा में रामगंज तिवारीपुर भोजपुर निवासी कार्तिकेय त्रिपाठी पुत्र सुजीत त्रिपाठी की सफलता पर महंत मयंक भाल गिरि, हरिश्चंद्र त्रिपाठी, संजीत तिवारी, सुधीर तिवारी, आचार्य उपेन्द्र मिश्र, शिवाकांत पाण्डेय, सोनू तिवारी, सुरेश तिवारी आदि ने खुशी जतायी है।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा सख्त सुरक्षा से समझौता नहीं : एसपी



**श्रावस्ती।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए पुलिस और सशस्त्र सीमा बल ने निगरानी अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन चेकिंग और संयुक्त पैदल गश्त की जा रही है, ताकि किसी भी राष्ट्रविरोधी या अवैध गतिविधि पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना मल्हीपुर पुलिस और एसएसबी की टीम ने सीमावर्ती ग्राम असनाहरिया व रोशनपुरवा में संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। इस दौरान टीम ने बॉर्डर के संवेदनशील बिंदुओं की गहन जांच की और आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। पुलिस ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को दें। एसपी राहुल भाटी ने बताया कि सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में नियमित चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने आमजन से अफवाहों से बचने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 या नजदीकी थाने को सूचित करने को कहा गया है।

# विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को सुना



- विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया और इससे सीख लेकर बेहतर तैयारी करने का संकल्प लिया

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज तहसील के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज आजाद नगर में विद्यालय सत्र के दौरान सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा के संबंध में सुझावों को सुना और प्रभावित हुए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री जी द्वारा आयोजित ह्लपरीक्षा पर चर्चाह्वद्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। सभी छात्रों ने इसे अनुशासनपूर्वक और ध्यानपूर्वक सुना। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने, समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच अपनाने पर बल दिया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुझावों को लेकर विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया और इससे सीख लेकर बेहतर तैयारी करने का संकल्प लिया।

# शिकायतों का धरातल पर हो निस्तारण : जिलाधिकारी



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में 'जनता दर्शन' के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निराकरण हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को पंजिका में दर्ज कर निस्तारण के बाद फरियादियों को फोन पर इसकी सूचना दी जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक भटकना न पड़े। डीएम ने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनसमस्याएं निस्तारण के दिये निर्देश



**श्रावस्ती।** एसपी राहुल भाटी ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय में 'जनता दर्शन' का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं को एसपी के समक्ष रखा। जनता दर्शन के दौरान मुख्य रूप से भूमि विवाद, मारपीट, महिला उत्पीड़न और आपसी रंजिश से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों और अधिकारियों को फोन पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर न हो, बल्कि धरातल पर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। एसपी राहुल भाटी ने कहा कि ₹जनता दर्शन₹ का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच की दूरी को कम करना और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना है। उन्होंने मातहतों को चेतावनी दी कि जनसुनवाई में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर में ऑफर लेटर बंटे

**गौरीगंज, अमेठी।** अदाणी एसीसी सीमेंट टिकरिया में ग्रामीण क्षेत्रों के युवा लड़के-लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (सक्षम) का संचालन किया जा रहा है। इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर, आसिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, सिलाई मशीन आपरेटर के साथ-साथ जनरल ड्यूटी आसिस्टेंट (ऋङ्मअ) कोर्स भी संचालित किया जा रहा है।

उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रवीणा शुक्ला एवं अदानी सेमेंट (टिकरिया) स्पोर्ट्स क्लब अध्यक्षा अनुराधा शर्मा ने अदानी स्किल डेवलपमेंट केंद्र ,टिकरिया का निरीक्षण किया एवं सभी प्रशिक्षार्थियों अपने स्किल को निखारने एवं आजीविका हेतु रोजगार के अवसरों से जुडने हेतु मंत्र दिये। निरीक्षण के अंतर्गत उन्होने केंद्र में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का कोर्स पूर्ण कर चुकी दो महिला प्रशिक्षार्थियों को ऑफर लेटर भी वितरित किए। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना एवं स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।



## पुलिस हिरासत में महिला की तबीयत बिगड़ी

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के इटगांव में जमीन और घर की गैलरी से निकलने को लेकर सगे भाइयों के बीच विवाद हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ यह विवाद देखते ही देखते गाली गलौज और मारपीट में बदल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से तीन महिलाओं समेत छह लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई की। सिटी मजिस्ट्रेट के सामने पेशी से पहले हिरासत में ली गई एक महिला की तबीयत अस्पताल पहुंचते ही बिगड़ गई, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया गया।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,**

**कम्प्यूटर केन्द्र, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

**GeM (Custom) Bid: GEM/2026/B/7170216, Dated: 30-01-2026**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्य को GeM के माध्यम से सम्पादित कराये जाने हेतु प्रतिशिठत फर्मों/कम्पनी से आनलाइन निविदायें दिनांक 16.02.2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 16.02.2026 को अपरान्ह 03:30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ द्वारा गठित समिति के सदस्यों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.01.2026 की अपरान्ह 04:30 बजे से दिनांक 16.02.2026 की अपरान्ह 03:00 बजे तक GeM की website https://gem.gov.in से डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह GeM (Custom) Bid अगले कार्यदिवस में उसी समय खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित धरोहर धनराशि (लाख रू. में) (आनलाईन) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Dismantling, Shifting and installation of old Access Point from E-in-C buiding to Annexie Building along with integration with newly installed wireless network at Annexie building O/o E-in-C, Irrigation and water Resources Department, Lucknow. | 17000 | 30 दिवस |

निविदा की विस्तृत नियम/शर्तें तथा तकनीकी बिड/वित्तीय बिड सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की विभागीय वेबसाइट http://www.idup.gov.in तथा GeM की website https://gem.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

अधीक्षण अभियन्ता
कम्प्यूटर केन्द्र

UPID-245528 Date: 06.02.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## सड़क हादसों में छह घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में महिलाओं व युवती सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पहली घटना शुक्रवार दोपहर की है, जब मोहल्ला फक्कड़पुरा निवासी 25 वर्षीय संध्या पत्नी जितेंद्र कुमार एवं 35 वर्षीय अमृत पत्नी स्वर्गीय धर्मेंद्र कुमार तहसील कार्यालय से लौट रही थीं। इसी दौरान ई-रिक्शा की टक्कर से दोनों घायल हो गई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें 55 वर्षीय सोनेलाल पुत्र मातादीन एवं 30 वर्षीय सुखवीर पुत्र रामस्वरूप, निवासी ग्राम धोबई थाना करहल, जनपद मैनपुरी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीसरी दुर्घटना में ग्राम नगला अर्जुन निवासी 40 वर्षीय वृजकिशोर पुत्र अमर सिंह एवं ग्राम डुडहा निवासी 35 वर्षीय राघवेंद्र पुत्र भारत सिंह अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। सीएचसी से सभी छह घायलों को सैफई रेफर किया गया है।

## किशोरी ने खाया जहर

**इकदिल, इटावा।** किसी बात से क्षुब्ध होकर एक किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मोहल्ला चमरेटी के रहने वाले रविन्द्र बाबू के 17 वर्षीय बेटी हेमा ने शुक्रवार सुबह किसी बात छुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देख परिजन लोग उसे बेहोशी की हालात में जिला अस्पताल ले गए।

## राजेश मौर्या बने इंस्पेक्टर

**इटावा।** उप निरीक्षक राजेश कुमार मौर्या को मिली पदोन्नति। राजेश कुमार मौर्या बने इंस्पेक्टर। एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र और एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी ने राजेश मौर्या के कंधे पर स्टार लगाकर और मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं। राजेश मौर्या वर्तमान में नौरंगाबाद चैकी इंचार्ज के पद पर तैनात है।

## एसएसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई इसके बाद निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए। आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक, मेस का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश प्रदान किया। परेड के बाद द्वारा पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोसंरक्षण अभियान को मिलेगा बड़ा आयाम



- ताल नदोर में कान्हा उपवन बनवा रही योगी सरकार
- एक साथ 2000 बेसहारा गोवंश को मिलेगा आश्रय

**घनश्याम कुमार/जिला संवाददाता, गोरखपुर।** गोसंरक्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए प्रदेश के सभी जनपदों में गोआश्रय स्थलों की व्यवस्था की गई है जहां बेसहारा गोवंश को ठौर मिला है। इसी क्रम को विस्तार देते हुए गोरखपुर में योगी सरकार एक वृहद कान्हा उपवन बनवा रही है। यह जिले में अबतक का सबसे बड़ा गोसंरक्षण केंद्र होगा। यहां एक साथ 2000 बेसहारा गोवंश को आश्रय मिलेगा जिससे शहर और आसपास सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित गोवंश की समस्या का समाधान होगा।

गोरखपुर जिले में नगर निगम के महेवा स्थित कान्हा उपवन सहित 34 गोआश्रय स्थल संचालित हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) डॉ. धर्मेंद्र कुमार पांडेय के मुताबिक इन गोआश्रय स्थलों की कुल क्षमता 5000 पशुओं की है। फिलहाल इनमें 4500 गोवंश को संरक्षित किया जा रहा है। एक बड़े गोआश्रय स्थल की आवश्यकता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगम की तरफ से गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में 28.94 करोड़ रुपये की लागत से कान्हा उपवन बनवाया जा रहा है। इसकी क्षमता 2000 पशुओं की होगी। इस कान्हा उपवन का निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम (कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज) की यूनिट-14 द्वारा किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के अनुसार निर्माण कार्य 24 अप्रैल 2025 से शुरू हुआ था। सभी कार्य 23 अक्टूबर 2026 तक पूरा कर लेने का लक्ष्य है।

इस कान्हा उपवन में काऊ शेड, काफ शेड, बर्थ शेड, कार्यालय भवन, भूसा स्टोर, फीड स्टोर तो होगा ही, गोवंश के नियमित चेकअप और बीमार पशुओं के त्वरित इलाज के लिए परिसर के अंदर ही एक डिस्पेंसरी का निर्माण भी किया जा रहा है। काऊ शेड के सामने छोटे पोखरे का निर्माण कराया जाएगा, ताकि पशुओं को पानी की कमी न हो और उन्हें प्राकृतिक माहौल मिले। उल्लेखनीय है कि कान्हा उपवन उसी परिसर का हिस्सा है जहां पशु चिकित्सा महाविद्यालय भी निमार्णाधीन है। इससे बीमार या घायल पशुओं के इलाज की उच्च स्तरीय व्यवस्था भी सुनिश्चित हो जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि वर्तमान में महेवा स्थित 500 गोवंश की क्षमता वाले कान्हा उपवन पर दबाव अधिक है, जिसे देखते हुए ताल नदोर की वृहद कान्हा उपवन की परियोजना बेसहारा गोवंश प्रबंधन के लिए गेम चेंजर साबित होगी।

# अनियंत्रित कार पलटी एक की मौत, कई घायल

भरथना, इटावा। कस्बा अन्तर्गत इटावा-कन्नौज हाइवे पर बीती गुरुवार की रात्रि मंदिर दानसहाय मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खडे एक लोहे के विद्युत पोल, दो नल तोड़ते हुए दुकान समेत उस समय घर में घुस गई, जब कार सवार विधूना की तरफ से किसी समारोह में भाग लेकर वापस लौट रहे थे। कार में चालक समेत कुल पांच लोग सवार थे, हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग कार और घर के मलवे में फंसकर घायल गए। हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने अन्य लोगों की मदद से कार व घर के मलवे में फसे लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला और आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए भरथना चिकित्सालय भिजवाया।

हादसे के सम्बन्ध में बताया गया है कि हाइवे पर दौड़ती कार के सामने अचानक एक गौवंश के आ जाने के कारण कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई और कार एक लोहे का विद्युत पोल, एक इंडियामार्का हैंडपंप, एक सरकारी स्टेंड पोस्ट नल समेत टर्टरनुमा दुकान तोड़ते हुए तेज रफ्तार जोरदार धमाके के साथ एक घर में घुस गई। जानकारी के अनुसार हुंडई कार तेज रफ्तार में थी और अचानक सड़क पर गौवंश के आ जाने पर चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और कार सीधे सड़क किनारे घर में जा घुसी।

कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मकान की दीवार भी क्षतिग्रस्त होकर धराशाई हो गई। हादसे के समय कार में सूर्यांश (28 वर्ष) पुत्र अजय तोमर निवासी इंद्रा कॉलोनी, निखिल पुत्र अनिलेश आईटीआई चैराहा इटावा, पंकज पुत्र सौदान सिंह, अंकित पुत्र अहिवरन सिंह, हरिओम पुत्र नामालुम निवासीगण ग्राम रूपपुरा थाना वैदपुरा इटावा सवार थे। हादसे के बाद कार के चारों एयरबैग खुल गए। सूर्यांश और पंकज कार में बुरी तरह फंस गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। आम लोगों के सहयोग से करीब आधा घंटा की मशक्कत के बाद सूर्यांश और पंकज को बाहर निकाला गया। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सूर्यांश और पंकज की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में ही सूर्यांश की मौत हो गई, जबकि पंकज की हालत नाजुक होने पर उसे सैफई पीजीआई रेफर किया गया। अन्य घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय में जारी बना हुआ है।

# न्यायाधीश ने कचहरी में चलाया स्वच्छता अभियान



**इटावा।** जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने कचहरी परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। कचहरी प्रसाद में संपूर्ण स्थान पर गंदगी के लगे ढेरों को का निरीक्षण किया गया तथा गंदगी को झाड़ू लगाकर साफ किया गया। सफाई जागरूकता अभियान की पहल लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करना व कचहरी परिसर को गंदगी मुक्त बनाना था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्ण कालिक सचिव आरती द्विवेदी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 7 फरवरी को विधिक बैठक जिला जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन की अध्यक्षता में आहूत की गई है जिसमें 22 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम के बारे में विशेष सूचना दी जाएगी। द्विवेदी ने आगे बताया प्राधिकरण के पास 46 स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की लिस्ट है जिनके खिलाफ शिकायत सीधे प्राधिकरण के ऑफिस में अथवा अधिकार मित्रों के माध्यम से की जा सकती है। सफाई जागरूकता अभियान में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार, नगर पालिका ईओ सन्तोष कुमार मिश्रा, डीबीए अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री अरून कुमार गुप्ता और न्यायिक अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सांसद ने टोल पर नाजायज वसूली को लेकर नितिन गडकरी को पत्र लिखा

**इटावा।** सांसद जितेन्द्र दोहरे ने पत्र मे नितिन गडकरी को अवगत कराया है कि इटावा-फरूर्खाबाद मार्ग पर चैबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगापुरा-बख्तियारपुरा चैराहा स्थित नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा बनाया गया टोल प्लाजा बिना मानक के शुरू हो गया। जो की अंशिका इंटरप्राइजेज, बनारस की कंपनी को टोल प्लाजा तीन महीने के ट्रायल पर दिया गया है। जिसमें इटावा कार से किशनी जाने पर 50 रुपये, वापसी पर 80 रुपये। इसी प्रकार बस और ट्रक से किशनी जाने पर 175 रुपये वापसी पर 265 रुपये देना होगा। कमर्शियल वाहन को 190 रुपये, वापसी पर 290 रुपये, ओवर साइज वाहन को 335 रुपये व वापसी पर 505 रुपये देना होगा। कृषि कार्य के वाहनों, ऑटो और बाइक पर टोल नहीं लगेगा। संज्ञान मे लाना है कि एन चआई के अंतर्गत किसी भी हाईवे पर 60 कि.मी के बाद दूसरा टोल बन सकता है जबकि इस टोल से लगभग 30, कि.मी दूर मध्य प्रदेश के जनपद भिण्ड के बरही मे टोल प्लाजा पहले से चालू है। इस टोल प्लाजा को शुरू करने की इतनी जल्दबाजी की गई है कि इटावा और टोल प्लाजा के बीच दतावली नहर पुल, लुहिया नहर पुल पर निर्माण कार्य चल रहा है और आगे भी कई पुल निर्माण का कार्य चल रहा है जो कि टोल शुरू करना मानक के विपरीत है। माँग करते है कि इस टोल प्लाजा की वसूली को तत्काल रोका जाय।

# सीटीईटी परीक्षा सीसीटीवी निगरानी में होगी : डॉ. आनंद



**इटावा।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षासी टीईटी का आयोजन 7 एवं 8 फरवरी को जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में आयोजन किया जाएगा! उक्त जानकारी सीबीएसई के जिला कोऑर्डिनेटर डॉक्टर आनंद ने केंद्र व्यवस्थापकों, ऑब्जर्वर्स के साथ संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल इटावा में आयोजित बैठक में देते हुए बताया कि सीबीएसई द्वारा निर्धारित 16 परीक्षा केंद्रों में से पहले दिन 7 फरवरी को 9 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन सी टी ई टी परीक्षा दो पालियों आयोजित की जाएगी! पहली पाली प्रातः 9.30 से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी वहीं दूसरी पाली 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी! उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए परीक्षार्थी अपने-अपने केंद्रों पर एडमिट कार्ड एवं एक फोटो आईडी के साथ परीक्षा से दो घंटे पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें जिससे समय से परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जा सके! बिना बायोमेट्रिक उपस्थित के परीक्षा केंद्र में प्रवेश संभव नहीं है! परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में सुबह 7.30 बजे से परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रारंभ हो जाएगा! वहीं द्वितीय पाली के लिए दोपहर 12.30 बजे से परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी प्रवेश कर सकते हैं! परीक्षार्थी अपने साथ एडमिट कार्ड एक फोटो आईडी, ब्लू ब्लैक बॉल पॉइंट पेन के साथ पारदर्शी पानी की बोतल ला सकते है! परीक्षा केंद्र पर इन चीजों को लेकर न जाएं! मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड को लेकर न जाएं।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस को लेकर एस डीएम गोला ने की बैठक



**गोला, गोरखपुर।** भारतीय कृमि मुक्त दिवस 10 फरवरी को क्षेत्र के सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूलों एव मदरसों के बच्चो को कृमि मुक्ति अभियान के तहत कैंप लगाकर एक गोली एलमेण्डाजोल खिलाने को लेकर शुक्रवार को एस डीएम गोला अमीत जायसवाल ने तहसील मुख्यालय पर स्वास्थ्य कमीर्यो संग बैठक दी जानकारी। बैठक के दौरान एसडीएम श्री जायसवाल ने कहा कि शासन का निर्देश है कि कोई बच्चा कृमि संक्रमण का शिकार बन कर न रहे, यह अभियान भारतीय कृमि मुक्त दिवस को आगामी 10 फरवरी को मनाया जाएगा। जिसके तहत क्षेत्र के सभी सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों एवं मदरसों पढ़ने वाले कक्षा एक से लेकर पांचवी तक के बच्चो को कैंप लगाकर एक एक एलमेण्डाजोल खिलाया जाएगा जो बच्चे छुट जायेंगे उन्हे पुनः कैंप लगाकर 13 फरवरी को खिलाया जाएगा। आगामी 10 फरवरी एवं 13 फरवरी को सभी विद्यालय अनिवार्य रूप से खुलें रहेगे। बच्चों के साथ सभी शिक्षक की उपस्थिति अनिवार्य है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खण्ड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह सीएच सी अधीक्षक अमरेन्द्र ठाकुर प्रतिनिधि खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि बाल विकास परियोजना अधिकारी वी सी पीएम पूनम मौर्य फील्ड मानिटर डब्लू एच ओ दिनेश यादव आदि सहित दर्जनो स्वास्थ्य एवं ब्लाक कर्मी उपस्थित रहे।

## निकिता मणि के यूजीसी नेट में चयन पर हर्ष

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** लेडी प्रसन्न कौर इंटर कालेज बसडिला के प्रधानाचार्य डॉ दिनेश मणि त्रिपाठी की पुत्री निकिता मणि त्रिपाठी ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए अर्हता परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। निकिता ने अपने इस उपलब्धि को अपने दादा स्व परशुराम मणि त्रिपाठी एवं दादी को समर्पित किया है। उन्होंने कहा उनके इस सफलता में पिता डॉ दिनेश मणि त्रिपाठी, मां, भाई डॉ प्रशांत मणि का समय समय पर मार्गदर्शन मिला।। उनकी सफलता पर महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, विधायक सरवन निषाद, सरदार सुखदेव सिंह मजीठिया, अर्जुन प्रसाद उपाध्याय, प्रांत प्रचारक रमेश, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित श्रीराम जन्मसिंह, पूर्व कुलपति श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी, समाजसेवी रंग नारायण पांडे, नगर अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, महेश्वर प्रसाद त्रिपाठी सहित तमाम लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकली

**भरथना, इटावा।** शिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में ढोल नंगाडों के बीच भ्रमण को निकली मंगल कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का महामंशापूर्ण गंगाधर विश्वनाथ धाम रमायन पर शुभारम्भ हो गया। शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम रमायन स्थित प्राचीन शिव मन्दिर पर मंगल कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ हो गया। पीताम्बर धारण किये महिलाओं व युवतियों ने कलश लेकर विभिन्न देव स्थानों से जल भरकर मन्दिर प्रांगण में स्थापित पाण्डाल में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत कलशों की स्थापना करवायी। तदुपरान्त गणेश पूजन के साथ कथा प्रारम्भ हुई। अध्यक्ष अरविन्द पोरवाल, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव व मंत्री गौरव मिश्रा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कथा 14 फरवरी को सम्पन्न होगी व 15 फरवरी को महाशिवरात्रि कार्यक्रम के साथ 17 फरवरी को विशाल भण्डारा सम्पन्न होगा। कथा का रसपान बाल ब्रहमचारी प्रेमानन्द जी महाराज के मुखारबिन्दु से प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक कराया जायेगा। पदाधिकारियों ने नगर व क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों ने उक्त धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस दौरान यज्ञाचार्य सर्वेश तिवारी, परीक्षित निमितदेव अवस्थी, रोमा अवस्थी, यज्ञपति अखिलेश उपाध्याय, किरन उपाध्याय सहित समस्त व्यवस्थापकों व सहयोगियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## आदर्श स्कूल में अभिभावक गोष्ठी संपन्न

इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय मुहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबन्धक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक बंधुओं ने उपस्थित होकर शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। गोष्ठी में अभिभावक संघ के संयोजक जितेंद्र दुबे दद्दू ने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों व अभिभावकों के साथ विचार विमर्श कर अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहयोग करें और घर पर भी बच्चों को समय दें। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चैहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफिशा, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत, शिखा भारती, नीतू, सुहानी राठौर, श्रष्टि तिवारी आदि स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु भी उपस्थित थे।

# जैतपुर-बोक्टा मार्ग पर भारी वाहनों के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन



**पिपरौली, गोरखपुर।** सहजनवां तहसील क्षेत्र के जैतपुर-बोक्टा मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश के विरोध में शुक्रवार को जैतपुर गांव के ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मार्ग पर बढ़ते जाम, दुर्घटनाओं और आमजन को हो रही परेशानियों को लेकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने हाथ उठाकर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बसपा नेता समरपाल सिंह ने बताया कि तेनुआ टोल प्लाजा पर टोल टैक्स बचाने के उद्देश्य से अक्सर भारी वाहन जैतपुर-बोक्टा मार्ग का उपयोग करते हैं। इससे इस मार्ग पर रोजाना लंबा जाम लग जाता है और क्षेत्रीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों की आवाजाही के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, कई लोग घायल हो चुके हैं और कुछ लोगों की जान भी जा चुकी है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने बैठक कर ह्यजैतपुर बचाओ संघर्ष समिति नामक संगठन का गठन भी किया और तय किया कि सोमवार को एसडीएम सहजनवां को लिखित ज्ञापन सौंपकर इस मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की जाएगी। प्रदर्शन में दुर्गेश कुमार मौर्य, श्रवण कुमार पाल, विनय वर्मा, गोविंद मौर्या, डॉ. संजय सैनी, हरेंद्र मौर्या, सोनू मौर्या, डॉ. पी.के. विश्वास, बदरी मौर्या, हरिरार्म, चंद्रशेखर सिंह, जगन्नाथ, संजय मौर्या, संजीव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मकान में लगी आग, तीन घरों तक पहुंची

जिला संवाददाता (vol)

**इटावा।** शहर थाना कोतवाली क्षेत्र के गाड़ीपुरा मोहल्ले एक मकान में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग एक मकान से शुरू होकर घनी आबादी के कारण दो अन्य मकानों तक फैल गई। इस हादसे में एक युवती की अगले महीने होने वाली शादी के लिए रखा लाखों रुपये का दहेज जलकर पूरी तरह राख हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

गाड़ीपुरा मोहल्ले में अंसार दिलशाद पुत्र निसार के मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में उसने पास स्थित मुस्तकीम और अली दराज के मकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घरों से उठती आग की लपटें और धुएं को देखकर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आए दिलशाद के घर में उनकी बहन की शादी के लिए दहेज का सामान रखा हुआ था। बताया गया कि अगले महीने मार्च में शादी होनी थी, जिसके लिए फ्रिज, फर्नीचर, कपड़े और अन्य जरूरी सामान जमा किया गया था। आग लगने से पूरा दहेज जलकर राख हो गया, जिससे परिवार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन बिजली की लाइन चालू होने के कारण आग पर काबू पाने में दिक्कत आई। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने बिजली की लाइन बंद कराई और कड़ी मेहनत के बाद आग बुझाई। पीड़ित दिलशाद ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है और कहा है कि बहन की शादी नजदीक है, ऐसे में यह नुकसान परिवार के लिए बड़ा संकट बन गया है।

## गैरकानूनी टोल वसूली बंद की जाये : माकपा

**इटावा।** हाईवे इटावा-फरूर्खाबाद पर बख्त्यारपुरा पर नया टोल प्लाजा बनाकर वाहनों से जबरिया अवैध वसूली के विरोध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एवं किसान सभा द्वारा कामरेड मुकुट सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ला से भेंटकर गैर कानूनी प्लाजा और वसूली बंद कराने की मांग उठायी गयी। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 60 किमी के तहत दोबारा टोल टैक्स न वसूलने की घोषणा संसद में की गई है। इसी हाईवे पर चम्बल पार 30 किमी के अंदर बरही पर टोल प्लाजा पहले से चालू है। दूसरा नियम है कि सडक व पुलों के अधूरे निर्माण के दौरान टोल नही वसूला जा सकता है। जबकि 500 मीटर पर लोहियानहर के पुल व सडक तथा भोगनीपुर नहर पुल दतावली का निर्माण अधूरा है। बख्त्यारपुरा टोल प्लाजा गैर कानूनी है। प्रतिनिधि मंडल में माकपा नेता प्रेमशंकर यादव, किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, जिल मंत्रिपरिषद सदस्य डा. शौकीन सिंह, नौजवान सभा के पूर्व अध्यक्ष मनोज राठौर शामिल रहे।

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 108/109/ECTC(L)/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवं पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। **108 कार्य का नाम**:- 220 के.वी. उपकेन्द्र, चिनहट लखनऊ पर विविध जानपदीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत**:- रू. 46.28 लाख **कार्यावधि** :-01 माह **109 कार्य का नाम**:- 132 के.वी. उपकेन्द्र, खुर्रमनगर लखनऊ पर सुरक्षा दीवार की ऊचाई बढाने के जानपदीय निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत**:- रू. 38.29 लाख **कार्यावधि** :- 01 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 23.02.2026 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला / अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 24.02.2026 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।**

''राष्ट्र हित में बिजली बचाए''

(पत्रांक 421/ दि. 05.02.2026)

# कैब चालक कार में बेहोश मिला

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में एक ओला कैब चालक अपने घर से कुछ ही दूरी पर कार के अंदर बेहोशी की हालत में मिला। युवक गुड़गांव में ओला कैब चलाता है और बुधवार रात किसी सवारी को लेकर इटावा आया था। सुबह परिजनों को वह कार में बेसुध मिला, जबकि उसका पर्स और बैग गायब थे। डॉक्टरों ने जहरखुरानी की आशंका जताई है। युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और पुलिस को सूचना दे दी गई है।

घटना थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अड्डा पाय इलाके की है। यहां रहने वाले आकाश पुत्र बृजराज गुड़गांव में ओला कैब चलाते हैं। वह काफी समय से अपने परिवार के साथ इटावा में किराए के मकान में रह रहे हैं। बुधवार रात करीब दस बजे आकाश ने अपने छोटे भाई विकास से फोन पर बात की थी और बताया था कि वह एक सवारी को लेकर इटावा आ रहा है और रात घर पर ही रुकेगा। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। सुबह जब छोटा भाई विकास घर से बाहर निकला तो घर से करीब दो सौ मीटर दूर आकाश की कार खड़ी दिखाई दी। कार के अंदर देखा तो आकाश सीट पर बेहोशी की हालत में पड़ा था। उसे जगाने की कोशिश की गई लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जांच करने पर पता चला कि उसका पर्स और बैग कार में नहीं थे। इसके बाद परिजन घबराकर उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि युवक को नशीला पदार्थ दिया गया है और जहरखुरानी की आशंका जताई जा रही है। उसकी हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन अभी तक उसे पूरी तरह होश नहीं आया है। युवक को उसका छोटा भाई ही अस्पताल लेकर आया था। अस्पताल प्रशासन की ओर से पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक के साथ यह घटना कैसे हुई और पर्स व बैग कहां गए।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

**गोरखपुर।** पर्यटन भवन स्थित कलेक्ट्रेट परिसर उस समय पूरी तरह प्रशासनिक हलचल का केंद्र बन गया, जब मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने जिले के सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यालय का व्यापक, सघन और बिना किसी औपचारिकता के निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने स्पष्ट संदेश दिया कि निरीक्षण केवल नाममात्र का नहीं होगा, बल्कि हर विभाग की एक-एक फाइल खोलकर बारीकी से जांच की जाएगी।

मंडलायुक्त ने अधिकारियों को साथ लेकर विभाग दर विभाग निरीक्षण किया और कार्यप्रणाली पर सीधी नजर डाली। मंडलायुक्त ने भूलेख, कृषि बीमा भुगतान शाखा, संयुक्त कार्यालय, शस्त्र अनुभाग, नजारत आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, निर्वाचन अभिलेखागार, लेखा एवं कोषागार समन्वय शाखा, आपूर्ति विभाग (खाद्य एवं रसद), समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, स्थापना अनुभाग, प्रोटोकॉल अनुभाग और शिकायत प्रकोष्ठ/जनसुनवाई शाखा की भी विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने फाइलों की अद्यतन स्थिति, लंबित प्रकरणों, आदेशों के अनुपालन और दस्तावेजों की गुणवत्ता को स्वयं परखा। पीएफझ्रएनपीएस फाइलों की बारीकी से जांच, कर्मचारियों के हित पर जोर पीएफ और एनपीएस से संबंधित फाइलों की जांच करते हुए अंशदान, कटौती, ऑनलाइन अपडेट और भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तकनीकी खामियों या लापरवाही के कारण किसी भी कर्मचारी का आर्थिक हित प्रभावित नहीं होना चाहिए। लंबित प्रकरणों की सूची बनाकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए।



मंडलायुक्त ने स्वयं भूलेख शाखा से जानकारी लेकर यह देखा कि भूमि अभिलेखों का मिलान किस प्रकार किया जाता है। सत्यापित भूलेखीय आंकड़ों के आधार पर पात्र किसानों की सूची तैयार की जाती है और फिर अन्य मद में आवश्यक धनराशि की मांग का प्रस्ताव शासन को भेजा जाता है।

उन्होंने निर्देश दिए कि भूलेख से प्राप्त जानकारी पूरी तरह शुद्ध और अद्यतन होनी चाहिए, ताकि किसी अपात्र को लाभ न मिले और कोई पात्र किसान भुगतान से वंचित न रहे। यह भी स्पष्ट किया गया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रस्ताव भेजने में किसी स्तर पर अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण में मंडलायुक्त को बताया गया कि वर्तमान में नए शस्त्र लाइसेंस जारी नहीं किए जा रहे हैं। केवल वरासत के आधार पर शस्त्र हस्तांतरण, गैर जनपदों से स्थानांतरित शस्त्र लाइसेंस और शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण ही किया जा रहा है। मंडलायुक्त ने शस्त्र से संबंधित फाइलों को स्वयं देखकर यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रक्रियाएं शासनादेश और नियमों के अनुरूप हों। नजारत शाखा में वित्तीय अभिलेखों, भुगतान आदेशों और बजट प्रबंधन की गहन जांच की गई। मंडलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि वित्तीय मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है।

संक्षेप

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन न देने का लगाया आरोप

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कर्मचारियों ने विवादों की झड़ी लगा दी पेड़ कटने का मामला चल ही रहा था तभी संयुक्त रूप से आउटसोर्स कर्मचारियों ने प्रधानाचार्य पर 7 महीने से वेतन न देने समेत तमाम गंभीर और आपत्तिजनक आरोप लगाते हुए बॉम्बे इंटीग्रेट सिक्योरिटी लखनऊ को शिकायती पत्र दिया है। एक दिन पहले पॉलिटेक्निक कॉलेज में अवैध रूप से कीमती पेड़ काटे जाने का मामला सुर्खियों में है जिसमें विधिक कार्रवाई की जा रही है वहीं आउटसोर्स एमटीएस कर्मचारी अंकित, युवराज दत्त, विपिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, शोभित कुमार, सचिन कुमार समेत सभी कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से प्रधानाचार्य के खिलाफ शिकायतों का पुलिंदा खोल दिया है जिसमें उन्होंने अपने आवास के निजी कार्य शौचालय साफसफाई, छात्रावास की सफाई और कपड़े धुलने जैसे तमाम निजी कार्य जबरन दबाव बनाकर कराने का गंभीर आरोप लगाया है। विरोध करने पर लंबे समय से वेतन का भुगतान न होने पर परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। समाधान के लिए पूछने पर प्राचार्य द्वारा गालियां देने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं तकनीकी शिक्षा के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते विद्यालय में अराजकता का माहौल बना हुआ है।

## जिला सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

सोनभद्र। जिला सतर्कता समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की, जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित जो भी मुकदमे दर्ज हुए हैं, उनसे जुड़े सभी पात्र लाभार्थियों को देय सहायता राशि का भुगतान निर्धारित समय अवधि के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न हो तथा लंबित मामलों की त्वरित कार्रवाई करते हुए भुगतान की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और भुगतान से संबंधित प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, समिति के सदस्य, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य सूचना आयुक्त ने की लंबित आरटीआई अपीलों की समीक्षा




जिला संवाददाता(vol)

● हर जन सूचना अधिकारी का नाम और नंबर हो प्रवेश द्वार पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा हो नियमित : राज्य सूचना आयुक्त

लखीमपुर खीरी। राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी ने शुक्रवार को लखीमपुर खीरी पहुंचकर कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जनपद के जन सूचना अधिकारी और प्रथम अपील अधिकारी के साथ सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लंबित अपीलों और शिकायतों की समीक्षा की। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बैठक का सफल संयोजन किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सूचना आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जन सूचना अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर अवश्य कार्यालय के प्रवेश द्वार पर अंकित होना चाहिए, ताकि आम जनता आसानी से संपर्क कर सके। आयुक्त ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे न केवल विभागीय कार्यों की बैठक आयोजित करें बल्कि सूचना के अधिकार के तहत लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा भी करें, ताकि जनपद में लंबित मामलों की समस्या खत्म हो।

बैठक में आयुक्त ने यह भी जाना कि अधिकारी सूचना प्रदान करने में किन कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और उनके समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। बैठक के अंत में उन्होंने अधिकारियों को यह संदेश दिया कि जनता के अधिकारों के संरक्षण में किसी भी तरह की ढील नहीं बरती जाएगी।

बैठक के अंत में एडीएम ने राज्य सूचना आयुक्त के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि आज की बैठक में जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए उनका अक्षरशः अनुपालन कराया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, एएसपी पश्चिमी, मुख्य कोषाधिकारी अमित कुमार राय, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित प्रथम अपीलीय अधिकारी और सभी जन सूचना अधिकारी मौजूद रहे।

## 200 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का शुभारम्भ



पलियाकलां खीरी। आज इसी क्रम में पलिया शहर में कमल टॉकीज से सीओ ऑफिस दुधवा तिराहा तक दोनों तरफ 2-2 मीटर इंटरलॉकिंग का किया गया शुभारंभ। दुधवा नेशनल पार्क राज्य मार्ग से डिंगानिया तक दोनों तरफ इंटरलॉकिंग कार्य। पलिया हवाई पट्टी मार्ग का कार्य। इसी के साथ जहां पर पुल की आवश्यकता थी निषादनगर में पुल का निर्माण कार्य का भी प्रारंभ किया गया।

## श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ का समापन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के लक्ष्मी नगर कॉलोनी स्थित बाबा धर्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर में आयोजित पंचम दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ का समापन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ। विराम दिवस पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

समापन अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, जिला प्रभारी प्रभात वाजपेई, जिला अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज चाचा, विनीत सिंह भदौरिया, विमलेश मिश्रा सहित क्षेत्र की माताएं और बहनें उपस्थित रहीं। कथा के अंतिम दिवस पर धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने बताया कि पांच दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

# देयताओं में देरी पड़ी भारी, लिपिक मनोज निलंबित



● 10 ब्लॉकों के सफाई कर्मियों के स्थापना कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई, विकास भवन में मचा हड़कंप

लखीमपुर खीरी। सफाई कर्मियों की देयताओं में अनावश्यक विलंब आखिरकार भारी पड़ गया। पंचायती राज विभाग में तैनात लिपिक मनोज शुक्ला को सीडीओ अभिषेक कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। कार्रवाई की खबर मिलते ही विकास भवन में हलचल तेज हो गई।

जानकारी के अनुसार जिले के 10 विकास खंडों में कार्यरत सफाई कर्मियों के स्थापना संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी मनोज शुक्ला के पास थी। लंबे समय से वेतन और अन्य देयताओं के निस्तारण में देरी की शिकायतें मिल रही थीं। पूर्व में चेतावनी जारी कर कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन स्थिति में अपेक्षित बदलाव नहीं आया। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं संज्ञान लिया। प्रारंभिक जांच में लापरवाही की पुष्टि होने पर निलंबन की कार्रवाई कर दी गई। सीडीओ ने साफ कहा कि कर्मचारियों की देयताओं से जुड़े मामलों में ढिलाई किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। सीडीओ के इस कड़े रुख से विकास भवन के अन्य कर्मचारियों में भी संदेश गया है कि समयबद्धता और पारदर्शिता से ही कार्य करना होगा। सूत्रों के मुताबिक, विभागीय कार्यों की समीक्षा अब और सख्ती से की जाएगी, ताकि आम कार्मिकों को अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े। बताते चलें कि सीडीओ ने कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक विशेष दिवस निर्धारित किया है, जिस दिन संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर उनकी शिकायतें सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करते हैं।

# छोटी काशी कॉरिडोर निर्माण की रफ्तार परखी, मई में पूरा करने का लक्ष्य



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने शुक्रवार को गोला पहुंचकर निमार्णाधीन छोटी काशी कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को साफ-सफाई, जल निकासी और जलभराव से निपटने की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग को ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि कॉरिडोर निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग जिलाधिकारी स्तर से की जा रही है और आगे भी सतत निगरानी जारी रहेगी।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि कॉरिडोर का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा मार्च 2026 तक पूरा होना है, हालांकि प्रयास है कि इसे मई माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले सावन माह में आपत्तियों के चलते करीब एक माह कार्य प्रभावित रहा, जिससे कुछ विलंब हुआ। कार्य को गति देने के लिए कार्यदायी संस्था के कर्मियों से नाइट ड्यूटी में भी काम लिया जाएगा, जिसकी व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अगले सावन मेले तक छोटी काशी कॉरिडोर बदले हुए और भव्य स्वरूप में नजर आएगा। जून माह में कॉरिडोर का ट्रायल भी प्रस्तावित है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री की महत्त्वाकांक्षी परियोजना बताते हुए गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने की बात कही और समय-समय पर स्वयं निरीक्षण करने की बात दोहराई। निरीक्षण के दौरान विधायक अमन गिरि, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, मुख्य विकास अधिकारी, पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर कल्याण सिंह, अंजू चैधरी, यूपीपीसीएल के ऋतिक मिश्रा, आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का शुभारंभ




तिकुनियां-खीरी। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा यात्रा के अंतर्गत नेशनल मेडिकोज ऑगेनाईजेशन (एनएमओ) से जुड़े विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सकों द्वारा ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया जा रहा है। यात्रा के सह जिला संयोजक डॉ. सुनील सत्यार्थ ने बताया कि दिनांक 6 फरवरी को कुल 13 गांवों—बेलापरसुआ, कड़िया, भूलनपुर, गंगानगर, टांडा, जसनगर, रायपुर, सुथाना बरसोला, हरद्वाही, बनवीरपुर, चौगुर्जी, लट्ठहुआ और खखरौला—में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण किया गया। इन शिविरों से 32 मजरे लाभान्वित हुए तथा कुल 11,673 मरीजों का उपचार किया गया।

बनवीरपुर में लगे स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल ने लट्ठहुआ एवं चौगुर्जी स्थित स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण किया। यह संपूर्ण सेवा यात्रा प्रांत प्रचारक के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हो रही है। कैंप निरीक्षण के दौरान प्रांत प्रचारक के साथ डॉ अभिमन्यु मिश्र, डॉ. सुनील सत्यार्थ के अलावा आरएसएस के जिला कार्यवाह संजीव, खंड संघचालक प्रेम, खंड कार्यवाह जितेंद्र, सह खंड कार्यवाह हनुमतशरण, खंड प्रचारक आदर्श, राजीव तूफानी, पंकज चचरा, आशीष, प्रभाकर, राजीव पांडेय सहित अनेक कार्यकर्ता एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

## ट्रक कार भिड़ंत में चार की मौत के मामले में चालक पर मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नेशनल हाईवे-730 पर जलालपुर मोड़ के पास गुरुवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में वैगनआर कार और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था। बहराइच जिले के धर्मकुंडा निवासी रमेश सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सुबह करीब सात बजे लखीमपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने जलालपुर मोड़ के पास वैगनआर कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रक का अगला हिस्सा भी टूट गया। हादसे में कार सवार धर्मकुंडा निवासी सुनील सिंह, उनकी पत्नी सुधा सिंह, सुनील के साले संतोष सिंह, संतोष के भाई मुकेश सिंह, पुत्री मानवी और गरेठी निवासी प्रवेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सुनील, सुधा और संतोष सिंह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल मुकेश सिंह ने बाद में लखनऊ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को पूरनपुर क्षेत्र से बरामद कर लिया है और उसे गोला कोतवाली लाने की कार्रवाई की जा रही है। मामले की विवेचना जारी है।

## भारत नेपाल सीमा पर एस एसबी व नेपाल की आर्म्ड पुलिस फोर्स की संयुक्त गश्त

पलियाकलां खीरी। 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, पलिया की समवाय मुख्यालय सुंडा द्वारा भारतझनेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर आर्म्ड पुलिस फोर्स



नेपाल की 34वीं वाहिनी की सीमा चौकी फुलवारी के साथ सीमा स्तम्भ संख्या 741/3 से 741/5 तक संयुक्त गश्त (जॉइंट पेट्रोलिंग) किया गया। उक्त संयुक्त गश्त का उद्देश्य भारतझनेपाल सीमा क्षेत्र में सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ करना, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय, सहयोग एवं विश्वास को और अधिक मजबूत करना रहा। गश्त के दौरान सीमा क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया गया तथा सीमावर्ती क्षेत्र में शांति, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस संयुक्त गश्त में तिलक राज, सहायक कमांडेंट, समवाय प्रभारी सुंडा सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। गश्त के दौरान दोनों देशों के सुरक्षा बलों के अधिकारियों एवं कार्मिकों के बीच सूचना आदान-प्रदान किया गया तथा भविष्य में संयुक्त रूप से प्रभावी सीमा प्रबंधन हेतु सहयोग को निरंतर बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की गई।

## नामांकन जांच में दो पर्चे खारिज, बाकी वैध

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सेंट्रल बार एसोसिएशन के वर्ष 2026 के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 6 फरवरी को चुनाव समिति द्वारा की गई। जांच के दौरान दो प्रत्याशियों के नामांकन पत्र नियमावली के उल्लंघन में पाए जाने पर खारिज कर दिए गए, जबकि अन्य सभी पदों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। जांच में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राकेश कुमार त्रिपाठी के नामांकन पत्र में प्रस्तावक राजेश कुमार एडवोकेट (रजि. नं. यूपी 06797/21) और समर्थक प्रमोद कुमार एडवोकेट (रजि. नं. यूपी 08264/22) की वकालत अवधि सात वर्ष से कम पाई गई। निर्वाचन अधिसूचना नियमावली के अनुसार प्रस्तावक और समर्थक की वकालत कम से कम सात वर्ष होना अनिवार्य है। नियमों के अनुपालन में अध्यक्ष पद के लिए उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। इसी प्रकार संयुक्त मंत्री पद के प्रत्याशी कमल किशोर एडवोकेट के नामांकन पत्र में समर्थक राम सागर एडवोकेट (रजि. नं. यूपी 16005/19) की वकालत अवधि सात वर्ष से कम पाई गई, जिसके चलते उनका नामांकन पत्र भी खारिज कर दिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लाल बिहारी वर्मा ने बताया कि अन्य सभी पदों के प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं और वे चुनाव प्रक्रिया में बने रहेंगे।

## कार में पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर बाल-बाल बचे कार सवार

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के मिजार्पुर सोनभद्र मुख्य मार्ग पर पचोखरा गांव के सामने आगे जा रही अर्टिगा कार में पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर,चालक सहित सात सवार बाल बाल बचे। सोनभद्र जनपद के बैरपन अनपरा निवासी अर्टिगा कार चालक प्रियांशु सिंह 21 वर्ष ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर अपने परिवार के अर्जुन 48 वर्ष,सुमित्रा 40 वर्ष, बृजबिहारी 50 वर्ष, राजपति 46 वर्ष,शितू 18 वर्ष, आरती देवी 48 वर्ष को लेकर मड़िहान थाना क्षेत्र के कोटवा गांव रिश्तेदार के यहां सगाई में जा रहे थे। जैसे ही पचोखरा गांव के सामने पहुंचे ही थे,कि आगे चल रही ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। वहीं पीछे आ रही सीमेंट लदी ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी।संयोग अच्छा रहा कि सभी लोग बाल बाल बच गए।टक्कर लगते ही राहगीरों के साथ ग्रामीण भी मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक को रोक लिए। प्रतापगढ़ हनुमान नगर गहवानी निवासी ट्रक चालक राममिलन 36 वर्ष ने बताया कि सोनभद्र जनपद के डाला से सीमेंट लोड कर प्रतापगढ़ के लिए जा रहे थे।कार के अचानक ब्रेक लगाने से अनियंत्रित होकर पीछे से टक्कर हो गई। पुलिस को सूचना दिए बगैर ही दोनों पक्ष आपस में सुला समझौता हेतु जुटे रहे।

# कूड़ा निस्तारण और नाला सफाई अब होगी तेज, पालिका ने बढ़ाये संसाधन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद ने 15वें वित्त योजना के तहत सफाई व्यवस्था को गति देने के लिए दो ट्रैक्टर, एक ट्रैक्टर फ्रंट लोडर, एक ट्रिपर और एक जेटिंग कम सक्शन मशीन क्रय की है। गुरुवार को पालिका परिसर में इन नए वाहनों का विधिवत पूजन कराया गया।

पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि नए संसाधनों के जुड़ने से कूड़ा निस्तारण, कूड़े के उठान और चोक नालों-नालियों की सफाई का कार्य अधिक तेजी और प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। नगर के विकास के साथ स्वच्छता बनाए रखना प्राथमिक जिम्मेदारी है, और यह खरीद उसी दिशा में एक ठोस कदम है। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा ने बताया कि जेटिंग कम सक्शन मशीन के माध्यम से नालों और सीवर लाइन की गहराई तक सफाई संभव होगी, जिससे जलभराव की समस्या में कमी आएगी। ट्रैक्टर फ्रंट लोडर और ट्रिपर कूड़े के संग्रहण और परिवहन में सहायक होंगे, जिससे सफाई कार्य का समय कम लगेगा और परिणाम बेहतर होंगे। पालिका प्रशासन के अनुसार, इन वाहनों को वार्डवार निर्धारित रूट प्लान के तहत लगाया जाएगा, ताकि शहर के सभी हिस्सों में नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर सभासद राजेश वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, लेखाकार मोहित अवस्थी, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, जेई जलकर आदर्श मिश्रा, जेई सिविल अनिल कुमार यादव, विजय मिश्रा, धीरज बाजपेयी सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## वन दारोगा ने 3 के खिलाफ कराया मुकदमा

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज वनरेंज के वनदरोगा सर्वेश्वर कुमार पटेल ने क्षेत्र के बबुरा खुर्द गांव में मकान के भीतर बरामद किए गए नील गाय (घड़रोज) के मांस के मामले में गुरुवार की देर रात तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में वनदरोगा ने बताया कि गुरुवार सुबह सूचना मिली कि बबुरा खुर्द गांव निवासी दीन मोहम्मद उर्फ लंगड़ के मकान के भीतर किसी जंगली जानवर का मांस रखा है। सूचना पाकर मौके पर घर की तलाशी ली गई तो घर के भीतर एक बोरी में कटा मांस तथा दूसरी बोरी में घड़रोज का पैर व मांस बरामद हुआ।जो करीब चालीस किलो था। वनदरोगा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पशुचिकित्साधिकारी कमलेश कुमार ने घड़रोज का मांस होने की पुष्टि की। वनदरोगा की तहरीर पर पुलिस ने बबुरा खुर्द गांव निवासी दीन मोहम्मद उसके पुत्र राजा बाबू व रूवाज अली उर्फ करिया के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 व 51 तथा बीएनएस की धारा 325 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। कार्यवाहक थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि वनदरोगा की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सब रजिस्टार कार्यालय को अन्यत्र प्रस्तावित करने के निर्णय का अधिवक्ताओं ने किया विरोध

लालगंज, मीरजापुर। तहसील लालगंज में संचालित हो रहा सब रजिस्टार कार्यालय तहसील से हटाकर अन्यत्र 10 किलोमीटर की दूरी पर तुलसी गांव में बनाए जाने का प्रस्ताव पास किया गया है इसके विरोध में उपरौध अधिवक्ता समिति के पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला ने अपने अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्षिक निरीक्षण में पहुंचे जिलाधिकारी को पत्रक देकर याचना किया कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय तहसील में ही संचालित होता रहे। अधिवक्ताओं ने अपनी परेशानी को व्यक्त करते हुए कहा कि यदि तहसील से 10 किलोमीटर दूर रजिस्ट्री ऑफिस हो जाएगी तो अधिवक्ताओं को तहसील से लेकर रजिस्ट्री ऑफिस ग्राम न्यायालय में लंबा भाग दौड़ करना पड़ेगा।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 70 बटुकों का उपनयन संस्कार



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। देवकली तीर्थ स्थित श्रीमती चंद्रकला आश्रम/संस्कृत विद्यापीठ में सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक विधि-विधान और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

आयोजन महंत प्रमोद जी महाराज के मार्गदर्शन में हुआ, जहां परिसर दिनभर वैदिक ऋचाओं और मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा। संस्कार विधि का संचालन आचार्य सुधीर मिश्र, आचार्य सत्यम मिश्र, आचार्य प्रमोद अवस्थी, आचार्य अनिल शुक्ल, आचार्य रवि दीक्षित, आचार्य रवि मिश्र, आचार्य उधव श्याम तिवारी, आचार्य सुनीत मिश्र, राघव राम शास्त्री, बबित दीक्षित, अभिषेक शुक्ल, आशीष, सौरभ अवस्थी सहित अन्य आचार्यों और गुरुकुल के बटुक ब्रह्मचारियों ने किया। इस दौरान 70 बटुकों ने विधिवत यज्ञोपवीत धारण कर वैदिक परंपरा के अनुसार ब्रह्मचर्य जीवन में प्रवेश किया। कार्यक्रम में उपस्थित तपोमूर्ति अंजनी शरण महाराज ने ब्रह्मचारियों को अनुशासन, संयम और गायत्री साधना के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि वैदिक संस्कार जीवन को दिशा देते हैं और समाज के लिए आदर्श निर्माण करते हैं। समापन पर महंत प्रमोद जी महाराज ने सभी बटुकों को गायत्री दीक्षा प्रदान करते हुए जपमाला, आसन और संध्या-वंदन सामग्री भेंट की तथा नियमित साधना का संकल्प दिलाया। आयोजन को सफल बनाने में ठाकुर प्रसाद गंगवार, असीम गुप्ता, राम जी पुरी, सुरेश गुप्ता, अनिल श्रीवास्तव, निर्दोष दीक्षित, सोबरन लाल दीक्षित, कुलदीप वर्मा, विनोद यादव, त्रिभुवन लाल दीक्षित सहित अनेक श्रद्धालुओं का सहयोग रहा।

संक्षेप

## योजना का करायें व्यापक प्रचार प्रसार

आजमगढ़। मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता मे आज कलेक्ट्रेट सभागार आजमगढ़ में मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास मिशन (राज्य सेक्टर) योजना वर्ष 2025-26 अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों के अनुमोदन/अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास मिशन (राज्य सेक्टर) योजनान्तर्गत संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार के 50 हेक्टेयर, पुष्प क्षेत्र विस्तार के 12 हेक्टेयर, लो-कास्ट मशरूम उत्पादन इकाई एचडीपीई वर्मीबेड एवं मौन पालन के कार्यक्रमों का समिति सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास मिशन (राज्य सेक्टर) योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करायें, जिससे की ज्यादा से ज्यादा किसानों मे जागरूकता हो सके। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी, परियोजना निदेशक, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटवा, उप निदेशक उद्यान, आजमगढ़, सचिव मंडी परिषद, जिला अग्रणी बैंक एवं प्रगतिशील कृषक एवं समिति के सचिव/सदस्य जिला उद्यान अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली रैली

आजमगढ़। स्वच्छ सारथी क्लब और मतदाता जागरूकता समिति के अन्तर्गत छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण और मतदाता जागरूकता को लेकर शुक्रवार को मालटारी में निकाली रैली। रैली में एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स के छात्र-छात्राओं सहित अध्यापक और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। रैली में शामिल सभी बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर नारा लगाते हुए चल रहे थे।

## पछुवा हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

आजमगढ़। मौसम की मार अब आम लोगों पर भारी पड़ रही है। शुक्रवार को सुबह से चल रही सर्द पछुआ हवा के झोकों से ठिठुरन और बढ़ गई। गलन भरी ठंड से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। धूप तो निकली, लेकिन सर्द पछुआ हवाओं के आगे धूप बेअसर रही। पूरे दिन लोग कांपते नजर आए। जिले का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

## सफाईकर्मियों ने चलाया सफाई अभियान

आजमगढ़। पल्हनी ब्लाक के एकरामपुर गांव में शुक्रवार को सफाईकर्मियों ने सफाई अभियान चलाया। ग्राम प्रधान की देख रेख में सफाई की गई, रोड के दोनों पटरी पर उगी घास-फूस की कटाई करते हुए सफाई की। झाड़ू लगाने के साथ कूड़ा को हटाया गया। चुना का छिड़काव किया गया। साफ-सफाई करते हुए गुलाब चौरसिया, अभय चौहान, मनोरमा आदि मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर अधिवक्ता हुए मुखर

आजमगढ़। न्यायालयों में भ्रष्टाचार समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता मुखर रहे। विरोध में दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस संबंध में दीवानी न्यायालय अभिभाषक संघ की साधारण सभा की बैठक गुरुवार को संघ भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष प्रभाकर सिंह ने और संचालन संघ के मंत्री अनुराग कुमार दीक्षित ने किया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह, रवि नरायन राय, सुबेदार यादव, ओम प्रकाश मिश्रा, अशोक कुमार पांडेय पूर्व मंत्री अनिल कुमार सिंह, राजेश सिंह पराशर, अशोक सिंह आदि अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया।

## कायाकल्प सभागार का उद्घाटन आज

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान तहसील परिसर में स्थित नवीनतम कायाकल्पित सभागार का शनिवार की सुबह 10 बजे के करीब जिलाधिकारी उद्घाटन करेंगे। मड़िहान उपजिलाधिकारी अनेग सिंह ने बताया कि कई वर्षों से पुराने भवन में संपूर्ण समाधान दिवस के साथ साथ तहसील की बैठक की जाती रही है जिसको देखते हुए बगल में खाली हॉल का काया कल्प, सुंदरीकरण कराकर जिले के अन्य तहसीलों से बेहतर बनाया गया है। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी द्वारा शनिवार को दस बजे के करीब किया जाना है।

# डीएम ने जनगणना की तैयारियों को लेकर की बैठक



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनगणना की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में आगामी जनगणना कार्य को पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपादित किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना कार्य से जुड़े सभी मास्टर ट्रेनर एवं गणना में लगाए जाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रशिक्षण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न आए। जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल जनगणना के सफल क्रियान्वयन के लिए तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा उपकरणों की अग्रिम जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कैलेंडर तैयार कर सभी संबंधितों को समय रहते सूचित किया जाए, जिससे प्रत्येक कार्मिक को ऐप एवं सॉफ्टवेयर के उपयोग की पूर्ण जानकारी हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने जनगणना कार्य हेतु एक अलग कक्ष स्थापित किए जाने के निर्देश भी दिए, जिससे जनगणना से संबंधित व्यय एवं संसाधनों का समुचित प्रबंधन किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मूकल आनन्द पाण्डेय, जिला अर्थ संख्या अधिकारी संतपाल वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रूव गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फर्जी आपत्तियां दर्ज कराने की शिकायत



सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने उपजिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर अवगत कराया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के दूसरे चरण में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फर्जी आपत्तियां दर्ज कराने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। इसी क्रम में विधानसभा 401 रावर्ट्सगंज के बूथ संख्या 14 पर पूरब महाल दलित बस्ती इलाके में फार्म-7 के माध्यम से उन मतदाताओं को मृत और लापता बताकर नाम काटने का प्रयास किया गया, जो जिवित हैं। बीएलओ के सत्यापन में पाया गया कि सभी आपत्तियां एक व्यक्ति की ओर से दी गयी हैं।

पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने पत्रक के माध्यम से बताया कि संज्ञान में आया है कि कुछ लोग फार्म-7 में भिन्न-भिन्न ईपिक नम्बर और मोबाइल नम्बर भरकर फर्जी शिकायत कर नाम काटने हेतु बीएलओ पर दबाव बना रहे हैं और विधानसभा 401 रावर्ट्सगंज के सम्पूर्ण बूथों पर इस तरह के फार्म जो पहले से प्रिंटेड हैं उनका बंडल बनाकर भाजपा के बीएलए बूथों पर शासन सत्ता का भय दिखाकर बीएलओ पर दबाव बना रहे हैं। मांग किया है कि पारदर्शिता पूर्वक प्राप्त सभी फार्म-7 को सार्वजनिक करते हुए समस्त राजनैतिक दलों को अवगत कराया जाय तथा ऐसी फर्जी फार्म आपत्तियां प्रस्तुत करने वालों पर नियमानुसार एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाय जिससे निर्वाचन आयोग की विश्वसनियता कायम रहे और संविधान का पालन हो।

# युवती ने फांसी लगाकर दी जान

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में गुरुवार की देर रात कच्चे मकान के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवती ने आत्महत्या कर लिया। मड़वा धनावल गांव निवासी संतोष प्रसाद केशरी की 20 वर्षीया पुत्री रागिनी केशरी रात में मां संगीता देवी और छोटे भाई अंकित के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। शुक्रवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नही खुलने पर भाई अंकित केशरी ने बहन को दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई। भीतर से कोई प्रतिक्रिया नही होने पर भाई ने खपरैल के मकान की छत से कमरे में देखा तो बहन बड़ेर में दुपट्टे से लटकी हुई थी। बहन को फंदे से लटकता देख भाई के होश उड़ गए।घटना की जानकारी मां को दी। मां की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे अगल बगल के लोगो ने किसी तरह दरवाजे को खोलकर भीतर गए। ग्रामीणों ने युवती को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पिता संतोष प्रसाद परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मैहर दर्शन पूजन करने गए थे। मृतका के भाई की सूचना पर पहुंचे कार्यवाहक थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एस आई मूलचंद वर्मा ने घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी घटना की जांच की। कार्यवाहक थानाध्यक्ष ने बताया कि मड़वा धनावल गांव में युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में कच्चे मकान के भीतर बड़ेर में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी है। घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय बजट 2026 पर दी प्रतिक्रिया

मीरजापुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डा.आकाश उपाध्याय ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आयकर रिटर्न भरने की प्रक्रिया को सरल बनाने का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि बजट में आयकर स्लैब में कोई राहत नहीं मिली, जिससे निराशा हैं। हालांकि आयकर रिटर्न भरने की प्रक्रिया को सरल बनाने का स्वागत किया गया है। उन्होंने ने यह भी जानकारी दी कि नया आयकर अधिनियम 01 अप्रैल 2026 से लागू होगा, जिसमें कर रिटर्न भरने की प्रक्रिया पहले से अधिक आसान हो जाएगी। साथ ही पुरानी पेंशन बहाली के लिए ठोस प्रावधान न होने से शिक्षक एवं कर्मचारियों में असंतोष देखा गया।

## नये ग्राम प्रधान के लिए प्रस्तावित हुआ नाम

मीरजापुर। लालगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत धोबहा देवघटा (सोनबरसा) के पंचायत भवन में हुई बैठक में ग्राम पंचायत सदस्य राम आसरे सिंह को मतदान के बाद ग्राम प्रधान पद के लिए प्रस्तावित किया गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में ग्राम पंचायत के मौजूद 12 सदस्यों में दो सदस्यों ने प्रधान पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। जिसमें कराए गए मतदान में राम आसरे सिंह को 7 मत और निर्मला को 5 मत मिले। दो मतों से विजेता राम आसरे सिंह को प्रधान पद की जिम्मेदारी की बीडीओ आईएएस अंशुल हिंदल ने घोषणा किया। इस अवसर पर धोबहा देवघटा, सचिव अल्केश कुमार मौर्य, एडीओ पंचायत अजय शंकर व ग्रामीण मौजूद रहे। बता दें कि सोनबरसा के ग्राम प्रधान श्याम बहादुर पटेल पर गौशाला संचालन में अनियमितता तथा पशु तस्करी में लिप्त होने के बाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जिस पर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान को पद से मुक्त करते हुए ग्राम सचिव और पशुधन विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद ग्राम प्रधान का पद रिक्त चल रहा था। बीडीओ आईएएस अंशुल हिंदल ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम सदस्यो की हुई बैठक में सदस्य राम आसरे सिंह के नाम का प्रस्ताव पारित कर लिया गया है जिसे अनुमोदन के लिए डीएम के पास भेज दिया गया है।

# कार्यदायी संस्थाएं प्राथमिकता से एफएचटीसी के कार्यों में लायें तेजी



जिला संवाददाता(vol)

- सीडीओ ने जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा, दिए निर्देश

आजमगढ़। मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर एफएचटीसी के कार्यों में तेजी लाते हुए जनपद की प्रगति में सुधार लायें। उन्होने कहा कि कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने की स्थिति में संबंधित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होने कहा कि 90 प्रतिशत से ऊपर के पूर्ण हो चुके कार्यों को 02 माह के अन्दर शत प्रतिशत पूर्ण करायें। उन्होने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जल जीवन मिशन के कार्यों को जनहित के दृष्टिगत गुणवत्तायुक्त पूर्ण करायें। उन्होने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों के गुणवत्ता की जांच टीम गठित कर करायी जायेगी। उन्होने कहा कि कहीं भी जल की गुणवत्ता के सम्बन्ध में शिकायत नही आनी चाहिए। उन्होने कहा कि जल के गुणवत्ता की जांच आईएसए कम्पनियों से करायी जाए।

बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, समस्त कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर, डीपीएमयू एवं टीपीआईए के अधिकारीगण एवं डीडब्ल्यूएसएम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## घर का ताला तोड़कर लाखों का आभूषण उठा ले गये चोर, पीड़ित ने दी तहरीर



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज क्षेत्र के गलरिया गांव में शुक्रवार दोपहर घर सूना देखकर हौसला बुलंद चोर घर के भीतर आलमारी में रखे लाखों का आभूषण चोरी कर ले गए।

घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी ने पुलिस को सूचना दी। गलरिया गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह अपने भतीजे बृजेश प्रताप के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए घर से करीब एक किलोमीटर दूर उनके घर पर परिवार के सभी सदस्यों के साथ गए थे। उसी दौरान चोर घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर घुस गए।चोर घर के भीतर रखी आलामारी का लाक तोड़कर उसके भीतर श्रृंगार दान में रखा सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, कान की बाली और झुमका, सोने की मनचली, चार नग सोने की अंगूठी,चांदी का पायल और बिछिया उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी की पत्नी पूनम सिंह के होश उड़ गए।

सूचना पर पहुंचे एसआइ विनोद कुमार सिंह, रमेश यादव, पुनीत गुप्ता ने घटना की जांच की। गृहस्वामी प्रमोद कुमार सिंह ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कार्यवाहक थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गलरिया गांव में हुई चोरी की घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर मिली है चोरी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में सभी कागजातों के साथ बूथों पर रहेंगे उपस्थित



सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी बीएन सिंह ने बताया है कि जिले में स्थापित मतदाता केन्द्र पर बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक सभी कागजातों के साथ उपस्थित रहेंगे। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सहायता केन्द्र पर पात्र नागरिकों को मैपिंग तथा दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित फार्मों को भरने में सहायता प्रदान की जायेगी। आयोग के निदेर्शानुसार प्रत्येक मतदेय स्थलों पर मतदाता सहायता केन्द्र (टवजमत ेपेजंदबम ब्मदजमत) स्थापित किए जाने एवं उपरोक्त सामाग्रियों सहित बूथ लेवल अधिकारियों की प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक उपस्थित रहें।

## ऐश ब्रिक्स की पहली खेप को किया रवाना



सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल ने डीलरशिप मोड के अंतर्गत ऐश ब्रिक्स की पहली खेप को रवाना कर एक महत्वपूर्ण सतत सस्टेनबिलिटी उपलब्धि हासिल की। यह ऐतिहासिक पहल संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) के नेतृत्व में एजे राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), सतेंद्र सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन) तथा रुमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। यह पहल फ्लाई ऐश के प्रभावी उपयोग, सर्कुलर इकोनॉमी को सशक्त करने तथा डीलरशिप आधारित विपणन प्रणाली के माध्यम से बाजार पहुँच को विस्तारित करने की दिशा में मील का पत्थर है। इस पहल को सफल बनाने में सीसी-ओएस टीम के उत्कृष्ट सहयोग और समन्वय की विशेष सराहना की गई।

# फरवरी के खाद्यान्न वितरण स्केल में परिवर्तन

## अब प्रति यूनिट 1 किग्रा गेहूं और 4 किग्रा चावल होगा वितरित

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता ने बताया है कि माह फरवरी 2026 हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत गेहूं एवं चावल के वितरण स्केल में परिवर्तन किया गया है। अपर आयुक्त के उपर्युक्त निर्देश के अनुपालन में जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों से अपील की गयी है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजनान्तर्गत माह फरवरी,2026 के वितरण स्केल में परिवर्तन किया गया है।

बताया कि अन्त्योदय कार्ड धारकों को खाद्यान्न की देय मात्रा प्रति कार्ड वर्तमान में गेहूं की मात्रा 14 किग्रा0 परिवर्तित मात्रा 10 किग्रा, चावल का मात्रा 21 किग्रा0 तथा परिवर्तित मात्रा 25 किग्रा0 है। इसी प्रकार से पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को खाद्यान्न की देय मात्रा प्रति यूनिट गेंहॅ वर्तमान में 02 किग्रा0 परिवर्तित 01 किग्रा0 तथा चावल का मात्रा वर्तमान में 3 किग्रा0 तथा परिवर्तित मात्रा 04 किग्रा0 निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दृष्टिगत जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत पात्रता सूची में सम्मिलित समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारको को सूचित किया जाता है कि माह फरवरी,2026 हेतु अन्त्योदय योजना के कार्डधारक प्रति कार्ड 25 किग्रा0 चावल एवं 10 किग्रा0 गेहॅू तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारक प्रति यूनिट 04 किग्रा0 चावल एवं 01 किग्रा0 गेहॅू संबंधित उचित दर की दुकान से निःशुल्क प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

उक्त निःशुल्क वितरण में हो रही किसी भी प्रकार की शिकायत के सम्बन्ध में जिला पूर्ति कार्यालय अथवा संबंधित उपजिलाधिकारी कार्यालय या विभागीय टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 पर की जा सकती है। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वह माह फरवरी 2026 के लिए आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करना सुनिश्चित करें। वितरण में प्राप्त किसी भी प्रकार की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## एमडीए अभियान का जनपद व ब्लॉकस्तरीय अधिकारी कर्मचारी स्वयं दवा खाकर करें उद्घाटन

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी के अध्यक्षता में जनपद में फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 02 ब्लॉकों ककराही, घोरावल में 10 से 25 फरवरी,2026 तक एमसीए कार्यक्रम चलाया जाना है। एमडीए अभियान के दौरान घर-घर जाकर 02 वर्ष के ऊपर की समस्त आबादी को डी०ई०सी० आईवरमेक्टिन एवं अल्बेन्डाजोल की टैबलेट आयुवर्ग के अनुसार खिलायी जायेगी दवा खिलाये जाने हेतु कुल 573 टीमें बनायी गयी है, प्रत्येक टीम में 02 सदस्य होगे जो सप्ताह के 04 दिन सोमवार, मंगलवार, गुरूवार तथा शुक्रवार में प्रत्येक दिन लगभग 20 से 25 घरों में दवा खिलायेगें टीम के निरीक्षण हेतु कुल 106



सुपरवाइजर लगाये जायेगे प्रत्येक सुपरवाइजर 05 से 06 टीमों का निरीक्षण करेगे। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने द्वितीय अर्न्तविभागीय बैठक 06 फरवरी,2026 को समय-11 बजे से मुख्य विकास अधिकारी सभागार में आयोजित की गयी। वी०बी०डी० कन्सल्टेंट द्वारा पी०पी०टी० के माध्यम से आई०डी०ए० प्रोग्राम की तैयारियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबन्धित विभागी, अधीक्षकों को निम्न निर्देश दिये गये ब्लॉक ककराही, घोरावल के अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बी०सी०पी०एम०, बी०पी०एम० को निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित करे कि माइक्रोप्लान के अनुसार प्रत्येक टीम फील्ड में नियत समय लगभग 10 बजे से मूव करे, शेष बची डी०ए० एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण 7 फरवरी,2026 तक पूर्ण करा ले तथा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि टीम द्वारा अपने सामने दवा खिलाई जाये, दवा वितरण से बचे एवं प्रचार प्रसार के माध्यम से दवा न खाने वाले लोगों को जागरूक करे व दवा खिलाये, खाली पेट किसी को भी दवा का सेवन न कराया जाये, 10 फरवरी,2026 को दोनो ब्लॉक-ककराही, घोरावल में बड़ी संख्या में लोगों को एकत्र कर तथा जनपद एवं ब्लॉकस्तरीय अधिकारी कर्मचारी स्वयं दवा खाकर उद्घाटन कराना सुनिश्चित करें। सभी सरकारी कार्यालयों में जो ब्लॉक के अन्तर्गत स्थित है बूथ लगाना सुनिश्चित करे। अन्य विभागों जैसे ग्राम विकास विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग इत्यादि से फाइलेरिया अभियान में ज्यादा से ज्यादा कवरेज हेतु अपेक्षित सहयोग की बात की गयी। सभी ग्राम प्रधान अपने-अपने गाँवों में स्वयं दवा खाकर अभियान का शुभारम्भ करेगें तथा अन्य लोगों को भी दवा खाने हेतु जागरूक करेगे। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि बच्चों को फाइलेरिया के विषय में बताये तथा उससे बचने हेतु दवा खाने के लिये प्रेरित करें। बैठक में समस्त अपर / उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी वी०बी०डी०. कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी समस्त अधिकारी/कर्मचारी, पाथ पी०सी०आई० के डी०सी० कोआर्डिनेटर जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र जिलाकार्यक्रम अधिकारी आई०सी०डी०एस०, बेसिक शिक्षा विभाग के डी०सी० तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक उपस्थित रहे।

# तेरह दिन बाद भी परिषदीय विद्यालय में हुई चोरी का नहीं दर्ज हुआ मुकदमा



मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय मड़िहान में तेरह दिन पहले ताला तोड़कर इलेक्ट्रानिक उपकरणों की हुई चोरी की शिकायत के बाद भी थाने में नहीं दर्ज हुआ मुकदमा।

कंपोजिट विद्यालय मड़िहान की प्रधानाध्यापिका विनीता सिंह ने 24 जनवरी को मड़िहान थाने में लिखित तहरीर दी थी कि उनके विद्यालय के एक कक्ष का ताला 23 जनवरी की रात तोड़कर उसमें रखे हजारों रुपए की लागत के इलेक्ट्रानिक उपकरण में चार एक्साइड ट्यूबलर बैटरी,5.2 के वि ए का इनवर्टर,गोदरेज कंपनी की एक एसी ,दो कैमरे चोर उठा ले गए है।जिसकी सूचना 112 पुलिस को भी दी गई थी।मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस जांच कर वापस लौट गई। मड़िहान थाने में 24 जनवरी को लिखित तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब तक नहीं समझा। प्रधानाध्यापिका के पति अनिल सिंह (ग्रीन गुरु जी) ने बताया कि पत्नी विनीता सिंह की अभी तबीयत खराब है। उनको थाने पर ले जाकर लिखित तहरीर दिलवाया था।तहरीर देने के बाद भी मड़िहान पुलिस मौके पर भी नहीं पहुंची।अदानी फाउंडेशन ने लाखों रुपए खर्च कर विद्यालय में सोलर प्लेट के साथ बैटरी,इनवर्टर बच्चों के आनलाइन शिक्षा हेतु इंट्रेक्टिव पैनल लगवाया था।परंतु कुछ ही महीने बाद अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर उक्त सामान उठा ले गए।जिससे बच्चों के पठन पाठन पर असर पड़ रहा है।चोरी की सूचना खंड शिक्षाधिकारी के साथ अदानी ग्रुप को दे दी गई है। विद्यालय के सहायक अध्यापक कुलदीप सिंह ने बताया कि कुल 192 बच्चों का नामांकन दर्ज है।विद्यालय में लगाए गए इंट्रेक्टिव पैनल पर बच्चों को किताबी ज्ञान के ऊपर देश दुनिया की जानकारी देने में आसानी होती थी।और बच्चे भी जल्दी सीखते थे।छात्रों में सुजीत, साक्षी, रंजना, कृष्णकुमार, संजना, रिया, अरुण, श्यामजी ने बताया कि सोलर लाइट और इनवर्टर की लगने से लाईट व्यवस्था मिलती रहती थी। टच स्क्रीन इंट्रेक्टिव पैनल पर आराम से किसी भी जानकारी को प्राप्त कर सीखने में सहायक था।परंतु विद्युत उपकरण चोरी हो जाने के चलते अब लाइट नहीं मिलने के चलते कक्ष को बंद कर दिया गया है।जिसके चलते पढ़ाई भी बाधित हो रही है।पहले जहां स्क्रीन पर पढ़ाई होती थी।वही आज फिर से ब्लैक बोर्ड पर पढ़ना पड़ रहा है।

## आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवेश शुरू

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने अवगत कराया है कि जनपद में चार जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों (पूर्वनाम राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) 1. उरमौरा, रावट्र्गंज, 2. घोरावल 3. गुरमुरा (ओबरा) एवं 4. दुद्धी, सोनभद्र में शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6, 7, 8, एवं 9 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु परीक्षा सम्पन्न कराये जाने व कक्षा 11 में रिक्त सीटों पर कक्षा 10 में प्राप्तांक पर आधारित मेरिट लिस्ट तैयार कर प्रवेश कराया जाना है आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 20 फरवरी,2026 तक, परीक्षोपरान्त पात्र आवेदको की सूची प्रकाशन तिथि 25.02.2026, प्रवेश परीक्षा आयोजन की तिथि 15 मार्च,2026 सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ 23 मार्च,2026 तक है। शासन के निदेर्शानुसार रिक्त सीटों को 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए प्रवेश की व्यवस्था है। चारों जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक अभिभावक अपने पाल्य हेतु आवेदन-पत्र सम्बन्धित विद्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है अथवा वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर प्रवेश पत्र सम्बन्धित विद्यालय से 25 फरवरी,2026 को प्राप्त कर सकते है।

## चौपाल में साइबर सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

आजमगढ़। जहानागंज थाना क्षेत्र के गोधैरा गांव में शुक्रवार को पुलिस ने चौपाल लगा कर गांव के लोगों को साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। महिला सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी वरुणेश मिश्रा ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं के साथ उनके अभिवावकों को महिला अधिकारों, सम्मान, सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उप निरीक्षक वकील सिंह ने महिला सुरक्षा से सम्बन्धित टोल फ्री नम्बरों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सतेंद्र यादव साइबर अपराधों के नए-नए तरीकों, उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा की।

संक्षेप

## निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 8 से 26 तक

कुशीनगर। जिलापूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल ने बताया कि खाद्य आयुक्त, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा निर्गत निदेशों के क्रम में जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियमझ2013 के अंतर्गत माह फरवरी 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण दिनांक 08 फरवरी 2026 से 26 फरवरी 2026 के मध्य कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि वितरण से पूर्व जनपद की समस्त उचित दर दुकानों पर उपलब्ध खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में संबंधित उपजिलाधिकारी द्वारा कराया जाएगा। साथ ही, नोडल एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारियों द्वारा अपनी देख-रेख में खाद्यान्न वितरण कार्य को पारदर्शी, सुचारु एवं समयबद्ध ढंग से सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।उ राशन कार्डधारकों को प्रति कार्ड 10 किलोग्राम गेहूँ एवं 25 किलोग्राम मिलेगा।

# उप मुख्यमंत्री के जनपद आगमन पर मजिस्ट्रेटों की हुई तैनाती

कुशीनगर। उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य का 07 फरवरी 2026 (शनिवार) को जनपद कुशीनगर का प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। उप मुख्यमंत्री जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा से संरक्षित हैं। उनके भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।उप मुख्यमंत्री के आगमन एवं प्रस्थान के दौरान एयरपोर्ट, फ्लीट मूवमेंट एवं विभिन्न कार्यक्रम स्थलों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। एयरपोर्ट की बाहरी सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश द्वार तथा फ्लीट के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कसया संतराज एवं डिप्टी कलेक्टर मो० जफर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये अधिकारी एयरपोर्ट पर आगमन से लेकर प्रस्थान तक पुलिस बल से समन्वय स्थापित करते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उप मुख्यमंत्री के फ्लीट के साथ रहकर उन्हें लैंडिंग स्थल से कार्यक्रम स्थल बीबीके एजुकेशनल एकेडमी, तमकुहीराज/ग्राम चौपाल मैदान, कुशीनगर, इसके उपरान्त पावानगर महावीर इंटर कॉलेज, फाजिलनगर तथा विकास भवन, रविन्द्र नगर तक सुरक्षित पहुंचाने एवं कार्यक्रम समाप्ति के बाद पुनः लैंडिंग स्थल तक ले जाने की जिम्मेदारी भी संबंधित मजिस्ट्रेटों को सौंपी गई है। कार्यक्रम स्थल बीबीके एजुकेशनल एकेडमी, तमकुहीराज/ग्राम चौपाल मैदान पर उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा, पावानगर महावीर इंटर कॉलेज, फाजिलनगर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) प्रेम कुमार राय तथा विकास भवन, रविन्द्र नगर पर उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना ऋषभ पुण्डीर को कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। सभी नामित अधिकारी अपने-अपने कार्यस्थलों का पूर्व निरीक्षण करेंगे तथा ड्यूटी प्वाइंट पर निर्धारित समय से कम से कम दो घंटे पूर्व पहुंचकर पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस बल से समन्वय स्थापित करेंगे। किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल व्यवस्था पूर्ण कराई जाएगी। सम्पूर्ण क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्र को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जबकि सम्पूर्ण भ्रमण कार्यक्रम के लिए मुख्य विकास अधिकारी सुश्री वन्दिता श्रीवास्तव को नोडल/प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। जिला प्रशासन द्वारा उप मुख्यमंत्री जी के भ्रमण को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

## बरहज तहसील अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण



बरहज,देवरिया। अधिवक्ताओं का दायित्व है कि वह समाज के सामने न्याय की स्वच्छ तस्वीर पेश करें। जिससे पीड़ितों को न्याय मिल सके। आमजन को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाना अधिवक्ता समाज का दायित्व है।यह बातें मुख्य अतिथि विधायक दीपक मिश्र शाका ने अधिवक्ता संघ बरहज के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण के अवसर पर तहसील परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। समारोह को संबोधित करते हुए गेना लाल यादव ने कहाकि आम आदमी को न्याय दिलाने के लिए बार व बेंच के बीच समन्वय जरूरी है। अधिवक्ता आम गरीब, कमजोर को न्याय दिलाने का काम करें।अध्यक्षता आश्रम पीठाधीश्वर अंजनेय दास महाराज ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जिसके बाद मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष चंद्रगुप्त यादव, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र वर्मा, महामंत्री अमरेश यादव, कनिष्क उपाध्यक्ष त्रिपुरेश मिश्र, संयुक्त मंत्री मुरारी कुमार भारती, कोषाध्यक्ष संजय कुमार यादव,वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य भारतेंदु कुमार बिसेन, चंद्रभान चौरसिया, चंद्रभूषण यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, सुधीर कुमार मिश्र और कनिष्क कार्यकारणी हेतु कुमारी धात्री पूजिता यादव, ओमकार कुमार उपाध्याय, मनीष कुमार पाल, नंद किशोर चौहान, सत्य प्रकाश मालवीय को शपथ दिलाई।

## पांचवें दिन भी समान न्याय संघर्ष समिति ने भरवाया मांगपत्र



देवरिया। यूजीसी रेगुलेशन 2026 एवं अन्य अन्यायपूर्ण कानूनो को समाप्त करने हेतु समान न्याय संघर्ष समिति ने सम्पूर्ण जनपद में चलाए जा रहे ₹मांगपत्र अभियान₹ हेतु आज पांचवे दिवस में सुभाष चौक पर कैंप लगाया जहां लगभग लोगो ने अपनी बात महामहिम तक पहुंचाने के लिए मांगपत्र भरा। आज सुभाष चौक पर लगभग 600 से अधिक एवं पूरे जनपद से लगभग 3200 से अधिक मांगपत्र भरा गया। यह मांगपत्र आगामी 16 फरवरी को देवरिया के चंडिका छात्रावास के मैदान में होने वाले महापंचायत के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को जिला प्रशासन द्वारा भेजा जाएगा।इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने यूजीसी रेग्युलेशन 2026 को समाज को तोड़ने वाला बताया। सदस्यों ने आम लोगों से यूजीसी बिल के विरोध में संवाद करते हुए मांग पत्र भरने के लिए प्रेरित किया।आज सुभाष चौक पर मांगपत्र प्रमुख रूप से अरुण कुमार मिश्र, संजीव मिश्र, अमित तिवारी, अनील सिंह बबलू, मानवेंद्र तिवारी, सनत पांडेय डब्बू, सच्चिदा सिंह राना, मार्कण्डेय पति तिवारी, भरत मणि त्रिपाठी, अमूल्य रत्न मणि त्रिपाठी,आस्तिक तिवारी, सुनील तिवारी, रविकांत दुबे, किफायतुल्लाह खान, मोहम्मद चांद खान, इमरान शेख, कृष्ण मुरारी सिंह, रामेश्वर पांडेय, समीर पांडेय, मार्कण्डेय शंकर तिवारी, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।

## नोनापार में सामाजिक दायित्व के तहत कंबल वितरण, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता



भटनी (देवरिया)।स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनापार स्थित मणिनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में सोमवार को सामाजिक दायित्व के निर्वहन के उद्देश्य से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य आयोजक गिरधारी तिवारी, भाजपा नेता एवं समाजसेवी, के नेतृत्व में अपराह्न 3 बजे से किया गया, जिसमें क्षेत्र के गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित कर ठण्ड से राहत प्रदान की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य रतन पाल सिंह व क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र चौरसिया की उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेमनारायण सिंह अपर जिलाधिकारी, प्रशासन, सुनील कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, देवरिया, दिशा श्रीवास्तव उपजिलाधिकारी, सलेमपुर, अंशुमान श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी, भाटपाररानी एवं अल्का सिंह तहसीलदार, सलेमपुर सहित थानाध्यक्ष मृतुन्जय राय की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत आयोजक गिरधारी तिवारी द्वारा माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से कंबल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# तीन पशु तस्कर गिरफ्तार ,चार गौवंशीय पशु और तमंचा बरामद, एक के पैर में लगी गोली



देवरिया,6फरवरी। जनपद में पशु तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भाटपार रानी और बनकटा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान पशु तस्करी में संलिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से तस्करी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन, चार गौवंशीय पशु तथा एक देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया है।मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने के बाद उसे दबोच लिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थानाध्यक्ष भाटपार रानी उ0नि0 अभिषेक कुमार राय एवं थानाध्यक्ष बनकटा उ0नि0 विशाल कुमार अपनी-अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की सघन चेकिंग कर रहे थे।इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बनकटा-अमेठिया मार्ग के ऐंठी के पास एक पिकअप वाहन से गौवंशीय पशुओं की तस्करी की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया। जहां पुलिस को देखते ही वाहन सवार तस्करों ने भागने की कोशिश की।इस दौरान एक अभियुक्त वाहन से उतरकर भागते हुए पुलिस टीम पर देशी तमंचे से फायर कर दिया।पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें उक्त अभियुक्त के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में

**●पशु तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार रहेगा जारीः सीओ अंशुमन**

घायल अभियुक्त ने अपना नाम छोटे अली उर्फ कमरे आलम पुत्र इब्राहिम अली निवासी खगौरा थाना धनौती, जनपद सिवान (बिहार) बताया। उसके पास से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।मौके से उसके दो अन्य साथी अरविन्द पासवान उर्फ टेनी पुत्र श्रीकान्त मांझी निवासी बघड़ा थाना मुफस्सिल, जनपद सिवान (बिहार) तथा अफरोज आलम उर्फ सुड्डू पुत्र शलाउद्दीन निवासी खगौरा थाना धनौती, जनपद सिवान (बिहार) को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक लादे गए चार गौवंशीय पशु बरामद किए गए, जिन्हें मुक्त कर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। पुलिस ने वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस सफल कार्रवाई में उ0नि0 दुर्गेश बरनवाल, उ0नि0 जय प्रकाश दुबे, कांस्टेबल अजय मौर्या, दिनेश सोनकर, शिवम सिंह, राकेश तिवारी व सज्जन चौहान की सक्रिय भूमिका रही।इस संबंध में भाटपार सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में पशु तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मृतक सुरेन्द्र साहनी को सरकार दे आर्थिक मदद: विजय रावत

बरहज,देवरिया। सपा नेता विजय रावत गौरा जयनगर निवासी सुरेन्द्र साहनी के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किए। इस दौरान विजय रावत गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि मृतक सुरेन्द्र साहनी के जाने के बाद परिवार की देखभाल के लिए कोई नहीं है। सुरेन्द्र साहनी अपने पिछे तीन बच्चों व पत्नी को छोड़कर कर चले गए। परिवार का आरोप हैं वह जा नही रहे थे उन्हें जबरदस्ती ले जाया गया। सरकार से मांग मृतक के परिजनों को आर्थिक मुआवजा व बच्चों के पालन पोषण के लिए सहायता कराए जाने की मांग की। जिससे उनकी जिविका चल सकें।

## एमएसएमई उद्यमियों के लिए विशेष शिविर 7 फरवरी को, मौके पर मिलेगा ऋण स्वीकृति पत्र

*देवरिया* ।अग्रणी जिला प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आर.एस. प्रेम ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने तथा ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ण के लक्ष्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय विशेष एमएसएमई शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर 07 फरवरी को सायं 3 बजे होटल गोल्डन लारेल, स्टेशन के सामने, देवरिया में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापार एवं उद्योग से जुड़े विभिन्न वर्गों को बैंकिंग सुविधाओं तथा ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। साथ ही पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए जाएंगे उन्होंने उद्यमियों, व्यापारियों एवं इच्छुक लाभार्थियों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## 10और 11 को दिव्या कला और कौशल प्रदर्शनी

देवरिया । जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से वैष्णवी सेवा शिक्षण संस्थान, उमानगर, देवरिया द्वारा राज्य निधि के अंतर्गत जनपद के दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों, कलाकृतियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन हेतु दो दिवसीय ह्यदिव्या कला एवं कौशल प्रदर्शनीह्ण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 10 से 11 फरवरी 2026 तक राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी), देवरिया में आयोजित होगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष गिरिश चन्द्र तिवारी द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी में दिव्यांगजनों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों एवं कलाकृतियों के लिए 10 स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दिव्यांगजनों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके ।जो दिव्यांगजन प्रदर्शनी या सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करना चाहते हैं, वे 09 फरवरी 2026 तक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, विकास भवन, कक्ष संख्या-17, देवरिया में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। प्रदर्शनी में आमजन के लिए निःशुल्क प्रवेश रहेगा।

# 22 फरवरी को होगा मेगा विधिक सहायता शिविर



देवरिया। 22 फरवरी को होगा मेगा विधिक सहायता एंव सेवा शिविर का आयोजन- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी श्री मनोज कुमार तिवारी। आज उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिये गये दिशा-निर्देश के क्रम में जनपद न्यायालय के सभागार कक्ष में जिले के समस्त विभागों के साथ दिनांक 22 फरवरी स्थान राजकीय इण्टर कालेज में होने वाले वृहद मेगा शिविर/जागरूकता शिविर के भव्य आयोजन/सफलता हेतु समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय से जोड़ने के उद्देश्य से समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की जानकारी पहुंचाना और निशुल्क विधिक सहायता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना है। बैठक के दौरान निशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालतों तथा आगामी 22 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले मेगा एवं वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शैलजा मिश्रा द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों से आह्वान किया कि वे गरीबों, महिलाओं, बुजुर्गों, निराश्रितों एवं जरूरतमंद वर्गों तक उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी सक्रिय रूप से पहुंचाएं, ताकि कोई भी व्यक्ति अज्ञानता के कारण न्याय से वंचित न रह जाए। साथ ही मध्यस्थों को आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवादों के समाधान के लिए प्रेरित किया गया, जिससे न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को कम किया जा सके और लोगों को शीघ्र न्याय मिल सके। इसी क्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 14 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जनपद के समस्त थानों के पैरवीकारों को न्यायालय द्वारा प्रेषित नोटिसों का तामिला ससमय कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## 122 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



देवरिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत उत्सव लॉन, मेन रोड सलेमपुर में भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 122 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिनमें 114 हिन्दू एवं 08 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (ग्राम्य विकास, समग्र विकास एवं ग्रामीण अभियंत्रण) विजयलक्ष्मी गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सलेमपुर सांसद प्रतिनिधि रामप्रकाश यादव, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उप जिलाधिकारी, सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख भाटपाररानी सोनमती देवी, ब्लॉक प्रमुख बनकटा बिन्दा कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख भागलपुर मुन्नीलाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बरहज/सलेमपुर अमरेश सिंह, मंडल अध्यक्ष सलेमपुर पुनित यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लार अमित सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष भाटपाररानी प्रेमलता, नगर पंचायत अध्यक्ष लार मूसा लारी, नगर पालिका अध्यक्ष सलेमपुर श्रीराम यादव सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला समाज कल्याण अधिकारी, संबंधित खंड विकास अधिकारी व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रह अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं सफल दांपत्य जीवन की कामना की जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर कुल एक लाख रुपये व्यय का प्रावधान है, जिसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री तथा 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च किए जाते है।

## गुरुकुल को हरा रामकोला टीम पंहुचा सेमी फाइनल में



कसया, कुशीनगर। कुशीनगर के स्टेडियम हो रहे अंडर -16 केसीए पुलवी क्रिकेट मैच के छठवे दिन रामकोला क्रिकेट एकेडमी और गुरुकुल के बीच खेला गया। टॉस जीत कर रामकोला टीम के कप्तान प्रतियूष मद्धेशिया ने पहले बैटिंग करने निर्णय लिया। बैटिंग करने उतरी रामकोला की टीम ने 30 ओवर में 9 विकेट खो कर 210 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में बैटिंग करने आयीं गुरुकुल की टीम 20.2 ओवर में 110 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इस तरह रामकोला एकेडमी ने 100 रन से मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ही रामकोला ने सेमी फाइनल में जगह बना लिया है। मैन ऑफ मैच आदित्य नाथ सिंह चुने गए। आदित्य नाथ ने 5.2 ओवर में 28 रन दे कर 6 विकेट झटके। वहीं कप्तान प्रतियूष मद्धेशिया बेस्ट बैट्स मैन चुने गए। प्रतियूष ने 4 छक्का और 7चौके की मदद से 62 रन रन का योगदान दिए। मैच में अम्पायरिंग की भूमिका विकास सिंह और राम प्रकाश ने निभायी। स्कोरिंग विकास सिंह ने किया। इस दौरान केसीए कोच मो. अजहरुद्दीन, अंशु मणि त्रिपाठी, रविशंकर मिश्रा, अजेंद्र सिंह, प्रिन्स पाण्डेय, नीरज शर्मा आदि ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# तरयासुजान बना शराब तस्करों और चोरों का सेफ जोन

जिला संवाददाता

कुशीनगर। यूपी और पडोसी राज्य बिहार सीमा पर स्थित तरयासुजान थाना क्षेत्र अब पुलिस के नियंत्रण में नहीं, बल्कि अपराधियों की शरणस्थली बन चुका है। बहादुरपुर और तिनफेडिया सीमा चौकियों की नाक के नीचे शराब तस्करी और चोरी धडल्ले से जारी है। मतलब यह कि

**●सीमा चौकियों की नाक के नीचे तस्करी और चोरी का खुला खेल, पुलिस सिर्फ जांच में उलझी**
**●बेखबर खाकी, अपराधी बेखौफ**

यह इलाका शराब तस्करी और चोरी का सेफ जोन बन गया है जहां अपराध बेधड़क हो रहे हैं और खाकी, वर्दी का रौब दिखाकर अपना पीठ थपथपा रही है।

बेशक! यह कोई एक-दो घटनाओं की कहानी नहीं, बल्कि लगातार लूट, चोरी के बाद पुलिस प्रशासन की रटा-रटाया जबाब "जांच चल रही है " कि भयावह दास्तान है। बात करे तिनफेडिया चौकी क्षेत्र के तरया हरकेश दुर्गा मंदिर की तो यहां बीते कुछ महीनों में तीन से चार बार चोरी हो चुकी है। कभी इन्वर्टर, कभी मंदिर की घंटी, कभी दानपात्र, लेकिन एक भी चोरी का आज तक खुलासा नहीं।

यहीं नहीं, बीते सप्ताह तरयालछ्छीराम प्राथमिक विद्यालय में भी भीषण चोरी हुई। विद्यालय से गैस सिलेंडर, चूल्हा, करीब छ दर्जन थाली -गिलास, कटोरी समेत अन्य सामान चोर उठा ले गए। ग्रामीणों ने तहरीर दी, लेकिन पुलिस का वही रटा रटाया जबाब ह्लजांच चल रही है।ह्व इतना ही नहीं,

तरयालछ्छीराम ब्रह्मा स्थान से पीतल की घंटी चोरी हुई, हफ्आ जीवन शिव सागर पोखरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर से इन्वर्टर-बैटरी गायब हुआ, दानपात्र तोड़ा गया, सबकी सूचना ग्रामीणो ने पुलिस को दी बावजूद इसके चोर आज तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

### मैनेजमेंट हो गया, चोर नहीं पकड़े गये

शिव मंदिर चोरी को लेकर चर्चा है कि पुलिस ने ह्लमैनेजह्व कर वहां दोबारा इन्वर्टर-बैटरी की व्यवस्था करा दी लेकिन चोर कानून के लंबे हाथ के पकड से दूर रहे। क्या अपराध सिर्फ मैनेजमेंट से खत्म हो जाएगा?

### शराब तस्करी पर बिहार पुलिस की मुहर

कहना ना होगा कि बहादुरपुर चौकी की चेकिंग व्यवस्था की पोल उस समय. बेनकाब हो गई जब बगल के बिहार में एक हजार पेटी शराब पकड़ी गई।

सवाल लाजमी है इतनी बड़ी शराब की खेप यूपी सीमा से पार कर बिहार कैसे पहुंची? क्या बहादुरपुर चौकी सिर्फ नाम की चौकी है?

### चोरों का सेफ जोन बना इलाका

एनएच-28 के पास तार काटकर ले जाने की घटनाएं हों या विद्यालयों में चोरी यह बताने के लिए काफी है कि इस सीमांत इलाके में अपराधियों की चांदी है और पुलिस की पकड़ ढीली है।हालांकि, यह भी सच है कि जिले की कमान संभाल रहे कप्तान साहब ने पूर्व में बहादुरपुर चौकी से जुड़े एक एसआई पर कार्रवाई कर यह संदेश दिया है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लेकिन सवाल अभी सुरसा की तरह मुंह बाये खडी है क्या पूरी चौकी व्यवस्था की समीक्षा होगी?क्या बार-बार चोरी और तस्करी के बावजूद जिम्मेदारों पर गाज गिरेगी? या फिर तरयुसजान थाना यूं ही अपराधियों की प्रयोगशाला बना रहेगा?

## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का कांग्रेस ने किया स्वागत

अयोध्या। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए

महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत किया है, जिसमें आदेश दिया गया है कि 1 जनवरी 2026 से वाहनों के आगे-पीछे की केवल फोटो खींचकर बनाए गए चालान न्यायालय में मान्य नहीं होंगे तथा चालान की वैधता के लिए चालक के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे।

## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 एवं मेगा विधिक सहायता शिविर को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश

कुशीनगर। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर प्रभात सिंह द्वारा राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 एवं दिनांक 22 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

इस क्रम में जनपद कुशीनगर की समस्त तहसीलों, थानों, वृद्धाश्रमों, नारी निकेतनों, राजकीय संप्रेक्षण गृहों सहित अन्य स्थलों पर तैनात परा विधिक स्वयं सेवकों को निर्देशित किया गया कि वे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर आम जनमानस को उक्त मेगा शिविर की जानकारी दें तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा परा विधिक स्वयं सेवकों को माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले इस मेगा शिविर के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं—जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक पेंशन योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना, किसानों से संबंधित योजनाएं, दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाएं सहित अन्य समस्त विभागीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। साथ ही सचिव महोदय द्वारा परा विधिक स्वयं सेवकों को जनपद के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 के संबंध में आम जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि वादकारी अधिक से अधिक संख्या में अपने प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाकर इस अभियान का लाभ उठाएं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं त्वरित बनाया जा सके।

## घायल करने व जान से मारने की धमकी देने पर 3 वर्ष के कारावास की सजा

महोबा। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के तहत पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा की गई गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन विभाग के प्रभावी समन्वय के फलस्वरूप माननीय न्यायालय में सशक्त पैरवी की गई। उक्त क्रम में एएसजे/एफटीसी कोर्ट महोबा द्वारा हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी के प्रकरण में पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त धन्नी कुशवाहा पुत्र सुमनिया, निवासी मोहल्ला गांधी नगर, थाना कबरई, जनपद महोबा को दोषसिद्ध घोषित करते हुए 3 वर्ष के करावास तथा 3500 रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया है

संक्षेप

## बारात से लौट रही कार तालाब में पलटी युवक की मौत

बलरामपुर। जिले के बेल्हा गौरा मार्ग पर शुक्रवार की सुबह शादी समारोह से लौट रही एक कार घने कोहरे के कारण तालाब में गिर गई, जिससे इसमें सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, बेनीनगर गांव से एक बारात बहराइच गई थी और लौटते समय घना कोहरा होने के कारण बेल्हा-गौरा मार्ग के परसा पुरैना मोड़ पर यह कार अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गई। इस हादसे में कार में सवार पंचायत सहायक सौरभ यादव (28) की मौके पर मौत हो गई जबकि अन्य सवार सोनू गुप्ता, भुर्रे, जाकिर सहित चार लोग घायल हो गए जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरा चौराहे के थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गला रेतकर किशोर की नृशंस हत्या

एटा। जिले के जलेसर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार सुबह एक नाबालिग किशोर का खून से लथपथ शव मिला, जिसकी कथित तौर पर गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान गांव जोहरपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार (15) पुत्र नेम सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार धर्मेन्द्र शुक्रवार सुबह करीब चार बजे रोज की तरह घर से दौड़ लगाने के लिए निकला था। उन्होंने बताया कि दो से तीन घंटे बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने आसपास के खेतों और गांव में उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि सुबह करीब सात बजे धर्मेन्द्र के ताऊ जब शौच के लिए जा रहे थे, तभी गादुरी-रसीदपुर नहर के पार गांव मितरौल की ओर सरसों के खेत में उसका शव पड़ा मिला। अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेय ने बताया कि मृतक के गले पर धारदार हथियार से रेतने के स्पष्ट निशान हैं और छाती पर भी चोटें पाई गई हैं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जहर खाने से नौवीं कक्षा की छात्रा की मौत

बिजनौर। जिले में एक छात्रा की कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गयी। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। नगीना के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यह घटना देवीपुर गांव में हुई, जहां कक्षा नौ की एक छात्रा (15) ने बृहस्पतिवार को जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, लड़की के परिवार ने उसी समुदाय और गांव के एक युवक पर इस घटना के संबंध में आरोप लगाया है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि मामला प्रेम संबंध से जुड़ा है।

## भाइयों के विवाद में महिला की मौत

देवरिया। जिले के तरकुलवा इलाके में भैंस बांधने की रस्सी को लेकर हुए मामूली विवाद ने दो भाइयों के परिवारों के बीच हिंसक झड़प का रूप ले लिया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना फरेन्दहा गांव में हुई, जब बाबूलाल यादव अपने पुराने घर से टोकरियों में मिट्टी भरकर नए बन रहे घर पर ले जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, बाबूलाल के छोटे भाई नरसिंह यादव की एक भैंस रास्ते में बंधी हुई थी और भैंस की रस्सी छोटी करने को लेकर दोनों परिवारों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। यह कहासुनी जल्द ही मारपीट में बदल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि झड़प के दौरान, नरसिंह के बेटे गौतम की पत्नी सीमा (35) पर कथित तौर पर फावड़े से हमला किया गया। सीमा को सिर में गंभीर चोट लगी और उसे तुरंत पत्थरदेवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर हालत के कारण, उसे देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि नरसिंह यादव को भी गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें इलाज के लिए गोरखपुर के एक अस्पताल में रेफर किया गया है। तरकुलवा थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। शांति बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस टीमों को तैनात किया गया है। हम मामले की जांच कर रहे हैं और शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

# डीएम ने विद्युत समस्या के शीघ्र समाधान के दिए निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव, (वीओएल)। उत्तर प्रदेश सरकार की निजी औद्योगिक पार्क विकास योजना के अंतर्गत जनपद उन्नाव में विकसित हो रहे श्रीराम प्लेज पार्क सहजनी का जिलाधिकारी गौरांग राठी ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्लेज पार्क के प्रवर्तक राजीव किशोर भारतीय ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि लगभग 10.3 एकड़ में विकसित हो रहे इस प्लेज पार्क में कुल 37 भूखंड प्रस्तावित हैं तथा विद्युत आपूर्ति के लिए इंडिपेंडेंट फीडर से 2000 किलोवाट बिजली की आवश्यकता है, लेकिन विद्युत संबंधी के कारण विकास कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त उद्योग को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि निजी औद्योगिक पार्कों के विकास में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर क्षितिज कुमार, सहायक उपायुक्त उद्योग सहित उद्यमी मित्र उपस्थित रहे।

## चार ब्लॉकों में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 से

जिला संवाददाता(vol)




उन्नाव। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में 10 से 28 फरवरी तक एमडीए अभियान चार ब्लाकों में चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग चार ब्लाक के 6.19 लाख लोगों को (एक साल से कम उम्र के बच्चों और गर्भवतियों को छोड़कर) डीईसी, आइवरमेक्टिन और एल्बेंडाजोल की गोली खिलाएगा।

सीएमओ कार्यालय में इसको लेकर शुक्रवार को बैठक की गई। इसमें प्रभारी सीएमओ डॉ.एनएन प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जिले में 10 फरवरी से 28 फरवरी तक अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

बताया कि दवा सेवन के प्रतिकूल प्रभाव से बचाव के लिए 576 रैपिड रेस्पांस टीम का गठन हर ब्लॉक में किया गया है। इसके अलावा 103 सुपरवाइजर भी तैनात किए गए हैं। एसीएमओ डॉ.जेआर सिंह ने बताया कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीघापुर, सुमेरपुर, गंजमुरादाबाद और पुरवा ब्लॉक में 6.19 लाख लक्षित आबादी को घर घर जाकर दवा खिलाएंगी। उन्होंने बताया कि दवा खाने के बाद हल्का-फुल्का चक्कर आ सकता है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है।

दवा का सेवन जरूर करें, क्योंकि फाइलेरिया एक बार हो जाने पर जीवन भर रहती है। यह रोग आपके जीवन को आर्थिक और मानसिक रूप से भी कमजोर बना देता है। इसलिए उन्होंने सभी से दवा का सेवन करने की अपील की। इस दौरान डॉ.नरेंद्र सिंह, सतीश शुक्ला, मनिंदर आदि मौजूद रहे।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत मामले में अभय कुमार को रिहा करने का निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मृत्यु के मामले में एमजेड विजटाउन प्लानर्स के निदेशक अभय कुमार को तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया है। अदालत ने पाया कि अनिवार्य प्रक्रियाओं का पालन किए बगैर अभय की गिरफ्तारी की गई थी।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ एवं न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की पीठ ने कहा कि पुलिस गिरफ्तारी मेमो के उपबंध 13 के तहत प्रक्रिया का पालन करने में विफल रही। इस मेमो के तहत आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बताना और उसे हिरासत में लेने से पूर्व मेमो की एक प्रति उपलब्ध कराना आवश्यक है। अदालत ने अभय कुमार द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका बृहस्पतिवार को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिका में प्रतिवादियों (पुलिस) को बंदीयाचिकाकर्ता को अवैध हिरासत से निकाल कर पेश करने और रिहा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। साथ ही याचिका में मिहिर राजेश बनाम महाराष्ट्र सरकार के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए इस गिरफ्तारी को अवैध करार देने का भी अनुरोध किया गया था। याचिका में गौतमबुद्ध नगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 20 और 21 जनवरी को पारित रिमांड आदेश को रद्द करने का भी अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ता के वकील ने उमंग रस्तोगी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार के मामले में उच्च न्यायालय के निर्णय को आधार बनाते हुए दलील दी कि इस मामले में भी गिरफ्तारी मेमो के उपबंध 13 की आवश्यकता का अनुपालन नहीं किया गया। अदालत ने गौतमबुद्ध नगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 20 और 21 जनवरी को पारित न्यायिक रिमांड आदेशों को रद्द कर दिया। उल्लेखनीय है कि 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मृत्यु के संबंध में दर्ज प्राथमिकी के बाद कुमार को ग्रेटर नोएडा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। युवराज मेहता की कार 16 जनवरी, 2026 को नोएडा के सेक्टर 150 में एक निर्माणाधीन ढांचे के पास पानी से भरी एक खाई में गिर गई थी जिससे पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई थी। यह निर्माण कार्य वर्षों से विजटाउन प्लानर्स के नियंत्रण में था और अपर्याप्त जल प्रबंधन की वजह से पानी उस खाई में एकत्रित हो गया था।

## गेटमैन को धमकाने के आरोप में एसओजी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

जिला संवाददाता(vol)

मैनपुरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने रेलवे क्रॉसिंग का गेट खोलने से इनकार करने पर गेटमैन के साथ मारपीट करने और बंदूक दिखा कर धमकाने के आरोप में एसओजी (विशेष अभियान समूह) प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने शुक्रवार कोबताया कि सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दिख रहा है कि एक फरवरी की आधी रात को कालिंदी एक्सप्रेस को टिंडोली क्रॉसिंग के गेट नंबर 29 से गुजरना था। गेटमैन अवध किशोर ने गेट बंद कर दिया था और उसी समय, शराब के नशे में धुत एसओजी प्रभारी जितेंद्र चंदेल, उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल मोहन चाहर और प्रदीप सोलंकी समेत चार पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में एक कार में पहुंचे और गेटमैन पर गेट खोलने के लिए दबाव डाला ताकि उनकी कार गुजर सके।

उन्होंने बताया कि गेटमैन अवध किशोर ने ट्रेन के आने का इंतज़ार करते हुए गेट खोलने से इनकार कर दिया और इससे नाराज़ होकर पुलिसकर्मियों ने अवध किशोर को गाली-गलौज दी, धमकाया और बंदूक दिखाते हुए गेट खुलवाने की कोशिश की, लेकिन उसने गेट नहीं खोला।

उन्होंने बताया कि यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। अवध किशोर ने दन्नाहार पुलिस थाने में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। एसपी ने कहा कि जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से एसओजी प्रभारी जितेंद्र चंदेल, उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल मोहन चाहर और प्रदीप सोलंकी की पहचान हुई, जिन्होंने इसे अंजाम दिया था।

पुलिस ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने बृहस्पतिवार को चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया और उन्हें पुलिस लाइन्स भेज दिया गया।

## यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर वैभव ने क्षेत्र का नाम बढ़ाया

पुरवा, उन्नाव। विखं के ग्राम गदोरवा के वैभव द्विवेदी ने राजनीति विज्ञान से यूजीसी नेट परीक्षा (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) आल इंडिया रैंक 99.99 परसेंट अंकों से उत्तीर्ण कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। विखं के अन्तर्गत ग्राम गदोरवा निवासी व जिला सहकारी बैंक लि के निदेशक के के द्विवेदी के पुत्र वैभव द्विवेदी ने प्रारम्भिक पढ़ाई कानपुर के गुरु हरिराय एकेडमी कालेज में हुई। प्रयागराज स्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालय से स्नातक व जून 2025 में परास्नातक की डिग्री हासिल की। जूनियर रिसर्च फेलोशिप की राशि भी यूजीसी द्वारा प्रदान किया जाएगा। वैभव द्विवेदी के नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर लोगों ने बधाई देकर मुंह मीठा कराया।

# सोने की जंजीर छीनकर भागने वाला युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के पटेहरा गांव स्थित स्वामी राधे चैतन्य महाविद्यालय में बीते 4 फरवरी को शादी समारोह में शामिल होने गई महिला के गले से सोने की चेन छीनकर भागने वाले युवक को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। देवहट गांव निवासी सुभाष सोनी की पुत्री कोमल सोनी की शादी अमेठी जनपद में हुई है। बीते चार फरवरी को रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए मायके आई थी। जहां शादी समारोह के दौरान एक युवक झपट्टा मारकर गले से चेन छीनकर भाग निकला था।

इस संबंध में महिला के भाई मनीष सोनी निवासी देवहट ने गुरुवार की रात थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। कार्यवाहक थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एस आई त्रिलोचन प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल बिजेंद्र राय ने तत्परता दिखाते हुए चौबीस घंटे के भीतर आरोपित वकील कोल निवासी पटेहरा को पटेहरा गांव स्थित गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। छिनैती करने वाले युवक ने अपने घर के पास जमीन में सोने की चेन को गाड़ दिया था। युवक ने घर के सामने मिट्टी में छिपाकर रखे सोने की चेन को निकालकर पुलिस को सौंप दिया। इस संबंध में कार्यवाहक थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि महिला के गले से सोने की चेन को बरामद करते हुए चेन छीनकर भागने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## आधुनिकता की चकाचौंध के बीच संकट में कुम्हारी कला



जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कभी गांव की सुबह चाक की चरमराहट और गीली मिट्टी की सोंधी खुशबू से शुरू होती थी, लेकिन समय के साथ यह दृश्य अब दुर्लभ होता जा रहा है। आधुनिकता और बाजारवाद की मार से कुम्हार (प्रजापति समुदाय) की सदियों पुरानी कुम्हारी कला आज गंभीर संकट से गुजर रही है।

प्लास्टिक की बोतलों, स्टील के बर्तनों और चाइनीज सजावटी सामान की भरमार ने मिट्टी के बर्तनों की मांग लगभग समाप्त कर दी है। फ्रिज के प्रचलन से घड़ों का उपयोग घटा है, तो दीपावली जैसे बड़े पर्वों पर पारंपरिक मिट्टी के दीयों की जगह बिजली की लड़ियों ने ले ली है। दूसरी ओर शहरीकरण के चलते तालाबों के पाटे जाने से कच्ची मिट्टी मिलना मुश्किल हो गया है और बर्तनों को पकाने में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी व ईंधन के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। कड़ी मेहनत के बावजूद कम मुनाफा मिलने से कुम्हारों की नई पीढ़ी इस पुश्तैनी पेशे को छोड़कर मजदूरी और अन्य कार्यों की ओर पलायन कर रही है। जानकार बताते हैं कि मिट्टी के बर्तन न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं, बल्कि पर्यावरण के लिहाज से भी पूरी तरह सुरक्षित हैं। ऐसे में इस मरती हुई कला को बचाने के लिए सरकार और समाज को मिलकर पहल करनी होगी, कुम्हारों को सस्ती दरों पर ऋण, आधुनिक साधन और सीधा बाजार उपलब्ध कराना होगा, ताकि हमारी सांस्कृतिक पहचान कही जाने वाली यह कला आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रह सके।

## नौका दुर्घटना से प्रभावित 136 परिवारों को बसाने की प्रक्रिया शुरू

बहराइच। नेपाल की सीमा से लगते बहराइच जिले के भरथापुर गांव में पिछले साल एक नौका दुर्घटना से प्रभावित 136 परिवारों को उत्तर प्रदेश सरकार की पहल के बाद बसाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तीन तरफ नदी व एक तरफ जंगल से घिरे टापू सरीखे नेपाल सीमा से सटे भरथापुर गांव के 136 प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सेमरहना गांव में सर्व सुविधायुक्त कॉलोनी बनाकर बसाने के क्रम में आवंटन प्रक्रिया की बृहस्पतिवार को औपचारिक शुरुआत कर दी गई।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने संवाददाताओं से कहा कि ग्राम भरथापुर के 136 परिवारों के विस्थापन व पुनर्वास के संबंध में मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सेमरहना गांव में कॉलोनी बनाकर आवास बनाने, कृषि भूमि चिह्नित करने व आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

पिछले साल 29 अक्टूबर को साप्ताहिक बाजार से लौट रहे ग्रामीणों को ले जा रही एक नौका कौडियाला नदी में पलट गई थी। इस घटना में 13 लोगों को बचा लिया गया, लेकिन महिलाओं और बच्चों सहित नौ लोग डूब गए। शव कई दिनों की मशक्कत के बाद बरामद किए गए, जबकि दो बच्चे अब भी लापता हैं।

नौका हादसे के बाद दो नवंबर को मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वेक्षण किया था तथा गांव पहुंचकर परिवारों के प्रति अपनी व सरकार की ओर से संवेदना जताई थी। आदित्यनाथ ने पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि सौंपी थी और उन्हें पूर्ण सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि घने जंगलों के बीच रहने के लिए मजबूर लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए और सुझाव दिया कि नयी बस्ती का नाम भरथापुर के नाम पर रखा जाए। त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की आवास योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक स्थायी घर आवंटित किया जाएगा ताकि एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कॉलोनी में उचित जल निकासी व्यवस्था, पक्की सड़कें, हरित क्षेत्र, एलईडी स्ट्रीटलाइट, पेयजल सुविधाएं और अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचा होगा। उन्होंने बताया कि निवासियों और पशुधन के लिए स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाएं भी पास में ही उपलब्ध होंगी। हमने मुख्यमंत्री से भूमिपूजन के लिए आगमन का अनुरोध किया है, लेकिन अब तक उनके आगमन के संबंध में कोई निर्देश अथवा कार्यक्रम नहीं आया है। विस्थापन व पुनर्वास के लिए ग्रामीणों को किए जाने वाले आवंटन के संबंध में शासन से मिले निर्देशों के तहत कार्वाई आरंभ कर दी गई है। मंत्रिमंडल की मंजूरी और भूमि की पहचान एवं आवंटन की प्रक्रिया शुरू होने से प्रभावित ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। विस्थापितों की सूची में शामिल ग्रामीण संतोष कुमार, कंधई लाल, लालता प्रसाद व रोहित कुमार ने फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम सब योगी जी के शुक्रगुजार हैं कि वह पीढ़ी दर पीढ़ी कठिन जीवन जीने के लिए मजबूर हम सभी को व हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए अन्य लोगों की तरह सामान्य जीवन व्यतीत करने की व्यवस्था करके दे रहे हैं। अधिकारियों ने बताया, कुछ बुजुर्ग ग्रामीण अपनी पैतृक भूमि से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं और वे अब भी विस्थापन नहीं चाहते हैं, हालांकि अन्य लोग उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## गांजा संग दो तस्कर गिरफ्तार



फतेहपुर। मलवां थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक राज किशोर पुलिस कप्तान की आंखों के तारे यूं ही नहीं हैं। उनकी कार्यशैली ही उनको आगे बढ़ती है। नशाखोरी और मादक पदार्थ के कारोबार में सक्रिय कारोबारी लगातार थाना अध्यक्ष के हत्या चढ़ रहे हैं। थाना अध्यक्ष द्वारा फैलाए गए मुखबिरों के जाल कौन है भरपूर फायदा मिल रहा है। किशनपुर थाना क्षेत्र से संचालित गांजा के बड़े कारोबार का आज मलवां पुलिस ने खुलासा करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े दो कारोबारी से 10 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआहै। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र के कैंची मोड मदारीपुरखुर्द गिरफ्तार किए गए ध्रुव सिंह पुत्र फूल सिंह किशनपुर तथा विवेक सिंह उर्फ जितेंद्र सिंह पुत्र शिरोमन गांव खेमकरनपुर थानाकिशनपुर के रहने वाले हैं। यह दोनों तस्कर गांजा लेकर किशनपुर से घाटमपुर बेचने जा रहे थे। इस बीच थाना अध्यक्ष राजकिशोर को मुखबिर के जरिए सूचना मिल गई। उन्होंने उप निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, रितेश कुमार विश्वकर्मा एवं कांस्टेबल सतीश सिंह जय राम विमल और रवि के साथ बताए गए स्थान की घेराबंदी कर ली। इनके पास से उपरोक्त गांजा मौके से बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान इन दोनों ने कबूला कि यह गांजा वह अक्सर ले जाकर घाटमपुर तथा अन्य क्षेत्रों में पहुंचते थे इसके लिए उन्हें तयशुदा मेहनताना मिलता है। उधर थाना अध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गये तस्करों ने जिन लोगों के नाम बताता है उनके ऊपर भी कानूनी दायरे मे लाया जाएगा।

## शराब के ठेके में तोड़फोड़ मामले में ग्राम प्रधान सहित 13 गिरफ्तार

ललितपुर। जिले की महरौनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कंपोजिट शराब ठेके (अंग्रेजी व देशी) में की गई कथित तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान एवं तीन महिलाओं सहित अब तक 13 आरोपियों की गिरफ्तारी की है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने बताया कि तीन फरवरी को महरौनी कोतवाली क्षेत्र के खितवास गांव में सरकारी कंपोजिट शराब ठेके में गांव की महिलाओं ने घुसकर शराब की पेटियां बाहर फेंक कर उन्हें नष्ट कर दिया था। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में ठेकेदार की शिकायत के आधार पर 22 नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया और ग्राम प्रधान कमलेश झा व तीन महिलाओं भूरी, गुड्डी और गीता सहित 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। एसपी ने बताया कि लोगों से अपील की गई है कि किसी प्रकार की समस्या के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग या उचित माध्यम से अवगत कराना सुनिश्चित करें। किसी व्यक्ति द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने और सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने की स्थिति में कठोर कार्वाई की जाएगी।

## मास कम्युनिकेशन में नीरज ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

फतेहपुर। गाजीपुर के ग्रामीण परिवेश से निकलकर उच्च शिक्षा के शिखर पर पहुंचे नीरज गुप्ता ने देशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया। UGC-NET/JRF मास कम्युनिकेशन में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (JRF) उत्तीर्ण कर गाजीपुर का मान बढ़ाया। राधानगर गाजीपुर रोड ग्राम शाखा के इस होनहार ने कठिनाईयों को पछाड़कर सपनों को साकार किया परिवार, दोस्तों और समाज में खुशी की लहर !ग्रामीण जड़ों से निकला संघर्ष का प्रतीकनीरज गुप्ता, पुत्र राज बहादुर गुप्ता और अमृत कुमारी, राधानगर गाजीपुर रोड के ग्राम शाखा में साधारण परिवार में जन्मे। प्रारंभिक शिक्षा



सरस्वती विद्या मंदिर से ग्रहण की, जहां से ही उनकी लगन ने सबको प्रभावित किया। बड़े भाई रामप्रकाश गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता समाज कल्याण पर्यवेक्षक ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया। नीरज कहते हैं, परिवार ने कर्ज चुकाने के लिए दिन-रात एक किया। JRF मेरी मेहनत और उनके आशीर्वाद का फल है। ?मास कम्युनिकेशन में JRFउत्तीर्ण होना कोई आसान उपलब्धि नहीं। लाखों प्रतिभागियों में से चंदन को मिलने वाली यह फेलोशिप रिसर्च, लेक्चरशिप और विद्वता का प्रमाण-पत्र है। नीरज का चयन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा घोषित मेरिट में हुआ फतेहपुर गाजीपुर का पहला ऐसा केस !परिवार और मित्रों का अपार स्नेहः सफलता का आधारनीरज की इस कामयाबी में पूरे परिवार का योगदान। पिता राज बहादुर गुप्ता ने कहा, बेटा रात-दिन पढ़ाई करता रहा। हमने कभी हार नहीं मानी। मां अमृत कुमारी की आंखें हुईं नम और कहा ये हमारे परिवार की जीत है। परिवार के अन्य सदस्यों सूरज गुप्ता छोटे भाई, अनुज कुमार, शिवानंद ने भावुक होकर बधाई दी। नीरज के स्नेहपूर्ण मित्रमंडली ने भी कंधे से कंधा मिलाकर साथ दियाःअखिलेंद्र सिंहः नीरज हमेशा प्रेरणा स्रोत रहा। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य ने कहा,नीरज जैसे छात्र हमारी शान हैं। भविष्य की योजनाएंः पत्रकारिता को नई ऊंचाई देंगेंनीरज ने बताया, JRF से रिसर्च करूंगा मास कम्युनिकेशन में डिजिटल मीडिया और सोशल जर्नलिज्म पर काम। ग्रामीण भारत की आवाज उठाऊंगा। उनका लक्ष्यः यूनिवर्सिटी लेक्चरर बनकर नई पीढ़ी को प्रेरित करना। गाजीपुर जिला प्रशासन ने बधाई संदेश जारी किया नीरज को सम्मानित करने की योजना।

## विवाहिता सात वर्षीय मासूम के साथ लापता, पुलिस को सूचना दी

पाटन उन्नाव। विवाहिता अपनी 7 वर्षीय बच्ची के साथ कहीं लापता हो गई है घटना की सूचना पति ने थाना पुलिस को दी है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम सराय मनिहार की विवाहिता 28 जनवरी को अपनी 7 वर्षीय बच्ची सोनाली को साथ लेकर कहीं चली गई है। घटना की सूचना मुंबई से लौटे पति ने पुलिस को दी और बताया कि 28 जनवरी को मेरी माता सरोज खेतों चली गई थी इसी बीच सीमा घर से लापता हो गई। पति मुकेश मुंबई में रोजी-रोटी के लिए प्राइवेट नौकरी करता है। पत्नी के लापता हो जाने की खबर मां से पाकर वह जब मुंबई से लौट कर आया और पत्नी की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं अता-पता नहीं चल सका तब थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि पीड़ित की सूचना के आधार पर कानूनी कार्यवाही की गई है तथा लापता सीमा को ढूंढने के प्रयास पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं।

## भाजपा नेता के होटल में मारपीट के मुख्य आरोपी ने महाराष्ट्र में शादी की, वीडियो वायरल

शाहजहांपुर। भाजपा के एक स्थानीय नेता ने शुक्रवार को दावा किया कि यहां स्थित उनके होटल पर हुए हमले के मुख्य आरोपी ने महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक विवाह भवन परिसर में शादी कर ली और शहर में मौजूद उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टीम उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी। अक्षय कदम पर भाजपा नेता के होटल में मारपीट करने और पुलिसकर्मियों से अभद्रता करने का आरोप है तथा आरोपी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा है। आरोपी के विवाह का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस बीच, शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि हम आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे और हमारी टीम महाराष्ट्र में मौजूद है। उन्होंने बताया कि थाना तिलहर अंतर्गत नगरिया मोड़ स्थित एक होटल में मारपीट करने के पांच आरोपियों में से दो को जेल भेजा जा चुका है, जबकि तीन अन्य फरार हैं। हमारी पुलिस टीम सतारा में मौजूद है और उसके छापा मारने से पहले ही आरोपी मौके से भाग गया। हम जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेंगे। स्थानीय भाजपा नेता दिवाकर सिंह ने बताया कि उनके होटल में हुई मारपीट की घटना के मुख्य आरोपी अक्षय कदम ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के सतारा जिले के एक विवाह भवन परिसर में शादी की। उन्होंने दावा किया कि हालांकि, उप्र की पुलिस की टीम महाराष्ट्र में मौजूद थी और ऐसे में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं। अक्षय कदम तथा उसके साथियों पर 19 दिसंबर की रात होटल में मारपीट तथा तोड़फोड़ करने का आरोप है। मौके पर पहुंची पुलिस से भी आरोपियों ने अभद्रता की तथा एक गार्ड को कार में डालने की कोशिश की।

## रेड क्रॉस सोसाइटी की डीएम ने की समीक्षा बैठक

**सोनभद्र**। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से आने वाले संसाधनों का समुचित एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा जो कार्य लंबे समय से निष्क्रिय अथवा बेकार पड़े हैं, उन्हें तत्काल नियमित कर प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है, गरीब, असहाय एवं कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कुष्ठ रोगियों के लिए चिकित्सा, दवाइयां, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। सोसाइटी की आय-व्यय, उपलब्ध संसाधन, भविष्य की कार्ययोजना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकरी डॉ0 पंकज कुमार राय, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, संबंधित अधिकारी एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

## बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

बांदा। कोतवाली नगर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना गिरवां क्षेत्र के बांसी गांव निवासी विमल गुप्ता पुत्र रमेश गुप्ता ने 5 फरवरी को कोतवाली नगर में सूचना दी थी कि बीती 28 जनवरी को उसकी मोटरसाइकिल सब्जी मंडी से चोरी हो गयी है।

कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी व पहचान के प्रयास शुरू किए। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुमित पुत्र छोटेलाल निवासी छोटी बाजार शहर व राजू पुत्र बेंड़ा निवासी मुरवां थाना गिरवां को अतर्रा रोड बाईपास के पास से चैकी प्रभारी बलखंडीनाका यज्ञनारायण भार्गव, उप निरीक्षक प्रवेश कुमार, कांस्टेबल फिरोज अंसारी व पंकज आर्य ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से मोटरसाइकिल के कटे हुए रिम, एलॉय व्हील, पेट्रोल टंकी, चेचिस, सीट व अन्य कटे हुए पार्ट्स बरामद हुए हैं।

## हेल्थ वर्कर संघ का चुनाव 8 को

बांदा। बेसिक हेल्थ वर्कर महिला, पुरुष राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण शाखा बाँदा का चुनाव 8 फरवरी को होगा। संघ के अध्यक्ष उद्र प्रसाद ने बताया कि निर्वाचन चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी ने मतदान के लिए 8 फरवरी को अवकाश की स्वीकृति दे दी है।

उन्होने कहा कि अवकाश की स्वीकृति मिल जाने से स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी चुनाव में भाग ले सकेंगे।

## बाल विवाह, भिक्षावृत्ति रोक की एएसपी ने की समीक्षा

बांदा। अपर पुलिस अधीक्षक ने विशेष किशोर पुलिस इकाई के तत्वाधान में बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी की समस्याओं पर रोकथाम के लिए बैठक की।

बैठक का उद्देश्य जनपद में बाल विवाह जिसके अन्तर्गत शिक्षा और जागरूकता, कानूनी कार्यवाही, सामुदायिक भागीदारी और बालश्रम जिसके अन्तर्गत-शिक्षा और जागरूकता, होटल, ढाबों को चिन्हित करना, सरकारी योजनाओं के लाभ, स्थानीय-थाना स्तर पर त्वरित कार्यवाही व बालभिक्षावृत्ति, मानव तस्करी एवं अन्य बाल अपराधों की रोकथाम को की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करना था।

अपर पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अभियोजन अधिकारी, श्रमप्रर्वतन अधिकारी, सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य जिला प्रोबेशन विभाग, सदस्य बाल संरक्षण विभाग, मुख्यचिकित्साधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन, समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, आरपीएफ, जीआरपी, थाना एएचटी, एसजेपीयू, वन स्टॉप सेन्टर, साथी उत्तर प्रदेश संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

## नैमिषारण्य को मथुरा रेल मार्ग से जोड़ने की मांग

बांदा। नैमिषारण्य को मथुरा, वृंदावन से रेलमार्ग से जोड़े जाने की मांग की गयी है। रेल जोड़ो अभियान समिति बांदा के जिला सचिव एस के सिंह ने इस बारे में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की मार्फत उनके यहां आगमन पर प्रधानमंत्री को पत्र लिखने के लिए ज्ञापन दिया था।

जिला सचिव ने कहा कि अन्य जनपदों की तरह जिले से भी 512 नागरिकों ने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री भारत सरकार से अनुरोध किया है कि नैमिषारण्य को मथुरा से रेल मार्ग से जोड़ने के लिए यदि हरदोई होकर फरूर्खाबाद तक केवल 112 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछा दी जाए तो देश भर के सभी तीर्थ एवं वैश्विक पर्यटन केन्द्र न केवल रेल मार्ग से जुड़ जाएंगे बल्कि पूर्वोत्तर भारत के राज्यों को गोरखपुर होकर बुढ़बल, सीतापुर, फरूर्खाबाद, मथुरा होकर चित्रकूट पश्चिमी और मध्य भारत के राज्यों को नया रेल गलियारा मिल जाएगा।

नैमिषारण्य प्रदेश के हर जिले से रेल के जरिए सीधा जुड़ेगा तथा एक दर्जन जिलों को आपस में रेल के आवागमन की सुविधा मिल जाएगी।

# सीएम पर टिप्पणी के दो आरोपी गिरफ्तार



जिला संवाददाता ( vol )

चांदपुर, बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस अधिकारियों पर अभद्र टिप्पणी करने के मांमले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर उन्हें जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना चांदपुर में तैनात कस्बा प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश शर्मा द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमें के अनुसार सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा था, जिसमें मोहल्ला काजीजादगान निवासी सलीम हाशमी पुत्र शब्बीर अहमद अपने दोस्त मोहल्ला काजीसराय निवासी इमरान पुत्र जाहने आलम से फोन पर बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी एंव पुलिस अधिकारियों को अपशब्द कह रहा था तथा उन्हें ट्रांसफर व सस्पेंड कराने की धमकी दे रहा था। बातचीत में धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली बातें भी की गईं। पुलिस के अनुसार इमरान ने बैखोफ होकर इस बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मांमले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी सलीम के कब्जे से मोबाईल फोन रीयलमी एक्स 7 मैक्स व इमरान के कब्जे से ओप्पो ऐ-59 बरामद किया है। सीओ देश दीपक सिंह ने बताया कि ऑडियो में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग और कार्रवाई कराने की धमकी दी गई थी, जिसके आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम उ0नि0 छविनाथ, का0 सौरभ पँवार, इंसाद थाना चादपुर शामिल रहे।

## सड़क हादसे के बाद घटना स्थल से मोटरसाइकिल गायब

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक सड़क दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल गायब होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झरकौन निवासी तुलाराम पुत्र रामस्वरूप 4 फरवरी 2026 की रात करीब 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल (यू.पी.94 ए.एच. 6440, बजाज प्लेटिना, काले रंग की) से ग्राम मसोरा से ललितपुर की ओर जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि एलएनबी कॉलेज के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वे वाहन सहित गिर गए और बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों द्वारा उन्हें एंबुलेंस से जिला सरकारी अस्पताल ललितपुर भेजा गया। दुर्घटना के समय उनकी मोटरसाइकिल घटनास्थल पर ही छूट गई थी।

जब घायल युवक ने बाद में अपनी मोटरसाइकिल के बारे में जानकारी ली, तो वह मौके से गायब पाई गई। काफी खोजबीन के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल सका।

पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने मामले को बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# करोड़ों की संपत्ति हड़पने के लिए फर्जी वसीयत का आरोप

जिला संवाददाता

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला नदीपुरा निवासी मोहम्मद अयाज उर्फ बब्लू ने अपने रिश्तेदारों पर करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्तियों को हड़पने के लिए फर्जी वसीयत तैयार करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ललितपुर में प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने और

**अदालत के आदेश पर जांच की मांग**

पुलिस जांच कराए जाने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके चाचा स्व. अब्दुल रसीद विदेशों में कार्यरत एक योग्य मैनेजमेंट प्रोफेशनल थे, जिन्होंने ललितपुर और मुंबई में कई चल-अचल संपत्तियां अर्जित की थीं। संपत्तियों की देखरेख के लिए उन्होंने वर्ष 1985 में मोहल्ला नदीपुरा निवासी मोहम्मद जलील को मुख्तारनामा देकर केयरटेकर नियुक्त किया था। बताया गया कि स्व. अब्दुल रसीद ने वर्ष 2014 में मुंबई में पंजीकृत वसीयत के माध्यम से अपनी समस्त संपत्ति अपनी पत्नी शहनाज और बेटी फरीदा के नाम कर दी थी। इस वसीयत को बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा वर्ष 2019 में प्रोबेट भी किया जा चुका है। आरोप है कि मोहम्मद जावेद, फाखरा बेगम, नजमा और सुहेल सहित अन्य लोगों ने साजिश के तहत 6 मार्च 2007 की एक फर्जी वसीयत तैयार की, जिसमें स्व. अब्दुल रसीद के कूटरचित हस्ताक्षर दर्शाकर उनकी आधी संपत्ति मोहम्मद जलील के नाम करने का दावा किया गया। जबकि स्व. अब्दुल रसीद की मृत्यु वर्ष 2014 में और मोहम्मद जलील की मृत्यु वर्ष 2021 में हो चुकी है। पीड़ित का कहना है कि उक्त फर्जी वसीयत के आधार पर सिविल न्यायालय में झूठा वाद भी दायर किया गया। वसीयत की प्रति मिलने पर हस्तलेख एवं फोरेंसिक विशेषज्ञों से जांच कराई गई, जिसमें हस्ताक्षर पूरी तरह फर्जी पाए गए। मामले की शिकायत पहले मुंबई में दी गई, जहां क्षेत्राधिकार का हवाला देकर ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी गई। इसके बाद प्रार्थी ने कोतवाली ललितपुर और पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब न्यायालय से आग्रह किया गया है कि कोतवाली ललितपुर पुलिस को धोखाधड़ी, कूटरचना, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया जाए, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। कोतवाली पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर व न्यायालय के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 व 120 बी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## देशव्यापी हड़ताल को लेकर हुई बैठक

अयोध्या। देश के प्रमुख केंद्रीय श्रम संगठनों तथा अनेक स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वान पर 12 फरवरी 2026 को होने वाली एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से आज बीमा कर्मचारी संघ के कार्यालय पर एक बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता इन्कमटेक्स इम्प्लाइज यूनियन के सचिव आर के मिश्रा ने किया और संचालन बीमाकर्मचारी यूनियन के प्रांतीय नेता कॉम रविशंकर चतुवेर्दी ने किया। बैठक में यू पीसंस्थान के सत्यभान सिंह, बीमा कर्मचारी संघ के महासचिव आर.एस.चतुवेर्दी, संयुक्त सचिव सी.एम.पांडेय व संजीव सिंह शामिल हुए।

## डीएम ने किया चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता तरुण कुमार को सम्मानित





जिला संवाददाता ( vol )

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में नेशनल मास्टर्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता तरुण कुमार को बधाई देते हुए सम्मानित किया। उन्होंने तरुण कुमार की मेहनत और प्रेरणादायक प्रदर्शन की सराहना की।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि बिजनौर के पूर्व सैनिक हवलदार तरुण कुमार ने जिले और प्रदेश का नाम रोशन करते हुए 46वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 में 110 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा तिरुवनंतपुरम (त्रिवेन्द्रम) में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए हवलदार तरुण कुमार ने 17-14 सेकंड का शानदार समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ अब तरुण कुमार अगस्त 2026 में दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# नरैनी ब्लॉक में खिलाई जायेगी फाइलेरिया रोधी दवा



बांदा। प्रदेश में फाइलेरिया उन्मूलन के चलते जिले के नरैनी ब्लॉक को बीमारी से मुक्ति दिलाने के लिए 3.36 लाख लोगों को दवा खिलाई जाएगी। 10 से 28 फरवरी के तक चलने वाले अभियान के दौरान फाइलेरिया जैसी गंभीर व दीर्घकालिक बीमारी से बचाव को लेकर दवा का सेवन कराया जाएगा। अभियान के तहत फाइलेरियारोधी दवाएं- आईवरमेक्टिन, डीईसी और एल्बेंडाजोल, स्वास्थ्यकर्मियों के सामने खिलाई जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के 51 जिलों के 782 ब्लाक में फैली यह बीमारी अब सिमट रही है। इस बार के आईडीए अभियान में 21 जिलों के 64 ब्लाक में ही यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जिले का नरैनी ब्लाक भी है। हमें अपने जिले से इस बीमारी को भगाना है। इसका एक ही तरीका है कि एक साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व अत्यंत गंभीर मरीजों के अलावा सभी लोग स्वधर्म समझकर फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करें। सीएमओ कार्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में उन्होंने बताया कि कालिंजर उत्सव में भी 15 से 17 फरवरी तक कैम्प लगाकर मेले में आने वाले सभी लोगों को दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावा 17 फरवरी को फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आईडीए अभियान पाँच स्तम्भीय रणनीति पर आधारित है, जिसमें डब्ल्यूएचओ अनुशंसित दवाओं का प्रत्यक्ष निगरानी में सेवन, रुग्णता प्रबंधन एवं रोकथाम, वेक्टर नियंत्रण, विभागीय समन्वय तथा जन-आंदोलन के रूप में समुदाय की भागीदारी शामिल है। इसके साथ ही डिजिटल टूल्स के माध्यम से रियल-टाइम रिपोर्टिंग एवं नए डायग्नोस्टिक उपकरणों का भी उपयोग किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार ने बताया कि फाइलेरिया, (हाथीपांव) मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक तथा दिव्यांगता उत्पन्न करने वाला रोग है। पहले यह जिले के 10 ब्लाक में फैला था लेकिन दवा सेवन का उच्च कवरेज प्राप्त होने के कारण नौ ब्लाक में प्रसार काफी कम हो गया है, इसलिए इस बार सिर्फ नरैनी ब्लॉक में आईडीए अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाएंगी। यदि किसी कारणवश घर पर दवा सेवन संभव न हो, तो आशा कार्यकर्ता के घर को डिपो के रूप में चिन्हित किया गया है, जहाँ जाकर दवा का सेवन किया जा सकता है। संवेदीकरण कार्यशाला में समुदाय स्तर पर सीएचओ-पीएसपी प्लेटफार्म के माध्यम से जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित करने वाली बघेलाबारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ रोशनी ने बताया कि उनका समूह लगातार आसपास के गांव में लोगों में जागरूकता फैलाता है।

## शोपीस बनी है रेलवे स्टेशन में लगी लिफ्ट



बांदा। यात्री सुविधाओं को लेकर रेलवे स्टेशन में लगाई गयी लिफ्ट महज शोपीस बनकर रह गयी है। बांदा रेलवे स्टेशन को ए ग्रेड का दर्जा प्राप्त है, इसके बाद ही यहां यात्रियों को परेशानी से निजात दिलाने के लिए लिफ्ट लगाई गयी है लेकिन यात्रियों को इसका लाभ नही मिल रहा है। रेल विभाग लगातार यात्री सुविधाओं को बढ़ावा दे रहा है इसके बावजूद पूंछताछ काउंटर से 5 से 10 मिनट पूर्व ट्रेनों के आने को लेकर प्लेटफार्म में बदलाव का एनाउंस किया जाता है कि अमुख ट्रेन प्लेटफार्म 1 की बजाय 2 पर आ रही है। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर 1 पर जमी भारी भीड़ को प्लेटफार्म नंबर 2 पर जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर दिव्यांग यात्रियों, घुटनों से कमजोर हो चुके बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, तथा महिला यात्रियों, जिनके पास लगेज एवं बच्चे होते हैं, वह अकेले होती हैं ऐसे यात्रियों को भारी दिक्कत उठानी पड़ती है। कभी-कभी ट्रेन के जल्दी आने पर इसकी जानकारी देर से प्रसारित होने पर सीढ़ियों पर भगदड़ के दौरान लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों ने स्टेशन प्रबंधक से तत्काल लिफ्ट ठीक कराने के साथ ही पेयजल व्यवस्था में भी सुधार की मांग की है।

## स्कूल जा रही छात्राओं से की नकाबपोश मनचले ने छेड़छाड़, पुलिस तलाश में जुटी

धामपुर, बिजनौर। परीक्षा देने सकूल जा रही तीन छात्राओं को बिना नम्बर की बाइक सवार नकाबपोश एक मनचले ने रोककर उनसे अभद्रता की साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी सहमी छात्राओं को रोते देख राहगीरो ने उन्हें स्कूल पहुँचाय। जानकारी के अनुसार थाना शेरकोट क्षेत्र के एक ग्राम की तीन छात्राएं शेरकोट नगर के प्राईवेट स्कूल में कक्षा 9 की छात्राएं है। तीनों छात्राएं बीते दिन वार्षिक परीक्षा देने स्कूल जा रही थी। गांव से गुजरते हुए जब वे महामाया डिग्री कॉलेज के निकट पहुँची तो तभी बाइक सवार एक नकाबपोश मनचले ने उन्हें रोक लिया तथा अश्लीलता की। डरी सहमी छात्राएं रोते हुए हाईवे पर पहुँची तो राहगीरो ने उन्हें ढांढस बंधाया और स्कूल तक पहुँचाया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक की तलाश कर कड़ी कार्यवाही की मांग की। उधर छात्राओं के साथ हुई घटना से अभिभावकों में अपनी बच्चियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस सम्बंध में प्रभारी थानाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तर कर कानून के हिसाब से सबक सिखाया जायेगा।

## ढोंगी ने महिला से ठगे सोने के कुंडल, पुलिस ने किया अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नगीना, बिजनौर। साधु के रुप में मिले ढोंगी बाबा ने एक महिला को अपनी बातों में उलझा कर उसके कानों से सोने के कुंडल उतरवा कर उन्हे लेकर फरार हो गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर निवासी चन्द्रपाल पुत्र मंगल सिंह ने नगीना थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी पत्नी संतोष देवी बीती 2 फरवरी को किसी कार्य से नगीना आई थी, जब वह लगभग दोपहर 12 बजे नगर पालिका के गेट के पास पहुँची तो साधु के रुप में एक ढोंगी बाबा व उसके साथ एक लडका था जिसने मेरी पत्नी संतोष को रोका और उससे बातचीत करने लगा। बात चीत करते-करते कहा कि काली का मन्दिर कहां है और मेरी पत्नी से बात चीत करते-करते उसके सिर पर हाथ रख दिया, जिसके बाद संतोष को कुछ पता नही चला।

उसी समय उन्होंने उसकी पत्नी संतोष को सोने के कुंडल डबल हो जाने का लालच देकर कुन्डल उतरवा लिये और सामने ही बडी चालाकी से वो कुन्डल कागज की पुडिया में लपेटकर संतोष को दे दिये। ढोंगी ने कहा कि यह पूडिया घर जाकर ही खोलना जब वह घर पर आई ओर उसने पुडिया खोली तो कुन्डल के वजाय एक-एक रुपये के 5 सिक्के निकले जिसे देख कर उसकी पत्नी के होश उउ गए। डरते-डरते यह बात उसने बाद में बताई। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ढोंगी बाबा की तलाश शुरू कर दी है।

# पोकलैण्ड पर गिरा मकान का हिस्सा



बांदा। राजस्व विभाग व पीडब्ल्यूडी की बदइंतजामी के चलते तिंदवारी रोड में अतिक्रमण हटाने के दौरान चार मंजिला इमारत का कुछ हिस्सा पोकलैंड मशीन के ऊपर गिर गया। घटना के बाद लोगों की सांसे अटकी गयीं। धूल का गुबार हटने के बाद चालक को सलामत देखकर लोगों ने राहत की सांस ली। चालक को मामूली चोट आने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी व राजस्व विभाग की लचर व्यवस्था के चलते बड़ी घटना होने से बच गई। यह भी आरोप है कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भेदभाव पूर्ण तरीके से की जा रही है। कस्बे में सुंदरीकरण व चैड़ीकरण के लिए शुक्रवार को तिंदवारी रोड में अतिक्रमण हटाया गया। सुबह से ही पोकलैंड मशीन, आधा दर्जन बुल्डोजर और भारी पुलिस बल व पीएसी तैनाती रही। ध्वस्तीकरण में दुकानदारों ने सहयोग किया और वह खुद अतिक्रमण हटाने में जुट गए। बिल्डिंगों में छेनी-हथौड़ा चलने लगा। इसी दौरान अतिक्रमण हटाने में एक व्यापारी की चार मंजिला इमारत अचानक भरभराकर पोकलैंड मशीन के ऊपर जा गिरी। प्रशासन ने आनन-फानन में चालक दिलीप कुमार पुत्र जद्दूराम निवासी सराय भारती थाना रसड़ा जिला बलिया को बाहर निकाला। घायल चालक को सीएचसी में भर्ती कराया। इस दौरान एसडीएम अवनीश कुमार, सीओ सौरभ सिंह, तहसीलदार हेमराज सिंह, नायब तहसीलदार मनोहर, लेखपाल मौजूद रहे। घटना के बारे में उपजिलाधिकारी अवनीश त्यागी ने आरोपों को नकार दिया।

## दिव्यांगों के लिए शौचालय का हुआ लोकार्पण

ललितपुर। मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य निर्देशन में एक अतिरिक्त दिव्यांग शौचालय तथा एक सामान्य शौचालय का निर्माण कार्य तीव्र गति से पूर्ण कर उन्हें उपयोग हेतु प्रारंभ कराया गया। लोकार्पण विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा किया गया। विधायक ने अस्पताल परिसर में उनके द्वारा कराए गए विभिन्न विकास एवं जनहितकारी कार्यों की जानकारी उपस्थित जनसमुदाय को दी। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है तथा वे भविष्य में भी इसी



प्रकार निरंतर जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। प्रधानाचार्य ने विधायक ने अस्पताल के विकास में किए जा रहे निरंतर सहयोग एवं योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में नवनिर्मित गार्ड रूम का भी लोकार्पण किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी अतिथियों, चिकित्सकों, समस्त स्टाफ, मरीजों एवं उनके तीमारदारों ने नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत बाल विवाह को रोकने हेतु सामूहिक रूप से शपथ ली। इस दौरान सीएमओ डा.गजेंद्र सिंह, डा.पवन सूद, डा.एम.सी. गुप्ता, डा.डी.के.राज, डा. हरेंद्र सिंह चैहान, डा.मधुरेंद्र, डा.उत्कर्ष, डा.कलीम, एस.के.तिवारी, डा.विशाल जैन, नंदलाल, सौरभ, पारुल सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंत में मरीजों एवं तीमारदारों को फल वितरित किए गए।

# सड़कों को खोद कर बना दिये दलदली गड्ढे



जिला संवाददाता

ललितपुर। अमृत योजना फेज-2 के तहत शहर को खोदकर लावारिस छोड ? वाले अधिकारियों और ठेकेदारों की अब खैर नहीं। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मामले में सीधा हस्तक्षेप करते हुए कड़ा रुख अपनाया है। डीएम ने सख्त लहजे में जल निगम और संबंधित विभागों से उन सभी सड़कों की पॉइंट-टू-पॉइंट

**खुदी सड़कों को लेकर डीएम ने टीम गठित कर दिए सख्त आदेश**

सूची तलब कर ली है, जिन्हें पाइपलाइन बिछाने के नाम पर खोदा गया है।

इस कदम से उन ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है जो खुदाई के बाद मरम्मत कार्य को ठंडे बस्ते में डाले हुए थे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि कागजी दावों से काम नहीं चलेगा। उन्होंने जल निगम, जल संस्थान और नगर पालिका की संयुक्त टीम का गठन कर निर्देशित किया है कि विभाग द्वारा दी गई खुदी सड़कों की सूची का धरातल पर सत्यापन किया जाएगा। डीएम ने दो टूक कहा है कि जिन सड़कों की सूची दी जाएगी, उनकी मरम्मत की समय-सीमा भी तय की जाए। जिलाधिकारी खुद इस सूची के आधार पर रैंडम निरीक्षण कर सकते हैं, जिससे जल निगम के अधिकारी और ठेकेदार में खलबली मची है।

### मानकों की अनदेखी एक मीटर की जगह महज एक फीट खुदाई

योजना के क्रियान्वयन पर सबसे बड़ा सवाल पाइपलाइन की गहराई को लेकर उठ रहा है। नियमानुसार, पाइपलाइन बिछाने के लिए कम से कम एक मीटर की गहराई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में सड़क पर भारी वाहनों के दबाव से पाइप न फटें। हालांकि शहरवासियों का आरोप है कि कई मोहल्लों में पाइप महज एक फिट की गहराई पर डाल दिए गए हैं। मानकों को खुलेआम दरकिनार किया जा रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो, तो करोड़ों के इस प्रोजेक्ट में बड़ी गड़बड़ी उजागर हो सकती है।

### मरम्मत में भ्रष्टाचार बालू की जगह एम-सैंड का खेल

सड़कों की मरम्मत का कार्य भी विवादों के घेरे में है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि खुदाई के बाद सड़क को पूर्ववत करने के लिए गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है निर्माण कार्य में बालू के स्थान पर एम-सैंड का प्रयोग हो रहा है, जिससे सड़क की पकड़ बेहद कमजोर है। पहली बारिश या भारी यातायात के दबाव में ये सड़कें फिर से धंस जाएंगी।

## विधिक सेवा शिविर के आयोजन को लेकर हुई बैठक

अयोध्या। जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 22 फरवरी को आयोजित किए जाने वाले मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन उनके कक्ष में किया गया, जिसमें जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, कुल सचिव डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय विनय कुमार सिंह सहित जनपद के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष द्वारा इस कार्यक्रम के महत्त्व एवं उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि अधिक से अधिक लोगों को विधिक रूप से साक्षर करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

**जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., जनपद - चित्रकूट**

पत्रांकः पी.सी.एफ./जि.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2025-26/619 दिनॉकः-05.02.2026

**अल्पकालीन ई-टेण्डर नोटिस**

पी.सी.एफ. में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले गेहूँ को जिलाधिकारी, महोदय द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत गेहूं के **हैण्डलिंग कार्य** हेतु चित्रकूट धाम, मण्डल बांदा के जनपद **चित्रकूट** के अनुमोदित क्रय केन्द्रों हेतु पुनः ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ चित्रकूट के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-8765985024 पर की जा सकती है।

जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-चित्रकूट

# राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता

जब देश के चारों ओर हमारे दुश्मन सीमाओं की संप्रभुता को चुनौती देने की साजिश रच रहे हों, एक साथ मिलकर हमारी सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा रहे हों, तब यह जरूरी है कि देश की रक्षा तैयारी हमेशा चौक चौबंद हो। पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान अपने जन्म से हमारा दुश्मन है और कई बार हमले कर चुका है। आज भी जम्मू-कश्मीर के बड़े हिस्से पर अवैध रूप से काबिज। चीन विस्तारवादी और शातिर पड़ोसी है और हमेशा भारत की घेरेबंदी में लगा रहता है। बांग्लादेश जो हमारे ही सामर्थ्य और पराक्रम से बना है, आज इतना कृतघ्न हो गया है कि पूर्वोत्तर को मुख्य भूमि से काटने की बात करता है। ऐसे में यह जरूरी है कि देश की रक्षा-तैयारी इतनी पुख्ता हो कि दुश्मन हमसे टकराने की हिम्मत न जुटा पायें। संभवतः इन्हीं खतरों के मद्देनजर रक्षा बजट में बड़ी वृद्धि की गयी है। मई 2025 में हुए ऑपरेशन सिंदूर की छाप इस वर्ष के रक्षा बजट पर देखी जा सकती है। 7.85 लाख करोड़ रुपये के साथ रक्षा व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2 फीसदी तक पहुंच सकता है। यह पहले लगातार आ रही गिरावट के उलट है और इसके जरिये स्वीकार किया जा रहा है कि भारत को मजबूत प्रतिद्वंद्वी चीन और उसके पिछलग्गू पाकिस्तान के रूप में दो मोर्चों पर होने वाली संभावित जंग के लिए बेहतर ढंग से तैयार रहने में मदद मिलेगी। यह बात पूंजीगत व्यय आवंटन में अहम इजाफे से भी पता चलती है। इसके लिए कुल रक्षा बजट का 28 फीसदी हिस्सा आवंटित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 25 फीसदी से ज्यादा है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूंजीगत व्यय को 2.2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। जो कुछ हद तक पाकिस्तान के साथ चार दिन तक चली झड़प के कारण खर्च और बर्बाद हुए साजो सामान की भरपाई के लिए है। इसके पीछे सेना प्रमुखों को मिले त्वरित आपात




खरीद अधिकारों के बेहतर इस्तेमाल की कोशिश भी है ताकि वे परिचालन में आ रही कमियां दूर करने के लिए फौरन खरीद की पहल कर सकें। साथ ही वित्त वर्ष 27 में आधुनिकीकरण बजट में 24 फीसदी इजाफा किया गया है, जो पिछले कुछ वर्षों से हो रहे 10 फीसदी इजाफे से बहुत ज्यादा है। माना जा रहा है कि इसकी मदद से हवाई सुरक्षा और नौसेना की समुद्र के भीतर की क्षमताएं मजबूत होंगी तथा लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार भी विकसित कर लिए जाएंगे। हमेशा की तरह असली परीक्षा यह है कि खर्च कितनी कुशलता के साथ किया जाता है क्योंकि वेतन और पेंशन पर अब भी कुल बजट आवंटन का आधे से अधिक खर्च हो जाता है तथा असली पूंजीगत व्यय संशोधित बजट अनुमान से भी कम रहता है। वेतन और पेंशन मद में कमी आना हौसला बढ़ाने वाला संकेत है। वित्त वर्ष 2019-20 में रक्षा बजट का 26 फीसदी हिस्सा पेंशन पर खर्च हो रहा था, जो अब घटकर 22 फीसदी रह गया है। वेतन पर खर्च तो और भी तेजी से घटा है। यह 2019-20 में 30 फीसदी था मगर 2026-27 में केवल 22.4 फीसदी माना जा रहा है। यह कमी जून 2022 में शुरू हुई अग्निपथ योजना के कारण भी हो सकती है मगर अभी यह स्पष्ट नहीं है कि रक्षा संरचना की लड़ाकू क्षमता पर इसका कितना असर हुआ है। आधुनिकीकरण बजट का करीब 75 फीसदी हिस्सा आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत देश के भीतर स्त्रोतों से खरीद के लिए अलग रख दिया जाएगा। लेकिन इससे सवाल पैदा होता है कि देसी और निजी रक्षा विनिर्माण क्षेत्र कितनी आपूर्ति कर सकता है। बजट के बाद साक्षात्कार में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में जितनी कीमत की पूंजीगत खरीद की गई, उसका 87 फीसदी हिस्सा सरकारी कंपनियों के पास गया। लेकिन तजुर्बा यही बताता है कि स्वदेशी विनिर्माता आपूर्ति करने में जो लंबा समय लेते हैं (तेजस एमके 1ए लड़ाकू विमान की आपूर्ति में देर इसका सबूत है) उसे सीमाओं पर बढ़ते खतरों से निपटने के लिए तेजी से घटाना होगा। आपूर्ति करने की अपनी क्षमता और तकनीकी दक्षता को बढ़ाने की जरूरत है।

## विचार

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

व्रत का महात्म्य वहीं तक कल्याणकारी है जहां तक ध्यान और अध्ययन में वह बाधक न हो।

-मुनि गणेश वर्णी.

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

-गुरुनानक.

# मरहम-पट्टी नहीं, मुकम्मल इलाज जरूरी



संजय श्रीवास्तव

इस ऐलान के साथ कि देश में मजबूत, समावेशी और आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है, बजट में हेल्थकेयर इकोसिस्टम को मजबूत करने पर अभूतपूर्व जोर दिया गया है। यह इस बात से भी दिखता है कि स्वास्थ्य बजट इस बार एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है, जो कि 2014-15 के 35 हजार करोड़ से कई गुना ज्यादा है। इस बजट में कुछ लक्षित पहलें सराहनीय हैं जैसे एम्स जैसे 3 नए आयुर्वेदिक हॉस्पिटल बनाने की सोच, 10 हजार करोड़ रुपये के बायोफार्मा शक्ति मिशन के जरिए घरेलू बायोफार्मा मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की बात, डेढ़ लाख नए केयर गिवर तैयार करने का ऐलान, 5 क्षेत्रीय मेडिकल टूरिज्म हब स्थापित करने हेतु राज्यों को सहायता देने का प्रस्ताव, प्राथमिक स्वास्थ्य अवसंरचना विकास, जिला अस्पतालों में इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर सेंटरों का 50 फीसदी विस्तार, डिजिटल हेल्थ मिशन अथवा मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए नए नेशनल लेवल के मेंटल हेल्थ इंस्टिट्यूट स्थापित करने का प्रावधान, ये लक्ष्य बताते हैं कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र और उसकी सेवाओं के विस्तार हेतु तर्कसंकल्प है। बेशक हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने, कैंसर की दवाओं को सस्ता करने डायबिटीज और ऑटोइम्यून रोगों की दवाओं को देश में ही बनाने तथा आयुर्वेदिक और दूसरी पारंपरिक दवाओं के लिए क्वालिटी-एश्योरेंस इकोसिस्टम को मजबूत करने के साथ इस क्षेत्र में कुशल लोगों की संख्या बढ़ाने की बात उम्मीद जगाने वाली है।

> बजट में स्वास्थ्य के मद में आवंटन का एक लाख करोड़ रुपये से पार जाना अत्यंत सुखद है, साथ ही कई नई घोषणाएं भी उम्मीद जगाने वाली हैं। लेकिन क्या इसके प्रावधान, प्रस्ताव इस साल स्वास्थ्य क्षेत्र पर इतना असर डालेगें कि देश की सेहत सुधरती हुई लगे?

मगर स्वास्थ्य मद में एक लाख करोड़ से अधिक वाले इस बजट के बजटीय प्रावधानों, प्रस्तावों उसके आवंटनों को जब हम इस कसौटी पर परखते हैं कि वे इस क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करवा सकेंगे अथवा मात्र सामान्य बदलावों के वाहक बनेंगे तो कई सवाल उभरते हैं, सबसे अहम बात कि क्या यह आवंटन भारत जैसे विशाल जनसंख्या और जटिल तथा बहुस्तरीय स्वास्थ्य चुनौतियों के अनुपात में पर्याप्त है? प्रावधान समस्या की जड़ों तक पहुंचते हैं अथवा फौरी समाधान भर हैं? बरसों से बीमार स्वास्थ्य तंत्र के दीर्घकालिक



मर्ज के लिए ये मात्र मरहमपट्टी साबित होंगे अथवा मुकम्मल इलाज की कोशिश? स्वास्थ्य व्यय का 1 लाख करोड़ रुपये से ऊपर जाना प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है, पर देखना होगा कि यह वृद्धि मुद्रास्फीति से समायोजन के बाद वास्तविक तौरपर कितनी है और राज्य तथा केंद्र का हिस्सा कुल सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय में कितना है? सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय एक दशक बाद जीडीपी के 1.15 से बढ़कर 2 प्रतिशत के आसपास पहुंचना बढ़िया है पर हमने 2017 में ही 2025 तक इसे 2.5 फीसदी पहुंचाने का प्रण किया था, अब तक दो के करीब ही पहुंचे जो वैश्विक मानकों से बहुत कम है।

### स्वास्थ्य बजट

विश्व स्वास्थ्य संगठन 5 फीसद के आसपास की अनुशंसा करता है तो अधिकांश विकसित देशों में यह 5 से 8 फीसद है। एक लाख करोड़ का आंकड़ा प्रभावशाली भले दिखे पर संरचनात्मक कमी बरकरार है। सवाल ये भी है कि क्या बजट के प्रावधान आम आदमी के लिये उसका इलाज और दवा सुलभ और सस्ता कर स्वास्थ्य सेवाओं तक उसकी पहुंच बढ़ाने वाले हैं। प्रदूषित हवा, संदूषित पेयजल, मिलावटी खाद्यपदार्थ, कुपोषण, अस्वास्थ्यकर रहन सहन जैसे रोगों के कारकों के रोकथाम या उन्हें दूर करने के कारण बनेंगे? क्या ये चिकित्सकों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ और अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता पर भी कहीं से प्रभाव डालेंगे? स्वास्थ्य बीमा को आसान करेंगे और ओपीडी में मरीजों की जांच, निदान सुविधा को बढाएंगे? सात दुर्लभ बीमारियों के अलावा कैंसर की दवाओं को सस्ता करने का फैसला सकारात्मक कदम है, रोगियों को महंगे उपचार से यह प्रत्यक्ष राहत देगा पर रोकथाम पर निवेश, नियमित स्क्रीनिंग, जीवनशैली परामर्श, पर भी व्यय अधिक दीर्घकालिक और प्रभावी उपाय होता। देश में गैर संचारी रोगों जैसे डायबिटीज और दिल के मरीज भारी संख्या में मरते हैं, दवा बाजार का बड़ा हिस्सा इन्हीं क्रॉनिक बीमारियों का है। इन्हें भी दवा के दाम में राहत देनी चहिए थी।

बायोफार्मा शक्ति मिशन के तहत 10,000 करोड़ रुपये का निवेश बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर उत्पादन को बढ़ावा देने से स्वदेशी दवा उत्पादन बढ़ेगा, आयात निर्भरता घटेगा, दीर्घकाल में दवा लागत कम होगी पर यदि राष्ट्रीय औषधि मूल्य नियंत्रण सूची का दायरा नहीं बढ़ा, सार्वजनिक अस्पतालों का विस्तार नहीं हुआ तो राहत सीमित रहेगी। स्वास्थ्य बीमा में राहत का पर्याप्त प्रभाव तभी होगा जब सरकारी अस्पतालों में दवाओं की अनुपलब्धता, स्टॉक-आउट और उपकरणों की खराबी का सिलसिला खत्म होगा। मरीजों का बड़ा हिस्सा दवाओं और डायग्नोस्टिक्स पर खर्च होता है, बीमा अस्पताल में भर्ती पर मदद करता है, न कि ओपीडी या दवा खर्च पर। ओपीडी सेवाएं जिनके 70 प्रतिशत पर निजी क्षेत्र का कब्जा है और जहां जहां 60-70 फीसद मरीज जाते हैं अब भी व्यापक कवरेज से बाहर हैं। जिला अस्पतालों में ट्रॉमा सेंटरों का 50 प्रतिशत का विस्तार और 1.5 लाख केयरगिवर्स के प्रशिक्षण का लक्ष्य स्वास्थ्य कार्यबल को सुदृढ़ करने की दिशा में बढ़िया प्रयास है इसी तरह मानसिक स्वास्थ्य के लिए नए राष्ट्रीय संस्थान स्थापित करने की घोषणा भी। भारत में कुल स्वास्थ्य व्यय का लगभग 50 फीसद अब भी आउट ऑफ पॉकेट एक्सपेंडीचर है। 2004 में यह 65 प्रतिशत से अधिक था, जो घटा तो है, पर इस बार के बजटीय प्रावधान ऐसी उम्मीदें नहीं जगाते कि इसमें कोई जबर्दस्त गिरावट आयेगी। बजट जड़ समस्याओं पर सीधा आवंटन नहीं करता, केवल नयी स्कीम जोड़ता है। तीन नए आयुर्वेद एम्स संस्थान और आयुष फार्मेसियों के उन्नयन की घोषणा पारंपरिक चिकित्सा को संस्थागत समर्थन देती तो है पर आयुर्वेद की दीर्घकालिक विश्वसनीयता केवल संस्थान खोलने से नहीं बल्कि इलाज के लिये जड़ी-बूटियों की अनुप्लब्धता न हो इसलिये उनका संरक्षण, जनता में इस पद्धति पर जागरूकता और विश्वास बढाने, वैज्ञानिक शोध और गुणवत्ता मानकों से तय होगी। जैव-विविधता संरक्षण और औषधीय पौधों की खेती में निवेश अधिक निर्णायक होगा। आयुष बजट को 17 से 7 प्रतिशत बढ़ोत्तरी के सटीक आंकड़े अस्पष्ट हैं। देश में प्रति हजार लोगों पर बेड की उपलब्धता लगभग 1.4 है, जबकि विश्व औसत साढ़े तीन से अधिक है। डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात भी आदर्श 1:1000 से कमतर है। नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी व्यापक है। ऐसे में केवल आवंटन वृद्धि से तस्वीर बदलना आसान नहीं। स्वास्थ्य के मूल में है शुद्ध पेयजल और गैर मिलावटी खाद्य सामग्री, साफ हवा तथा स्वास्थ्यकर रहन सहन। 18 प्रतिशत मौतें प्रदूषण से होती हैं लेकिन बजट पर्यावरण-स्वास्थ्य लिंक के बारे में मौन है। दूषित जल और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की समस्या पर पर्याप्त निवेश नहीं होता, तो अस्पताल-केंद्रित मॉडल रोगों का मूल कारण नहीं रोक पायेगा। नगरपालिका सेवाएं जैसे सीवेज, वेस्ट मैनेजमेंट, खाद्य सुरक्षा निगरानी, एयर पॉल्यूशन, पेयजल मिशन में निवेश अधिक महत्वपूर्ण है इनको इस बजट में आपेक्षित स्वास्थ्य प्राथमिकता नहीं मिली हैं। हील इन इंडियाह्व और मेडिकल टूरिज्म हब भारत को वैश्विक स्वास्थ्य केंद्र बना सकते हैं, परंतु यह प्रश्न बना रहेगा कि क्या इन निवेशों से ग्रामीण और शहरी गरीबों की प्राथमिक स्वास्थ्य जरूरतें समान प्राथमिकता पायेंगी?

## सोशल मीडिया



कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता व अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से कांग्रेस बहुत कुछ सीख सकते हैं, लेकिन इस रास्ते में सबसे बड़ी बाधा राहुल गांधी है, जो राहू-केतु की तरह विघ्न बन जाते हैं। केशव प्रसाद मौर्य.

# क्रोध पर विजय

वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, अपने आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

# ऐतिहासिक धरोहरों को बचाने की पहल

**पुणे के 39-वर्षीय ऑटोमोटिव डिजाइनर महेश लोणकर ने 1200 से अधिक फ़्लैशलाइट्स एकत्र की हुई हैं, जिनमें से कुछ को पहले विश्व युद्ध के दौरान सैनिकों ने प्रयोग किया था, कुछ बोर्ड सबमरीन में इस्तेमाल हुई थीं और कुछ नॉवेल्टी फ़्लैशलाइट्स भी हैं, जैसे बंदूक की शेप में। उनका यह कलेक्शन पुणे के उनके दो-बैडरूम फ्लैट में है, जो वीकेंड पर विजिटर्स के लिए खुला रहता है। उनका सपना है कि वह एक दिन भारत का पहला फ़्लैशलाइट म्यूजियम स्थापित करें।**




प्रतिबिंब ● शाहिद ए चौधरी

भारत के बहुत से स्थानीय मंदिरों में स्थापित मूर्तियां प्राचीन रोम के गिरजाघरों से भी पुरानी हैं। आम आदमियों के घरों में भी प्राचीन विरासती माल असबाब, कलाकृतियां, जेवरात आदि मिल जायेंगे। सवाल यह है कि इस धरोहर को कैसे सुरक्षित व संरक्षित रखा जाये? वेबसाइटस, म्यूजियम्स, मेमोरी प्रोजेक्ट्स व कॉफी टेबल बुक्स ने निश्चितरूप से इस संदर्भ में मदद की है। फिर मई 2025 में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने हर घर म्यूजियम की पहल की, ताकि देशभर के घरों में जो कलाकृतियां संरक्षित हैं और कलेक्टर्स ने बड़ी मशक्कत से जो खजाना एकत्र किया है उसे डॉक्यूमेंट किया जा सके। इस कार्यक्रम को कोलकाता में नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम्स (एनसीएसएम) के जरिये रोल आउट किया गया, जिसने प्रस्तुत किये गये सैंकड़ों फोटोग्राफ, वीडियोज और प्रामाणिकता के दस्तावेजों को स्कैन किया है, दुर्लभ कलाकृतियों का ऑनलाइन कोष बनाने के लिए और वह भी इस योजना के साथ कि देशभर के अन्य स्थानीय म्यूजियमों को इस मुहिम में शामिल कर लिया जाये। अब तक जो 154 कलाकृति व व्यक्तिगत कलेक्शंस सबमिट किये गये हैं उनमें से 18 के सोशल मीडिया कंटेंट इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स व यू-ट्यूब पर पोस्ट कर दिये गये हैं। इस पहल के लिए एक वेबसाइट और एक स्वतंत्र सोशल मीडिया पहचान के लिए भी कार्य चल रहा है। ऐसा सत्यजीत एन सिंह का कहना है जो एनसीएसएम के जन संपर्क अधिकारी (पीआरओ) हैं। जिन संग्रहकताओं को सूची में शामिल किया गया है उनमें से कुछ यह हैं -



कोलकाता के 61-वर्षीय रिटायर्ड व्यापारी सौविक रॉय बुनियादी तौर पर फिलाटेलिस्ट हैं यानी वह डाक टिकट संग्रह करते हैं। उनके संग्रह में स्टाम्प, सिक्के... ओलियोग्राफ, लिथोग्राफ ... और पेंसिल हैं। वह हंसते हुए बताते हैं कि न जाने कैसे पेंसिल सबसे दुर्लभ व सबसे कीमती आइटम हो गई हैं। उनके पास जो 6,500 पेंसिल हैं उनमें से कुछ तो 100 साल से भी ज्यादा पुरानी हैं। एक 1935 के कलकत्ता की पेंसिल इतनी मोटी है कि उस पर कैलेंडर लिपटा हुआ है। एक चीनी मार्किंग पेंसिल है जिसका कोर ग्रीज या मोम का है ताकि ग्लास या मेटल पर उसे प्रयोग किया जा सके। फिर देवदार की लकड़ी से बनी मोटी पेंसिलें हैं जो संभवतः 100 वर्षों से भी अधिक पुरानी हैं और कुछ विंटेज पेंसिल हैं जो सिगरेट व टूथपेस्ट के लिए विज्ञापनों में लिपटी हुई हैं। शार्पनर्स भी हैं, 1920 के दशक के। इनमें से एक धातु से साइकिल-रिक्शा की तरह बना हुआ है। रॉय बताते हैं, 'जो हम एकत्र करते हैं वह हमारा ही हिस्सा होता है। मुझे लगता है कि यह चीजें जीवित हैं और मैं अक्सर इन से बातें करता हूं। मुझे नहीं मालूम कि इन चीजों का भविष्य क्या है, लेकिन इन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए।'

यह उन प्रश्नों में से एक है जिनका उत्तर हर घर म्यूजियम पहल को देना चाहिए। इस पहल का दीर्घकालीन लक्ष्य यह होना चाहिए कि रॉय जैसे लोग अपने संग्रह की वसीयत एनसीएसएम के नाम कर दें ताकि उनकी कीमती चीजों को क्षेत्रीय, सरकार संचालित म्यूजियमों में सुरक्षित जगह मिल सके। सिंह का कहना है कि बहुत से लोग अपने संग्रह को दान करना चाहते हैं। पहल के तहत इस प्रकार की कलाकृतियां क्षेत्रीय म्यूजियमों में प्रस्तावित नेशनल म्यूजियम ऑफ पीपल्स कलेक्शन में रखी जा सकती हैं।

उत्तर कोलकाता की एक गली में दिवंगत साउंड-इंजीनियर सुशील कुमार चटर्जी का तीन मंजिला मकान है। इसके पहले माले पर कीमती कलेक्शन है, जिसमें मौजूद हैं पहले विश्व युद्ध का स्पाई कैमरा, विनाइल रिकॉर्ड जिसमें कैद है रबींद्रनाथ टैगोर की आवाज, 1912 का पॉकेट माइक्रोस्कोप, पहले विश्व युद्ध के दौरान ऑस्ट्रेलिया की नौसेना द्वारा इस्तेमाल किया गया सनडायल, 18वीं शताब्दी की इंडिगो प्लांटेशन घंटी जिसमें कट-ग्लास लगे हुए हैं और जिसके मालिक ब्रिटिश थे। चटर्जी के 2021 में निधन के बाद इस संग्रह की देखभाल उनके 58-वर्षीय पुत्र गौतम चटर्जी कर रहे हैं, जिनका कहना है, ह्लडैड इसे अथेर आश्रय (अतीत के लिए स्वर्ग) कहा करते थे।ह्व गौतम अक्सर यहां आकर खामोशी में बैठ जाते हैं और सोचते हैं कि जो आवाजें उन्हें सुनायी देती हैं वह उनके पिता सहित उन लोगों की हैं जो कभी इन चीजों के मालिक थे और अब अपने खजाने को चेक करने के लिए आते हैं।

वलसाड़, गुजरात में 44-वर्षीय समीर कुमार आर्य ने हजारों माचिस एकत्र की हुई हैं, जिनमें से कुछ सौ साल से भी पुरानी हैं। वह इसे अपना 'जेब में म्यूजियम' कहते हैं। आर्य ने थीम के अनुसार माचिसों को लगाया हुआ है। शुरूआती माचिसों पर हिन्दू देवी-देवताओं व पौराणिक हस्तियों की तस्वीरें बनी हुई हैं, जो अधिकतर राजा रवि वर्मा की कला से प्रेरित हैं। देवी देवताओं की तस्वीरें इसलिए थीं ताकि उन्हें तेल, साबुन व लोशन के छोटे छोटे विज्ञापनों के साथ सुरक्षित रखा जा सके, कोई उन्हें फेंके नहीं। इसके बाद शाही पोट्रेट, आजादी के नारों व प्रतीकों और स्वदेशी आंदोलन के लेबल वाली माचिसें आयीं। इनका आर्य के कलेक्शन में एक अलग सेक्शन है। ग्वालियर, मध्य प्रदेश के 20-वर्षीय कॉलेज छात्र शिवांश अरोड़ा के पास अब तक सबमिट की गई सबसे पुरानी कलाकृतियां हैं। उनके पास जो 70 देशों के सिक्के, स्टाम्प व करेंसी नोट्स हैं, उनमें कॉपर के सिक्के भी हैं जो तीसरी से चैथी शताब्दी में पद्मावती के नागा द्वारा जारी किये गये थे। साथ ही उनके पास लगभग 300 साल पुराने चांदी के पंच-मार्का वाले सिक्के भी हैं, ग्वालियर के सिंधिया वंश के। पुणे के 39-वर्षीय ऑटोमोटिव डिजाइनर महेश लोणकर ने 1200 से अधिक फ़्लैशलाइट्स एकत्र की हुई हैं, जिनमें से कुछ को पहले विश्व युद्ध के दौरान सैनिकों ने प्रयोग किया था, कुछ बोर्ड सबमरीन में इस्तेमाल हुई थीं और कुछ नॉवेल्टी फ़्लैशलाइट्स भी हैं, जैसे बंदूक की शेप में। उनका यह कलेक्शन पुणे के उनके दो-बैडरूम फ्लैट में है, जो वीकेंड पर विजिटर्स के लिए खुला रहता है। उनका सपना है कि वह एक दिन भारत का पहला फ़्लैशलाइट म्यूजियम स्थापित करें।

एनसीएसएम के महानिदेशक एडी चौधरी का कहना है, 'यह केवल व्यक्तिगत संग्रह नहीं हैं बल्कि विरासत की तस्वीर हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि यह पहल युवाओं को एकत्र व संरक्षित करने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित करे। आखिरकार अतीत को अनदेखा तो नहीं किया जा सकता। वह पेड़ की जड़ों की तरह है, जिनके बिना शाखों का कोई अस्तित्व नहीं होता।'

## आप की बात

### बुनियादी क्षेत्र का विकास

प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन की समस्या अभी भी सघन रूप में विद्यमान है। विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी।

आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कमी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

### रोजगार पर संकट

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी के बाद जो आर्थिक परिवर्तन देखने को मिला उसमें हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। कोरोना के बाद आईटी, ऑटोमेशन, एआई का दौर आया और इससे करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़ रहा है। इसलिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार परक शिक्षा दी जाये ताकि वे रोजगार प्रदाता बन सकें। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है।

**जयशंकर द्विवेदी, लखनऊ.**

# त्रेता युग की दिव्यता से सजेगा गुप्तार पार्क

(करूणाकर दूबे)

**अयोध्या।** गुप्तार घाट अब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि रामायणकालीन आस्था और आधुनिक पर्यटन के समन्वय का जीवंत प्रतीक बनता जा रहा है। त्रेता युग में भगवान श्रीराम की मर्यादित जीवन-लीला से जुड़ा यह पावन स्थल आज योगी सरकार के प्रयासों से नए वैभव की ओर अग्रसर है। जिस धरती पर प्रभु श्रीराम ने मानव रूप में अपने अवतार की लीला पूर्ण की, वही गुप्तार घाट अब श्रद्धा, संस्कृति और सौंदर्य का संगम बन रहा है। इसी कड़ी में स्थित गुप्तार पार्क को भी नए स्वरूप में संवारा जा रहा है। यहां विकसित की जा रही झील, हरित लैंडस्केपिंग और आधुनिक सुविधाएं श्रद्धालुओं और पर्यटकों को त्रेता युग की अनुभूति के साथ प्रकृति के सान्निध्य में ठहरने का अवसर देंगी। योगी सरकार के सतत प्रयासों से अयोध्या का यह हिस्सा वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएगा, जहां राम की स्मृति, सरयू की शांति और आधुनिक विकास का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। परियोजना पूर्ण होने पर गुप्तार घाट अयोध्या के पर्यटन मानचित्र में एक नए अध्याय के रूप में जुड़ जाएगा। रामनगरी अयोध्या में सरयू नदी के तट पर स्थित गुप्तार पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य जोरों पर है। योगी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत राजकीय उद्यान विभाग द्वारा 842.26 लाख रुपये की लागत से कंपनी गार्डन क्षेत्र में कृत्रिम झील सहित व्यापक विकास कार्य कराया जा रहा है। राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा संचालित यह परियोजना मई तक पूरी होने की संभावना है। इसके पूर्ण होते ही यहां का दृश्य ऐसा होगा, मानो त्रेता युग की दिव्यता आधुनिक स्वरूप में साकार हो उठी हो, जहां हर कोना रामकथा की स्मृतियों से जुड़ा प्रतीत होगा। योगी सरकार का लक्ष्य अयोध्या को केवल धार्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि वैश्विक आध्यात्मिक-पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इसी सोच के तहत गुप्तार घाट को विशेष महत्व दिया गया है। विभिन्न चरणों में चल रहे विकास कार्यों से इस ऐतिहासिक घाट का कायाकल्प हो रहा है और श्रद्धालुओं को पहले से कहीं अधिक सुविधाजनक और दिव्य अनुभव मिल रहा है। गुप्तार घाट का पौराणिक महत्व अत्यंत गहन और भावनात्मक है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने यहीं सरयू नदी में जल समाधि लेकर अपने अवतार की लीला पूर्ण की थी। ह्गुप्तारह्ल शब्द का अर्थ ही गुप्त रूप से वैकुंठ गमन से जुड़ा है। धार्मिक ग्रंथों में इसे गोप्रतार तीर्थ अथवा गुप्त हरि स्थान के नाम से भी जाना गया है। कहा जाता है कि यहां स्नान, ध्यान और दर्शन से मोक्ष की प्राप्ति होती है। घाट पर स्थित राम-जानकी मंदिर, चरण पादुका, नरसिंह मंदिर, हनुमान मंदिर और गुप्त हरि मंदिर श्रद्धालुओं को त्रेता युग की घटनाओं से जोड़ते हैं। 19वीं शताब्दी में राजा दर्शन सिंह द्वारा पुनर्निर्मित यह घाट आज भी अपनी शांत, आध्यात्मिक और प्राकृतिक छटा के लिए प्रसिद्ध है। राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के सहायक अभियंता संजय सिंह के अनुसार, वर्तमान परियोजना में कृत्रिम झील मुख्य आकर्षण होगी। यह झील न केवल सौंदर्य बढ़ाएगी, बल्कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को योग, ध्यान और आत्मिक शांति का विशेष अनुभव देगी। सरयू तट के समीप विकसित यह जल संरचना त्रेता युग की तपोभूमि की भावना को आधुनिक रूप में प्रस्तुत करेगी। गुप्तार पार्क में बाउंड्री वॉल पुट्टी, पाथवे का निर्माण प्रगति पर है। कार्यालय, गार्ड रूम, टिकट काउंटर, मीटर रूम एवं शौचालयों में फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। गजिबो और योगा शेड की पेंटिंग जारी है। स्थल विकास, लैंडस्केपिंग और विद्युतीकरण का कार्य भी तेजी से हो रहा है। झील के आरसीसी वॉल एवं ब्रिज का निर्माण प्रगति पर है। फाउंटेन और कैंटीन की मरम्मत की जा रही है। मुख्य गेट फिनिशिंग स्तर पर है, वहीं वाटर बॉडी टैंक का डिस्मेंटलिंग कार्य जारी है। वृहद लाइट और हाईमास्ट लाइट के लिए स्थल चयन पूर्ण हो चुका है।

जिला उद्यान अधिकारी अरुण तिवारी ने बताया कि यह परियोजना गुप्तार पार्क को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रही है।

- राजकीय उद्यान विभाग की परियोजना, पर्यटकों को मिलेगा सुखद और आध्यात्मिक अनुभव
- 842.26 लाख रुपये की लागत से चल रहा निर्माण कार्य, मई तक पूरी होगी परियोजना
- पार्क का सौंदर्यीकरण तेज, नई झील लगाएगी चार चांद



# राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए कृषक संजीव कुमार गौड़



**बहराइच।** राज भवन प्रांगण लखनऊ में 06 से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली प्रादेशिक फलए शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दौरान आकांक्षी जनपद बहराइच के प्रगतिशील कृषक संजीव कुमार गौड़ को एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक से बिष मुक्त पपीता की खेती के लिए मा0 राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन मफतभाई पटेल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषक श्री गौड़ ने मौजूद कृषकों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया तथा कृषि उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए आईपीएमएम विधि से विषमुक्त खेती करने के लिए कृषकों को प्रेरित भी किया। राज भवन प्रांगण में आयोजित 03 दिवसीय प्रादेशिक फलए शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के प्रथम दिन निर्णायक कमेटी द्वारा जनपदों की ओर से लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया गया। निर्णायक मण्डल द्वारा जनपद बहराइच के कृषक रवि कुमार अग्रवाल को रंगीन शिमला मिर्च ;लालद्ध एवं जरबेरा ;लाल रंगद्ध के लिए प्रथम पुरस्कारए कृषक लालता प्रसाद गुप्ता को केला ;सब्जीद्ध के लिए प्रथम एवं शहद के लिए शत्रोहन यादव व फूलचन्द्र गिरी को क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। इस प्रकार जनपद को 03 श्रेणियों में कुल 05 पुरस्कार प्राप्त हुए। कृषकों द्वारा अर्जित की गई उपलब्धि के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि औद्यानिक फसलों में आकांक्षी जनपद के कृषकों को पुरस्कृत होना जनपदवासियों के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि राजभवन प्रांगणए लखनऊ में आयोजित होने वाली 03 दिवसीय प्रादेशिक फलए शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी के नेतृत्व में वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा एवं जनपद के प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

- राजभवन में आयोजित प्रदर्शनी में जनपद 03 श्रेणियों में मिले 05 पुरस्कार

# मंदिरों में चोरी करने वाले दो चोर चढ़े पुलिस के हत्थे



**बाराबंकी।** थाना हैदरगढ़ व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने 2 अभियुक्तों को चोरी की चांदी व 7 हजार रुपये नकद, औजार बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि संयुक्त पुलिस टीम ने पंजीकृत मु0अ0सं0 40/2026 धारा 305(क) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम कछवा थाना सुबेहा व जय विश्वकर्मा पुत्र कृष्णानन्द विश्वकर्मा मदारपुर तिराहा थाना कोठी, हालपता देवीगंज भिटरिया रोड थाना असन्द्रा को चोरी की 4 किलो 769 ग्राम चांदी, 7 हजार रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त कटर, प्लास बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ मे अभियुक्त ने बताया कि मंदिरों की रेकी करने बाद चिन्हित मंदिर में रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम देता है। तथा चोरी की चांदी आदि कीमती सामान को देवीगंज स्थित ज्वैलर्स की दुकान पर जय विश्वकर्मा पुत्र कृष्णानन्द को सस्ते दाम पर बेंच देता है।

# होलिकादहन स्थल पर बनेगा पार्क

**अयोध्या।** नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत महापौर गिरीश पति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने अमानीगंज वार्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने होलिका दहन स्थल पर पार्क बनवाने एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगवाने पर सहमति जताई। सुबह के लगभग पौने आठ बजे महापौर व नगर आयुक्त अमानीगंज वार्ड के बहादुरगंज स्थित पीपल के पेड़ के पास पहुंचे तो पार्षद प्रतिनिधि सुनील यादव ने स्थानीय नागरिकों के साथ उनका स्वागत किया। यहां स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग की। महापौर ने अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ को नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) से समन्वय स्थापित कर आवास दिलाने का निर्देश दिया। थोड़ा आगे बढ़ने पर सेवानिवृत्त कैप्टन डीके उपाध्याय ने निमार्णाधीन साहबगंज नाले से छोटे नाले-नालियों को जोड़ने की मांग उठाई। महापौर ने आर्यावर्त अकादमी के पास नाला तक जाकर स्थिति का अवलोकन किया और सहायक अभियंता राजपति यादव को अयोध्या विकास प्राधिकरण से संपर्क कर लोगों की जरूरत को देखते हुए नालियों को नाले से लिंक करने का निर्देश दिया। उन्होंने यहां गंदगी देखने पर नाराजगी जताई और कूड़ा हटवा कर सफाई कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान वृद्ध ज्ञानमती ने पेंशन की मांग की तो वहीं कई जगह गंदगी देखकर महापौर ने गोबर हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने क्रॉसिंग एवं नालियों पर टूटी हुई पटिया ठीक करने का भरोसा दिया। उन्होंने परिक्रमा मार्ग पर नाला निर्माण के चलते घरों के सामने जल भराव को देखकर नाराजगी जताई। पठान टोलिया के पास बिजली का खंभा टेढ़ा होने पर नगर आयुक्त ने संबंधित विभाग को खंभा बदलवाने का निर्देश दिया।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि पार्षद सुमन यादव के आग्रह पर होलिका दहन स्थल पर छोटे-छोटे पार्क बनवाने झूला एवं स्लाइड लगवाने के साथ ही बाबा साहब की प्रतिमा लगवाने का वादा किया। पठान टोलियां में आराध्या गौतम ने पेयजल समस्या की ओर महापौर का ध्यानाकर्षण कराया। वार्ड में शौचालय बंद होने को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, महाप्रबंधक जलकर सौरव श्रीवास्तव, निर्माण खंड के सहायक अभियंता राजपति यादव, भाजपा के मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, धनंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

- नगर की सरकार आपके द्वारह्ल अभियान के तहत महापौर व नगर आयुक्त ने किया भ्रमण
- क्षतिग्रस्त पटिया बदलने एवं पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने का महापौर ने दिया निर्देश



# दूल्हदेपुर कुटी में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने किया स्थलीय निरीक्षण



**टिकैतनगर, बाराबंकी।** स्वः हरिशंकर दास बाबा की स्मृति में दूल्हेदेपुर कुटी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियो का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने स्थलीय निरीक्षण किया। 1008 हिंद केसरी पहलवान की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। तथा अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली, चिकित्सा सुविधा, यातायात व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान एडीएम निरंकार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

# एसपी ने निरीक्षक को किया संमानित



**बहराइच।** जनपद बहराइच में नियुक्त उपनिरीक्षक के निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें बैच व स्टार लगाकर सम्मानित किया गया।*

बहराइचपुलिस अधीक्षक द्वारा उपनिरीक्षक पद पर तैनात उपनिरीक्षक को निरीक्षक पद पर प्रोन्नति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए व उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जल भविष्य की कामना की गई, साथ ही उन्हें लगन व कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित गयाइस अवसर पर उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के साथ-साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण द्वारा शुभकामनाएं दी गईं।

# डीएम-एसपी ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

**बाराबंकी।** शिवरात्रि फाल्गुनी मेला 2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्नान घाटो, दर्शन पथ, मेला क्षेत्र एंव आवागमन मार्गो की व्यवस्थाओ का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 5 जोन एवं 9 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में जोनल मजिस्ट्रेट, प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती, काउंटरपार्ट पुलिस अधिकारियों की तैनाती के साथ प्रमुख स्थलों पर मजबूत बैरिकेडिंग, नियंत्रित प्रवेश-निकास व्यवस्था तथा निरंतर निगरानी की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं कांवड़ियों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता इसके लिए सतत निगरानी के निर्देश दिए गए है। मेला अवधि के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय एवं सतत निगरानी के साथ कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर सभी संवेदनशील स्थलों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों की सतत मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम को क्रियाशील रखा जाएगा। इस दौरान एडीएम निरंकार सिंह, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम रामनगर गुंजिता अग्रवाल सहित सभी सम्बन्धित जनपदस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

- कांवड़ियों की सुरक्षा हेतु सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़, सतत निगरानी के निर्देश-डीएम
- सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 5 जोन एवं 9 सेक्टरो मे किया गया विभाजित
- महादेवा शिवरात्रि मेला



# चाइनीज मांझे को लेकर कुमारगंज पुलिस सतर्क, चलाया सघन चेकिंग अभियान



**मिल्कीपुर,-अयोध्या।** चाइनीज मांझे से हो रही लगातार दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कुमारगंज पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर शुक्रवार को थानाध्यक्ष कुमारगंज संतोष कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में चाइनीज मांझे के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बाजारों में स्थित पतंग व अन्य दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से चाइनीज मांझा न बेचने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कोई भी दुकानदार चाइनीज मांझा बेचते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने ने बताया कि चाइनीज मांझे से आए दिन गंभीर हादसे हो रहे हैं, जिसमें कई लोग घायल हो चुके हैं और जान तक जा चुकी है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा भी इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

यदि चाइनीज मांझे के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो संबंधित के खिलाफ सीधे हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं, चैकी चिलबिली प्रभारी शैलेंद्र त्रिपाठी ने भी अपने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर दुकानदारों को चाइनीज मांझा न रखने की हिदायत दी। इसके अलावा देवगांव चैकी प्रभारी अशोक कुमार पाठक ने भी अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग करते हुए व्यापारियों और आम लोगों को चाइनीज मांझे के खतरों के प्रति जागरूक किया। इस अभियान में उप निरीक्षक गौरव पांडे, आकिल हुसैन एवं विमल यादव ने भी थाना क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में भ्रमण कर चेकिंग की और दुकानदारों से अपील की कि वे प्रतिबंधित चाइनीज मांझा न बेचें। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा कि यदि कोई व्यक्ति चाइनीज मांझा बेचता या उपयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ विधि के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# वृहद सहायता और सेवा शिविर आयोजित

**बहराइच।** कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर तहसील सदर बहराइच के प्रांगण में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया गया साथ ही साथ आमजनमानस को चिन्हित कर लाभान्वित भी किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय ने बताया कि 22 फरवरी 2026 को कपूरथला आडिटोरियम में आयोजित होने वाले वृहद मेगा शिविर से पूर्व तहसील स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुश्री राय ने आमजन से अपेक्षा की कि शिविर का भरपूर लाभ उठायें।

# सिर्फ त्योहारो पर ही खाद्य विभाग सक्रिय होकर छापेमारी की निभाते औपचारिकता



आसिफ अहमद खान

**बाराबंकी।** खुले जूस की बिक्री करने वालों पर खाद्य विभाग की निरंतर कार्यवाही न होना अस्वच्छता और मिलावट को बढ़ावा दे रही है। सड़े-गले फल, धूल-मिट्टी और बिना ग्लब्स पहने हाथो मे लगे कीटाणु सीधे जूस मे जाकर गंभीर बीमारियां होने का खतरा बनते है। खुला जूस अक्सर मक्खियों और धूल के बीच बेचा जाता है, जिससे यह दूषित हो जाता है। लेकिन ऐसे दुकानदारो पर खाद्य विभाग की निरंतर कार्यवाही न होना अस्वच्छता, मिलावट व गंदगी को तो बढ़ावा देती ही है। तो वही लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनते है। स्वस्थ रहने के लिए लोग जूस पीने को काफी महत्व देते है। लेकिन दुकानदार न सिर्फ मिलावट करते हैं बल्कि जूस बनाने के लिए सड़े हुए फलों का इस्तेमाल भी करते है। जिन पर सिर्फ त्योहारो पर ही खाद्य विभाग अभियान चलाकर सक्रिय होकर छापेमारी की औपचारिकता निभाते हैं। जबकि मिलावटखोर साल भर सक्रिय रहते हैं। शहर के निबलेट, नाका सतरिख चैराहे पर खुले जूस की ब्रिकी करने वाले दुकानदारो पर खाद्य सुरक्षा विभाग को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

- खुले जूस की ब्रिकी करने वालो पर खाद्य विभाग की निरंतर कार्यवाही न होना
- लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा

लोगो की सेहत के लिये खतरा बन रही खुले जूस की दुकाने

# डीएम की अध्यक्षता में लगा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर




**बहराइच।** आपाधापी के युग में आमजन विशेष कर शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों में बढ़े रहे मानसिक तनाव एवं मानसिक रोग के प्रति लोगों में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने तथा मानसिक रोगों के लक्षणों एवं कारणों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के माध्यम से कलेक्ट्रेट तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के लगभग 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शिविर का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अपर जिलाधिकारी अमित कुमार के साथ शुभारम्भ करते हुए कहा कि आधुनिक जीवन शैली एवं कार्य के बोझ के कारण के आज बुजुर्गों के साथ-साथ युवा वर्ग भी मानसिक रूप से तनाव में रहते हैं। उन्होंने कहाकि शिविर के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानसिक स्ट्रेस को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने मौजूद लोगों को मेडीटेशन व योगा के माध्यम से भी तनाव कम करने की सलाह दी। डीएम श्री त्रिपाठी टीम लीडर मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. विजित जायसवाल को निर्देश दिया कि जिले के अन्य कार्यालयों में भी नियमित अन्तराल पर शिविर का आयोजन करते रहें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. विजित जायसवाल ने कहा कि शराब और ड्रग्स के सेवन से मानव जीवन में मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं पैदा हो रही है। उन्होंने कहाकि यदि किसी व्यक्ति में स्पष्ट रूप से सोचने और दैनिक कार्यकलापों को करने में कठिनाई, बार-बार एवं अतार्किक (गलत) विचारों का आना, आदत, मन (इच्छा) एवं एकायता में अचानक परिवर्तन, वैसी चीजों को देखना और सुनना जो आस-पास मौजूद नहीं हो, आत्म हत्या का विचार बार-बार आना एवं आत्म हत्या से संबंधित आचरण करना, क्रोध, भय, चिंता, अपराध बोध या उदासी या खुशी की लगातार अनुभूति, डाक्टर की सलाह के बिना औषधियों, शराब या तम्बाकू का अत्यधिक सेवन, व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व में परिवर्तन, सामाजिक मेल-जोल में परिवर्तन और व्यावसायिक कार्य में समस्याएं पैदा हो रही हैं तो ऐसे व्यक्ति् को तत्काल चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। डॉ. जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओ.पी.डी. चिकित्सालय परिसर स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय में संचालित है। जहां पर प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिए काउंसलिंग एवं दवाइयां निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कोई मानसिक रोगी या उसके अभिभावक भारत सरकार द्वारा संचालित टेलीमानस सेवा के टोल फ्री नंबर 14416 अथवा 1800-891-4416 पर संपर्क करके आपातकाल स्थिति में मानसिक स्वास्थ्य के सम्बन्ध परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मानसिक स्वास्थ्य टीम के मानसिक सामाजिक कार्यकर्ता हरीश कुमार, मूल्यांकन अधिकारी मुकेश कुमार हंस, कम्यूनिटी नर्स सीमा कुमारी, केस रजिस्ट्री सहायक अजय प्रताप सिंह एवं वार्ड सहायक मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गन्ना लदी ट्राली में भिड़ी कार, प्रवक्ता सहित चार घायल

**अयोध्या।** प्रयागराज हाइवे पर पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में लंगड़ा की चैकी के पास एक कार गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से जा भिड़ी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और इंटर कालेज के एक प्रवक्ता समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को शुक्रवार भोर जिला अस्पताल लाया गया। जहां परीक्षण के बाद हालत गंभीर देख इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर वीरेंद्र वर्मा ने सभी को उपचार के लिए भर्ती किया है।

बताया गया कि प्रतापगढ़ जनपद के मूल निवासी सतीश वर्मा (35 वर्ष) पुत्र दयाराम वर्मा जिले के किसान इंटर कॉलेज तारुन में प्रवक्ता हैं। गुरुवार की रात वह सुनील चैधरी (27 वर्ष) पुत्र शिवनाथ निवासी नागपाली थाना तारुन, आर्यन चैधरी (18 वर्ष) पुत्र पप्पू चैधरी निवासी दत्त का पुरवा थाना कैंट, अभिषेक यादव (18 वर्ष) पुत्र राजेश यादव निवासी मलिकपुर मजरे कादीपुर के साथ शहर से कार से वापस आ रहे थे।

इसी दौरान उनकी कार लंगड़ा की चैकी के पास गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली में टकरा गई।

हादसे के बाद गन्ना ट्राली भी पलट गई चारों लोग घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस से सभी चारों घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि दुर्घटना में घायल शिक्षक समेत चार को भोर जिला अस्पताल लाया गया था। सभी को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। पूरा कलंदर थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।

संक्षेप

## हत्या के मामले में 9 को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली नगर के चुनहा में बीते 23 जनवरी को हैदर अब्बास की हुई हत्या करने के मामले में आरोपी तौकीर हुसैन की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए सेशन कोर्ट ने पुलिस से रिपोर्ट तलब की है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि नौ फरवरी को सुनवाई नियत हुई है। अफरोज बानो ने पड़ोसी खादिम, उसकी मां बिलकिश बानो, तौकीर हुसैन और अन्य पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में खादिम की पत्नी शकिना बानो को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, लेकिन कोर्ट ने उसका रिमांड वापस कर दिया था।

## युवक की कार का शीशा तोड़ा, जतायी हमले की आशंका

**नसीराबाद, रायबरेली।** गुरुवार की रात नसीराबाद थाना क्षेत्र के कांटा गांव में बारात के दौरान अराजक तत्वों ने एक कार का शीशा तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार कांटा गांव निवासी संपता मौर्या के यहां अमेठी जनपद के पूरब गांव बनबसा से बारात आई थी। बारात में बहादुरपुर क्षेत्र से विनोद मौर्य भी शामिल हुए थे विनोद मौर्य ने बताया कि लगभग साढ़े नौ बजे वह अपनी कार खड़ी कर द्वार पूजा में शामिल होने चले गए। द्वार पूजा सम्पन्न होने के बाद जब वह गाड़ी के पास पहुंचे तो देखा कि कार के आगे और पीछे का शीशा ईंट मारकर तोड़ा गया था। ग्रामीणों के अनुसार तीन-चार युवक मुंह में अंगोछा बांधकर आए थे और पत्थर मारकर मौके से फरार हो गए घटना की सूचना विनोद मौर्य ने यूपी 112 पुलिस को फोन कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौजूद लोगों से पूछताछ कर थाने को अवगत कराया। विनोद मौर्य ने आशंका जताई कि बदमाश उन पर हमला करने के इरादे से आए थे, लेकिन गाड़ी में न पाकर शीशा तोड़कर भाग गए। वहीं थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि कार रोड पर खड़ी थी और किसी अज्ञात व्यक्ति ने शीशे पर पत्थर मारा है। पुलिस मौके पर गई थी और संबंधित व्यक्ति को थाने बुलाया गया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही।

## जनता आवारा पशुओं के आतंक व बिजली के बिल से परेशान

**रायबरेली।** विधानसभा ऊंचाहार के मेलथुवा, पुराना पुरवा, घूरी, तिवारीपुर, कटरा, चूली, साईं टिकरिया, पड़रिया आदि गांव में चैपाल, नुक्कड़ सभा व जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं उसको पूरा करने का भरोसा दिया इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि मेरा यही प्रयास है कि हमारी ऊंचाहार की जनता को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो आज ऊंचाहार की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करना चाहती है इसको बचाने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जसवंत सिंह चैहान, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र त्यागी, अखिलेश यादव, नरेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, रहीमुद्दीन, यदुनंदन सिंह यादव, मोहित सिंह, अजीत यादव, दिनेश यादव, रमेश गुप्ता, पप्पू लोधी, रोहित पाल, सुनील पाल, शिवप्रसाद, महेश सरोज, सुनील लोधी, छत्रपाल लोधी, संतोष सिंह, शरद त्रिपाठी, उषा गौतम, मनीष यादव, गणेश प्रसाद, बृजेश पाल, सलमान, चंद संतोष तिवारी, चंदन लोधी, सविता सरोज आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा घायल

## नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया गांव के पास हुआ हादसा



**परशदेपुर, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के धरई-सिससनी मार्ग पर पिछवरिया गांव के पास शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब दो बजे मौरंग व सरिया लदे एक ट्रैक्टर की सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक पर सवार ग्राम बेवल निवासी 22 वर्षीय अनूप उर्फ गोलू प्रजापति पुत्र जीतलाल की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसी गांव का उसका 20 वर्षीय साथी रामचन्द्र पुत्र रामसजीवन गंभीर रूप से घायल हो गया। मेहदीगंज स्थित बैंक में अपने खाते से संबंधित मोबाइल नंबर अपडेट कराने के बाद बाइक से घर वापस लौट रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही नसीराबाद थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल युवक को 102 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी नसीराबाद पहुंचाया गया, जहां मौजूद अधीक्षक डॉ. आशीष कुमार ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक अनूप उर्फ गोलू रायबरेली में आईटीआई का छात्र था। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां कृष्णा देवी, पिता जीतलाल, बहन साधना, भाई अनुज और छोटे भाई आवेश का रो-रोकर बुरा हाल है।

## वक्फ सम्पत्ति का विवरण 15 को करायें फीड

**रायबरेली।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ रायबरेली महिमा ने बताया है कि सर्वे कमिश्नर वक्फ, लखनऊ द्वारा उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल, 2025 पर वक्फ सम्पत्तियों के पंजीकरण के संबंध में उ०प्र० वक्फ न्यायाधिकरण, लखनऊ के आदेश द्वारा पुनः छः माह का समय बढ़ाने के सम्बन्ध में पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों के पंजीकरण एवं उसे एप्रूव किये जाने के सम्बन्ध में समय-सारणी निर्धारित किये जाने की सूचना उपलब्ध करायी गयी है, जिसके अनुसार पोर्टल पर मुतवल्ली (मेकर) द्वारा विवरण पंजीकृत करने की अन्तिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है। पोर्टल पर मुतवल्ली (मेकर) द्वारा भरे गए विवरण को वक्फ बोर्ड द्वारा चेक करने की अन्तिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित है। वक्फ बोर्ड के स्तर से एप्रूव किए जाने की अन्तिम तिथि 5 जून निर्धारित की गई है।

# धड़ल्ले से बिक रही हैं प्रतिबंधित नकली और नशीली दवाएं

**जगदीशपुर, अमेठी।** क्षेत्र के अंतर्गत प्रतिबंध नकली व नशीली दवाइयां धड़ल्ले से क्षेत्र के मेडिकल स्टोरों पर बिक्री हो रही है जहां संबंधित विभाग मुकदर्शक बना बैठा रहता है। सूत्रों की माने तो कुछ ऐसी प्रतिबंध दवाएं है जिसका प्रयोग लोग नशे के लिए करते हैं जबकि इन दवाइयों को डाक्टर के प्रिस्किप्शन पर ही लोगों को देना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। मेडिकल स्टोर्स संचालक नकली और नशीली दवाएं बैखौफ होकर बेच रहे हैं। नियम विरूद्ध तरीके से मेडिकल स्टोर्स संचालित करने वाले संचालकों को जिम्मेदार विभाग का खुला संरक्षण मिला हुआ है। यही कारण है कि अवैध तरीके से प्रतिबंध दवाएं बेची जा रहा है और औषधि प्रशासन विभाग अपने दफ्तर तक ही सिमटा हुआ है। जिम्मेदार अधिकारी मेडिकल स्टोर्स की ओर झांकना मुनासिब नहीं समझते हैं। जगदीशपुर विकासखण्ड क्षेत्र के रानीगंज ,वारिसगंज, जगदीशपुर, कमरौली, कठौरा, थौरी, आनन्दनगर, हारीमऊ, देवकली, सरेसर जाफरगंज व कनकूपुर आदि स्थानों पर कई ऐसे मेडिकल स्टोर हैं जहां बिना डॉक्टरों के पर्ची के दवाइयां बेची जा रही है। साथ ऐसी दवाएं भी दिया जा रहा है जिसपर प्रतिबंध लगा हुआ है। कुछ ऐसी दवाइयां है जिसका उपयोग नशेड़ी प्रवृत्ति के लोग नशे के लिए करते हैं इन दवाइयों को डाक्टर के प्रिस्किप्शन पर ही लोगों को देना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। मेडिकल स्टोर्स संचालक नकली और नशीली दवाइयां भी बेच रहे हैं, जिनसे नशा करने वाले युवा आसानी से नशीली दवाइयां खरीद लेते है और खुलेआम नशा करके नशे के आदी बनते जा रहे हैं। नशे की हालत में चोरी, छिनैती आदि अपराधिक कृत्य को भी अंजाम देते रहते रहे हैं।

इस बाबत सूत्र बताते हैं कि मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा बी फार्मा डिग्री धारी व्यक्ति को मेडिकल स्टोर्स में रखने की बजाए 04 से 06 हजार रुपए में दवाओं से संबंधित अनभिज्ञ युवकों को मेडिकल स्टोर्स पर रख लेते हैं, जिन्हें दवाइयों की कोई विशेष जानकारी नहीं होती हैं। क्षेत्र के कस्बों, चौक चौराहों व गांवों में मेडिकल स्टोरों की भरमार है। नियम विरुद्ध संचालित मेडिकल स्टोर नियमों का पालन न करते हुए डॉक्टरों के पर्चे के बिना लोगों को दवाइयां दे रहे हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले ज्यादातर लोगों के पास बी-फार्मा की डिग्री और रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। गिने-चुने मेडिकल स्टोर संचालकों के पास मेडिकल के रजिस्ट्रेशन और बी-फार्मा की डिग्री है।

# कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता



**तिलोई, अमेठी।** तिलोई ब्लाक क्षेत्र के सेमरौता कस्बे में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन अमरकंटक मध्य प्रदेश से पधारे कथा वाचक डॉ नरेन्द्र पाण्डेय जी महराज ने कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथा में आचार्य जी ने श्रीकृष्ण जन्म की लीला का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित से शुकदेव कहते हैं, कि संसार का कल्याण करने के लिए भगवान अवतार लेते है तथा जब-जब धर्म की हानि होती है, तब तब सज्जनों का कल्याण और राक्षसों का वध करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने जेल में वासुदेव के यहां अवतार लेकर संतो व भक्तों का सम्मान बढ़ाया। कथा व्यास ने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो वही मुख्य यजमान के साथ श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी गई, कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन गाकर कर भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। आचार्य ने भक्तों ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का रसपान हर व्यक्ति को करना चाहिए।इस अवसर पर यजमान सुरेश कुमार अग्निहोत्री व मनोज कुमारी के साथ सुशील पाण्डेय, कमलेश अग्निहोत्री, राम कुबेर बाजपेई, भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी, संतोष दीक्षित, उत्तम बाजपेई, रवि नाग चौरसिया, अंजू मिश्रा, संजू बाजपेई, शिम्पी, शालिनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाता है : डॉ.शशिकांत

- **न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का हुआ भव्य विदाई समारोह**

**महराजगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ,प्रधानाचार्य एन एस पी एस त्रिपुला एसऽएलऽप्रजापति, प्रधानाचार्य सलेथू राजीव सिंह एवं उप -प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सरस्वती मां की पूजा के पश्चात कक्षा-11 के छात्र- छात्राओं ने सभी गणमान्यों, शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं कक्षा -12 के छात्र- छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कक्षा -11 के छात्र- छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा-11 के छात्र खुशी, आस्था, प्रज्ञा, समीक्षा, प्रांजुल, नैमिष, सिद्धांत के द्वारा किया गया।





इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में सर्वप्रथम कशिश, अर्पिता, अनन्या, अनुश्री ,काव्या के द्वारा सभी गणमान्यों व अन्य सभी का स्वागत गीत के माध्यम से उनका स्वागत व अभिनंदन किया। परिधि, श्वेता, प्रज्ञा, समीक्षा के द्वारा फ्रेंडशिप सॉन्ग व आस्था, खुशी, गौरी, अनुष्का, अदिति, पुष्पांजलि, कशिश, मोनिका, सक्षम ,आयुष, आदर्श आदि के द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया साथ ही यशस्वी, मानसी, रिया, अंशिका अनुष्का और युगवीर, आकिब ,शशांक, पीयूष आर्यन पटेल आदि के द्वारा एक्ट प्रस्तुत किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में अंशिका, अंशिका वर्मा, अनामिका, कशिश, वैष्णवी, जीनत के द्वारा फेयरवेल सॉन्ग व समीक्षा, अनन्या, सोनाक्षी, एकता, राज, आदर्श, शुभम, आयुष आदि के द्वारा एक्ट प्रस्तुत किया गया।कक्षा -12 के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कक्षा-11 के विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह व टाइटल भेंट कर विदाई दी गई। इसी क्रम में कुछ छात्र व छात्राओं को पूरे वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रदर्शन के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिनमें बेस्ट पर्सनैलिटी मेल अक्षत वर्मा, बेस्ट पर्सनैलिटी फीमेल आयुषी पाण्डेय, स्टूडेंट ऑफ द ईयर जाह्नवी मिश्रा, स्टार परफॉर्मर ऑफ कल्चरल एक्टिविटी अवार्ड समीक्षा त्रिपाठी, पेरेनियल स्टूडेंट अवार्ड विकास ,अभिनव, उत्पल, स्वजल, नीरज, युगांत, समीक्षा, अर्शिया, आरोही, रिया, दिव्यांक, अनन्या, कोमल, श्रेया, अल्पेंद्र, कुनाल, अंकुर, देवांश, शशांक, अभिनव, हर्षित, मो.कैफ, आयुषी, देवांग, प्रिंस, आंशिक, अनामिका, अन्नू, मधु, यशी, आकांक्षा, आलोक, शिवांश, प्रज्ञा, खुशबू, शालिनी, दिव्यांश, शुभी, मुस्कान, यशी, पूजा, अवंतिका, सना फातिमा, मारिया, राजन, शुभ, आयुष, ऋषिकेश , धनराज, सुमित, हिमांशु, आयुष, शावेज, आकाश, अंशिका को दिया गया। तत्पश्चात कक्षा -12 के छात्रों द्वारा प्रबंधक को स्मृति- चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर प्रबंधक डा० शशिकांत शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाता है इसलिए हमेशा परिश्रम करते रहना चाहिए, शिक्षा ही वह सफलता की कुंजी है जो हर खुशियों के द्वार को खोल देती है। आप जब आगे बढ़ते है तो बहुत से लोग आप को नकारात्मकता की ओर ले जाने का प्रयास करेंगे लेकिन आपको इन सभी चीजों से दूरी बनाते हुए आगे बढ़ना है, उम्मीद करता हूं कि आगे भी आप सभी ऐसी ही लगन और मेहनत से अपने सभी कार्य करते रहेंगे और आगे चलकर नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे और साथ ही इस स्कूल का नाम भी रोशन करेंगे। आप सभी को हम सब की तरफ से आने वाले सुनहरे भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांग्रेस फिर रच रही लोकतंत्र से खिलवाड़ की साजिश, मतदाता सूची में धांधली बर्दाश्त नहीं

**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी ने कांग्रेस पार्टी पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान खुलेआम धांधली, फर्जी नाम जुड़वाने और दलित-पिछड़ा-सामान्य वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर कटवाने का गंभीर आरोप लगाया है। इसी के विरोध में भाजपा के एक विशाल प्रतिनिधिमंडल ने गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि ह्लअमेठी में कांग्रेस का इतिहास लोकतंत्र को कुचलने, बूथ कैप्चरिंग कराने और फर्जी मतदान के सहारे चुनाव जीतने का रहा है। कांग्रेस को जनता पर भरोसा नहीं, इसलिए वह हर चुनाव में वोट चोरी का रास्ता अपनाती है।ह्व उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता यह नहीं भूली है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में जगदीशपुर विधानसभा के ग्राम थौरी और गौरीगंज विधानसभा के गुर्जर टोला में जबरन फर्जी मतदान कराकर चुनाव को प्रभावित किया गया था। आज वही कांग्रेस एक बार फिर मतदाता सूची में हेराफेरी कर लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार कर रही है। सुधांशु शुक्ला ने आरोप लगाया कि वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में कांग्रेस सुनियोजित साजिश के तहत फर्जी नाम जुड़वा रही है और भाजपा समर्थक, दलित, पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग के वास्तविक मतदाताओं के नाम कटवाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने 4 फरवरी 2026 की घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि ग्राम ठेंगहा, तहसील अमेठी, बूथ संख्या 207 व 208 पर पुनरीक्षण अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव राकेश कुमार मौर्य एवं उनकी पत्नी ( जो किसी अन्य बूथ की इछड हैं ) ने कार्यकताओं को डराने-धमकाने, फॉर्म भरने से रोकने और माहौल खराब करने की कोशिश की। विरोध होने पर वे वहां से भाग खड़े हुए। इसके बाद कांग्रेस जिला सचिव द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष को बदनाम करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की नीयत से एक पूरी तरह मनगढ़ंत, झूठा और दुर्भावनापूर्ण प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी अमेठी को दिया गया, जो यह साबित करता है कि कांग्रेस अब प्रशासन को गुमराह कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करना चाहती है।

# खैरहा गांव में लगी आग पर समय रहते पाया गया काबू, जनहानि नहीं



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के खैरहा गाँव में अज्ञात कारणों से लगी आग से चार परिवारों की गृहस्थियां जलकर खाक हो गईं। राहत की बात यह रही कि ग्रामीणों की तत्परता और प्रशासन की सक्रियता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

आग की चपेट में गाँव निवासी रामानंद निषाद का एक छप्पर, रामप्रसाद निषाद के दो छप्पर तथा बहादुर निषाद के दो छप्परनुमा आवास आ गए। इस आग में रामप्रसाद का तख्त, चारा मशीन तथा बहादुर निषाद के घर में रखा जनरेटर, बड़ा बॉक्स, तख्त सहित अन्य घरेलू सामान जल गया। इसके अलावा उमाशंकर निषाद के निमार्णाधीन मकान की शटरिंग जल गई और दीवार को आंशिक क्षति पहुँची। घटना की जानकारी मिलते ही ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर चंद्र प्रताप सिंह ने स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को पूरी तरह बुझाया। ब्लॉक प्रमुख ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। नुकसान के आकलन के लिए कानूनगो खुशीराम और लेखपाल दीक्षा सिंह मौके पर पहुँचे। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख राममूर्ति निषाद, भाजपा नेता विनोद सिंह, ग्राम प्रधान सुभाष निषाद, अजय सिंह, अंकित मिश्र, पिंटू निषाद व तुलसीराम निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात सिंह ने बताया कि आकलन के लिए राजस्ती मौके पर भेजी गई है। रिपोर्ट आने के बाद सहायता प्रदान की जाएगी।

# नवागत पुलिस अधीक्षक ने संभाली कमान

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** आईपीएस रवि कुमार ने शुक्रवार को जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे सीतापुर की 11वीं पीएसी बटालियन के सेनानायक के पद पर तैनात थे। पदभार ग्रहण के कुछ ही देर बाद उन्होंने जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें आए फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सुना।

रवि कुमार 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने बीएससी (नाटिकल साइंस) और पुलिस प्रबंधन में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। मूल रूप से बिहार के वैशाली जिले के निवासी रवि कुमार को उनकी कुशल प्रशासनिक क्षमता और तेज निर्णय लेने की वजह से जाना जाता है। योगी सरकार ने उन्हें रायबरेली जैसे महत्वपूर्ण और वीआईपी जिले की जिम्मेदारी सौंपी है।

नवागत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने कार्यालय पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा से कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने जिले के विभिन्न पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सबसे खास बात यह रही कि पदभार ग्रहण के कुछ ही देर बाद उन्होंने जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें आए फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सुना। प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए गए। उन्होंने संबंधित क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और थाना अध्यक्षों को जांच कर शिकायतों का जल्द निस्तारण करने के सख्त निर्देश जारी किए। रवि कुमार के आने से रायबरेली पुलिस अब नई ऊर्जा के साथ काम करेगी। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि उनके नेतृत्व में अपराध नियंत्रण, जन शिकायतों का त्वरित निपटारा और समग्र सुरक्षा व्यवस्था में सुधार होगा।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान, पतंग की दुकानों की जांच



**अमेठी।** चायनीज मांझे के उपयोग और बिक्री पर रोक को लेकर अमेठी पुलिस द्वारा कस्बे में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान अमेठी कस्बे के गंगागंज मोहल्ले में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र एवं कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कस्बे में स्थित पतंग और मांझे की दुकानों पर पहुंचकर चायनीज मांझे को लेकर गहन जांच-पड़ताल की। दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित चायनीज मांझे की बिक्री न की जाए। पुलिस ने दुकानदारों को इसके दुष्परिणामों के बारे में भी अवगत कराया।जांच के दौरान किसी भी दुकान पर चायनीज मांझा बरामद नहीं हुआ। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल किसी भी दुकानदार के पास प्रतिबंधित मांझा नहीं मिला है, लेकिन आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाजारों में चायनीज मांझे की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। यदि भविष्य में किसी भी दुकान पर चायनीज मांझा पाया गया तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सब जूनियर बालिका वॉलीबॉल टीम रवाना



**सुलतानपुर (वीओएल)।** खेल निदेशालय द्वारा 7 से 11 फरवरी को आगरा में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता की मंडलीय टीम में जिले से दस खिलाड़ियों का चयन हुआ। स्टेडियम कोच प्रदीप यादव की देखरेख में टीम रवाना हुई। 14 सदस्यीय मंडल टीम में ऐतिहासिक रूप से पहली बार 10 सदस्यों का चयन हुआ टीम में कशिश, प्रिया, अंशिका, छाया पाल, चारु गुप्ता, साक्षी कसौधन, अंशिका कुमारी, शाहनूर, वैभवी दुबे, आद्या तिवारी, कामाक्षी आगरा में अपना प्रदर्शन देंगी। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि खिलाड़ी स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। खिलाड़ियों के चयन पर जिला वॉलीबॉल संघ सचिव शिव नारायण सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, रविन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा, भाजयुमो अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, जेपी तिवारी, रामेंद्र सिंह राणा, सैयद नूर अली, सर्वेश सिंह, सहित खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों ने खुशी जतायी।

- **मंडलीय टीम में 10 खिलाड़ियों का चयन ऐतिहासिक**

# पूरी ऊर्जा के साथ हर क्षण का सदुपयोग करें बच्चे

**सलोन, रायबरेली।** एनएसपीएस सलोन के विद्यालय परिसर में इंटर फाइनल के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल सेरेमनी आयोजित की गई। पारंपरिक रूप से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने मुख्य अतिथि संस्थान के संस्थापक प्रबंध निदेशक डॉ० शशिकांत शर्मा एवं विशिष्ट अतिथियों का स्मृति चिह्न, बैच अलंकरण व स्वागत गीत के माध्यम से अभिनंदन किया गया। इंटर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने काव्य शैली में अपने सीनियर्स की व्यक्तिगत खूबियों से परिचय कराते हुए 17 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा में उनके बेहतर सफलता की कामना की। अपने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में नृत्य व संगीत-नाट्य की बेहतरीन प्रस्तुतियां देते हुए अपनी सकारात्मक गतिविधियों की ओर सभी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कक्षा बारहवीं की पलक सिंह का भावुक कर देने वाला संक्षिप्त भाषण और रिषभ सिंह के कविताबद्ध व्याख्यान ने सभी को भाव-विभोर किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय की ओर से नैंसी सिंह को शत-प्रतिशत उपस्थिति का एवार्ड प्रदान किया गया इसके अतिरिक्त उमेश यादव को ह्यस्पोर्ट्स परसन आफ द ईयरह्व, स्मृति सिंह को स्टूडेंट् आफ द ईयर, अभिनव तिवारी को मिस्टर फेयरवेल और श्रेया सिंह को मिस फेयरवेल अवार्ड से अलंकृत किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे विद्यार्थियों की सफलता की कामना करते हुए उन्हें पूरी ऊर्जा के साथ हर एक क्षण का सदुपयोग करने की सीख दी गई। आज के इस समारोह का शुभारंभ एमडी. सर, विद्यालय की प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह तथा विशेष अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व उनके पूजन अर्चन के साथ हुआ। विदाई समारोह के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह ने भी बच्चों को उनके उज्जवल एवं सफल भविष्य हेतु शुभकामनाएं ज्ञापित कीं और फेयरवेल पार्टी को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु अध्यापक-अध्यापिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिवलखन प्रजापति की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम का समापन कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा समागत अतिथियों एवं प्रधानाचार्या को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 11 के ही आयत असलम, सुश्रुत, अनन्या, समय, अंशिका एवं रुद्र के द्वारा संपादित किया गया।





# सतत परिश्रम और दृढ़ इच्छा शक्ति से मिलती है सफलता : साक्षी

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ तहसील क्षेत्र की हिरावनपुर निवासी साक्षी मिश्रा ने भूगोल विषय में जूनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सफलता के बाद साक्षी ने बताया कि सतत परिश्रम, अनुशासन तथा दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है। युवा ऐसा कर जिस क्षेत्र में परिश्रम कर रहे हैं उस क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इससे पूर्व वर्ष 2022 में यूजीसी नेट में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर ली थी। इसके बाद निरंतर प्रयास के बाद तीसरे प्रयास में जूनियर रिसर्च फेलोशिप में सफलता प्राप्त की। स्नातक तक की शिक्षा संजय गांधी पीजी कॉलेज चैकिया से की तथा परास्नातक की शिक्षा केएनआई सुल्तानपुर से प्राप्त की। वर्ष 2023 में पीएचडी में प्रवेश लिया था, हाल ही में साक्षी मिश्रा ने हरियाणा असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा दोनों चरण भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिए। सफलता पर चिंतामणि मिश्र, अमित मिश्रा आदि ने खुशी जाहिर की।



संक्षेप

## यमुना की बदहाली पर कांग्रेस का हल्लाबोल

**मथुरा**। वृंदावन नगर कांग्रेस कमेटी ने यमुना में गिरते नालों और बढ़ते प्रदूषण को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर सत्ता में आई भाजपा ने अपने घोषणापत्र में यमुना शुद्धिकरण का वादा किया था, लेकिन हकीकत में स्थिति और बदतर हो गई है। नेताओं ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यमुना का जल अब न आचमन के लायक बचा है और न ही स्नान के। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु यमुना की दुर्दशा और गंदगी देख हताश लौट रहे हैं। कांग्रेस ने स्थानीय सांसद, विधायक और महापौर पर जनता को गुमराह करने और शुद्धिकरण के नाम पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाया। साथ ही 2013 के आंदोलनकारी संतों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने दो बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराया

**फिरोजाबाद**। एसएसपीके आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर नोडल अधिकारी एएचटी के मार्गदर्शन में थाना एएचटी फिरोजाबाद टीम ने बालभिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान में शामिल बच्चों के साथ अप्रिय घटना घटित न होंने की आशंका के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत पूर्व में की गयी रेकी व सुरागरसी पतारसी के आधार पर थाना क्षेत्र दक्षिण के जैन मंदिर रेलवे स्टेशन फिरोजाबाद में बालभिक्षावृत्ति का चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जैन मंदिर चौराहा रेलवे स्टेशन थाना दक्षिण पर 02 बच्चों को बालभिक्षावृत्ति से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू की कार्यवाही की गयी तथा रेस्क्यू किये गये बच्चों को सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया गया, जहां से बच्चों को बाल संप्रेषण गृह में संवासित कराया गया। रेस्क्यू करने वाली टीम विपिन कुमार थानाध्यक्ष थाना एएचटी फिरोजाबाद उ0नि0 गोवर्धनराम,उ0नि0 मो. शाहिद अली,म.मु.आ. राजकुमारी,सुप्रिया प्रियंका चौधरी शामिल रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ पर पहुंचकर भरवाया फॉर्म

**लालगंज, रायबरेली**। सरेनी मंडल के प्रवासी बनाए गए राम सुमेर लोधी ने प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष नंदकुमार सिंह , शक्ति केंद्र प्रमुख रिंकू सिंह , अभिषेक त्रिवेदी, विनय त्रिपाठी के साथ रमईपुर और धनपालपुर के बूथों पर पहुंचकर नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य किया और बूथ अध्यक्षों के साथ मिलकर फॉर्म नंबर 6 भर कर बीएलओ को सौपा। वही गेगासो मंडल के प्रवासी जेपी सिंह ने बहाई गांव पहुंच कर फॉर्म नंबर 6 भरवाने का कार्य किया। भाजपा कार्यकताओं ने एएसडी सूची का अवलोकन किया। इसके अलावा बूथ अध्यक्षों के साथ घर-घर जाकर 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की उम्र पूर्ण करने वाले युवक युवती सहित गांव क्षेत्र में आई नई बहू के भी फार्म भरवाने के संदर्भ में प्रयास किया।

# हरित मोबिलिटी से मिलेगी प्रदूषण से राहत : डीएम



**मथुरा**। मथुरा-वृंदावन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अब जाम, धुएं और अव्यवस्थित ट्रैफिक से जल्द राहत मिल सकती है। ग्रीन मोबिलिटी जोन (जीएमजेड) की शुरूआत को लेकर जिलाधिकारी मथुरा चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि यह योजना केवल यातायात सुधार की नहीं, बल्कि ब्रज की आध्यात्मिक शांति और पर्यावरणीय पवित्रता को लौटाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह बातें उन्होंने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मथुरा-वृन्दावन को कम उत्सर्जन क्षेत्र (एल0ई0जेड0) बनाने के संबंध में नीति विकास पर हितधारक कार्यशाला के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालु यहां सुकून और भक्ति की भावना लेकर आते हैं, लेकिन भीड़ और प्रदूषण उनके अनुभव को प्रभावित करता है। जीएमजेड से यह स्थिति बदलेगी।ह्व कार्यशाला में जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस विभाग और शहरी परिवहन विशेषज्ञों ने मथुरा-वृंदावन को स्वच्छ, सुविधाजनक और जाम-मुक्त बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा की। इस दौरान नगर आयुक्त जगप्रवेश ने बताया कि वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन उपयोग का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए चार्जिंग स्टेशन, ई-बसें और बेहतर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित की जाएगी। वहीं, मथुरा के एसएसपी श्लोक कुमार, आईपीएस ने कहा कि ट्रैफिक प्रबंधन और सख्त निगरानी से श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट और आईसीसीटी के विशेषज्ञों ने बताया कि बड़े शहरों में 50 प्रतिशत से अधिक प्रदूषण का कारण वाहन हैं। इसी को देखते हुए मथुराद्दवृंदावन में लो-एमिशन जोन लागू करने की तैयारी है, जिससे प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों का प्रवेश सीमित होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मंदिरों और घाटों के आसपास अव्यवस्थित पार्किंग और निजी वाहनों की अधिक संख्या के कारण श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बांके बिहारी, प्रेम मंदिर और प्रमुख घाटों तक पैदल पहुंचना भी जोखिम भरा हो गया है। योजना के तहत शहर के बाहर विकसित पार्किंग स्थलों से मंदिरों और घाटों तक ई-रिक्शा और धार्मिक बस सेवा चलाई जाएगी, ताकि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के साथ आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत मिल सके। विशेषज्ञों ने बताया कि मथुरावृंदावन की कई सड़कें और अंडरपास 100 वर्ष से अधिक पुराने हैं, जो भारी वाहनों के लिए सुरक्षित नहीं हैं।

## बांकेबिहारी मंदिर में सेवायत व सुरक्षाकर्मी में हुई तकरार, फिर चले लात घूंसे

**मथुरा**। वृंदावन ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में शुक्रवार की सुबह उस समय श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। जबकि मंदिर में तैनात सुरक्षागार्ड व सेवायत के बीच जमकर हाथापाई हो गई। सेवायत का आरोप है कि मंदिर की गोलक के समीप तैनात सुरक्षा गार्ड गोलक से दानराशि चोरी कर रहा था।

इसे टोकने पर मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़ित ने मामले में बिहारीजी पुलिस चैकी पर शिकायत दी है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में शुक्रवार की सुबह करीब सवा दस बजे मंदिर सेवायत अनन्य गोस्वामी ने मंदिर की सुरक्षा में तैनात राजस्थान सिक्योरिटी के गार्ड अमरदीप पर मारपीट का आरोप लगाया है। मंदिर सेवायत का कहना है वह प्रतिदिन की भांति मंदिर प्रांगण में मौजूद थे। इसी दौरान मंदिर की गोलक के समीप ड्यूटी पर तैनात राजस्थान सिक्योरिटी का गार्ड गोलक से ठाकुरजी को अर्पित की जाने वाली दानराशि की चोरी कर रहा था। तब सेवायत ने उसे देखते ही रोकने की कोशिश की तो गार्ड ने धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों ओर से हाथापाई शुरू हो गई और मंदिर में दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर के लिए तो श्रद्धालुओं में दहशत का माहौल पैदा हो गया। लेकिन, तत्काल सुरक्षागार्ड और दूसरे मंदिर सेवायतों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया। झगड़े में मंदिर सेवायत अनन्य गोस्वामी का कुर्ता भी फट गया। अनन्य गोस्वामी ने कहा जब उसने मंदिर प्रबंधन से मामले की शिकायत की तो उन्होंने सुरक्षागार्ड को हटाने का भरोसा दिया है। इसके बाद पीड़ित ने बिहारीजी पुलिस चैकी में सुरक्षागार्ड के खिलाफ तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चैकी प्रभारी शिवकुमार का कहना है मंदिर प्रांगण में सेवायत और गार्ड के बीच झगड़े की बात सामने आई है। लेकिन, दोनों ही पक्षों में से किसी ने शिकायत नहीं की है। मंदिर उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति के सदस्य दिनेश गोस्वामी ने कहा कई बार देखने को मिला है कि मंदिर में गोलक के समीप खड़े होकर श्रद्धालु द्वारा दान दिए जाने वाली राशि को तत्काल निकाल लेते हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। दोनों ही पक्षों को बिठाकर समझौता करवा दिया गया है।



## जनपद के स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित



**फिरोजाबाद**। जनपद के 37वें स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया और संपूर्ण परिसर को फूल पत्तियों से सजाया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डी.पी.एन.आर. एल.एम. महेंद्र प्रताप सिंह यादव ने कहा कि फिरोजाबाद को जनपद बनाने में हमारे बुजुर्गों का महत्वपूर्ण योगदान है, अब हमारा कर्तव्य है कि हम सभी अपने कर्तव्यों का उचित पालन करते हुए आम जन की समस्याओं का निदान कर जनपद को विकास के उच्चतम शिखर पर ले जाएं। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान ने कहा कि फिरोजाबाद विश्व में अपनी पहचान रखता है हम सब को भी इस पहचान को और अधिक उत्कृष्ट शिखर की ओर ले जाने चाहिए। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश कुशवाहा ने कहा कि हमारे बुजुर्गों के समर्पण पर फिरोजाबाद जनपद की नींव है हमें दिन प्रतिदिन जनपद की सफलताओं को बुलंदियों पर पहुंचने का कार्य करना चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में सौहार्द और समानता का भाव जन जन के अंदर जागृत करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती मत्स्य अधिकारी गौरव सिंह,ए.डी.पी.आर.ओ. धनराज सिंह, डी.पी.ओ.केसरी नंदन तिवारी, डी.सी.मनरेगा सुभाष चंद्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथलेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष संयुक्त परिषद सुभाष यादव, जिलाध्यक्ष अटेवा धर्मेंद्र कृष्णन अध्यक्ष ए.डी.ओ.पंचायत हरेंद्र पाल, अध्यक्ष संयुक्त परिषद प्रमोद शर्मा एवं प्रधान सहायक सौरभ यादव सहित जगवीर सिंह, राजकुमार अनिल कुमार बिजेंद्र पाल सिंह, योगेंद्र पाल सिंह आनंद उपाध्याय रमेश चंद्र शाक्य महेंद्र सिंह, अनिल कुमार नेत्रपाल सिंह,कुमार गौरव, दिनेंद्र प्रताप सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों संग हुई बैठक



**मथुरा**। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में भारतीय जनता पार्टी से आकाश चैधरी, समाजवादी पार्टी से प्रदीप चैधरी व वीरेन्द्र यादव, कांग्रेस से बलवीर प्रधान व अशोक कुमार श्रीवास्तव, बहुजन समाज पार्टी से प्रेमप्रकाश व मुनेन्द्र सिंह निगम तथा सी0पी0आई0एम0 से मुंशीलाल उपस्थित रहे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि जनपद के समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। सभी मतदाता सहायता केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वाहन 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सहायता केन्द्र पर पात्र नागरिकों को मैपिंग तथा दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित फार्मों को भरने में सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक में अवगत कराया गया कि दिनांक 05 फरवरी 2026 तक जनपद में 80935 फॉर्म 6, 1115 फॉर्म 7 तथा 16646 फॉर्म 8 प्राप्त हुए है।

# संस्कृति बाक्स क्रिकेट लीग 2026 पर शिवालिक हाउस का कब्जा

**मथुरा**। संस्कृति विवि बाक्स क्रिकेट प्रीमियर लीग 2026 की ट्राफी पर शिवालिक हाउस ने कब्जा किया। शिवालिक हाउस ने नीलगिरी हाउस को तीन विकेट से हराकर अपनी जीत का परचम फहराया। इस रोमांचक मुकाबले में नीलगिरी हाउस के रोहित को बेस्ट बालर और प्रियांशु कुमार को बेस्ट बैट्समैन के खिताब से सम्मानित किया गया। वहीं मैन आफ द सिरीज नील गिरी हाउस के मोहित पांडे घोषित किए गए।

इस दौरान अन्य मैंचों में वूमैन बाक्स क्रिकेट में एंजल की टीम ने दिवास की टीम को छह विकेट से हराकर अपने चैंपियन ट्राफी हासिल की। एंजल टीम की प्रेरना को बेस्ट वूमैन बालर और सिद्धी को बेस्ट बैट्समैन का खिताब हासिल हुआ। मैन आफ द मैच सिद्दी घोषित की गईं। इसी के साथ संस्कृति विवि की एकेडमिक और टीचर्स टीम के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में टीचर्स की टीम ने एकेडमिक टीम को चार विकेट से हराकर हंगामा मचा दिया।




वहीं वूमैन टीचर्स की ए और बी टीम के बीच हुए मुकाबले में टीम बी ने टीम ए को 21 रनों से हरा दिया।संस्कृति विवि के इस मैदान पर रंग बिरंगे अलग-अलग हाउस के फ्लेग लहरा रहे थे। छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या दर्शक दीर्घा में अपनी-अपनी टीमों को प्रोत्साहित करने के लिए जबर्दस्त शोर मचा रहे थे तो उधर बड़े-बड़े स्पीकरों से गूंज रहे जोशीले गीत माहौल को गरमा रहे थे। पूरा माहौल खेल को समर्पित था। ऐसे में विश्वविद्यालय के अधिकारी और अतिथि पूरे जोश और जूनूंन के साथ इन मैचों का आनंद लेते रहे। मैंचों के समापर पर विजेता टीमों को संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डाइरेक्टर जनरल विवेक अग्रवाल एडवोकेट, कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी, प्रति कुलपति डॉ. रघुराम भट्ट द्वारा ट्राफियां और पुरुस्कार प्रदान किए गए। आयोजन के कुशल संयोजन, संचाल में फहीम अख्तर, मयंक यादव, डा. दुर्गेश वाधवा, डा. गरिमा गोस्वामी, विवेक श्रीवास्तव, राहुल आदि का विशेष योगदान रहा।

## जनपद पुलिस ने आईजीआरएस से प्राप्त 32 जनशिकायतों का किया निस्तारण

**फिरोजाबाद**। जनशिकायतों के निस्तारण में तेजी व पारदर्शिता निष्पक्षता हेतु एसएसपी द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को फिरोजाबाद पुलिस द्वारा शिकायतकताओं के मौके पर जा कर 32 शिकायतों का निस्तारण किया गया।जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु शुरू किए गए विशेष अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज चौधरी के दिशा निर्देश अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम एक स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम दो स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण कर रहे हैं। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से शुक्रवार को 32 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## बजट क्विज में विजेता कर सकेंगे पीएम से संवाद

**फिरोजाबाद**। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक प्रोफेसर एमपी सिंह एवं प्राचार्य प्रोफेसर विशाल पाठक ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए बजट क्विज 2026 के नाम से एक कार्यक्रम लॉन्च किया है जिसमें 15 से 29 वर्ष के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। क्विज में 30 प्रश्न मल्टीपल चॉइस बेस्ड होंगे। विजेता छात्र-छात्राओं को अगले चरण से गुजरना होगा। क्विज में भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा जिसकी अंतिम तिथि 17 फरवरी है। फाइनल के विजेता छात्र छात्राएं प्रधानमंत्री से सीधा संवाद कर सकेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र छात्राओं को यह बताना है कि हमारा बजट किस प्रकार कौशल विकास, शिक्षा एवं स्टार्ट अप से जुड़ा है। क्विज वालंटियर्स को जागरूक करने के साथ साथ उनकी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेगी।इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय डॉ टी एच नकवी एवं सहायक राम सिंह के अतिरिक्त अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## डीएम ने की पीएम आवास योजना शहरी की समीक्षा

**फिरोजाबाद**। डीएम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अन्तर्गत यूनिफाइड वेब पोर्टल पर प्राप्त 27918 आवेदन पत्रों के सत्यापन के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक आहूत की गयी। बैठक के दौरान डीएम ने सूचना मांगी कि 12 माह या कम समय में आवास पूर्ण करने वाले कितने लाभार्थियों को पुरस्कार स्वरूप 10,000 रुपए प्रदान किये गये जिस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस पुरस्कार का प्रावधान प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0 में दी जानी प्रस्तावित है, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 में इसका प्रावधान नहीं था।परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया कि यूनिफाइड वेब पोर्टल पर प्राप्त 27918 आवेदन पत्रों में से 10594 आवेदन पत्र सत्यापित किये जा चुके है, जिसके सापेक्ष 7221 आवेदनों की डीपीआर शासन को पूर्व में ही स्वीकृत हेतु प्रेषित किये जा चुकी है, जिसमें से 1839 लाभार्थियों को प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त की



गयी थी, जिसमें से 1744 आवेदकों का भुगतान सफल हुआ तथा 95 आवेदकों का भुगतान विफल हुआ। बैठक के दौरान डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएलटीसी डूडा फिरोजाबाद को निर्देशित किया कि प्रथम किश्त में सफल हुये 1744 लाभार्थियों का सत्यापन कर 25 आवास प्रतिदिन निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये एवं जिन लाभार्थियों का आवास निर्माण कार्य चरणबद्ध रूप से पूर्ण होने पर 500 लाभार्थियों के ब्लॉक में आगामी किश्त का भुगतान किया जाये। शेष 3373 वैरिफाइड व सत्यापित किये गये आवेदकों के सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा जीपीएस फोटो सहित पात्र की सूची डूडा विभाग को उपलब्ध कराये जाने निर्देश दिये गये। नगर निकाय टूण्डला सिरसागंज जसराना फरिहा एवं मक्खनपुर में इस योजना के आवेदन आबादी के अनुपात में अत्यन्त कम होने के कारण इन नगर निकाय के अधिशासी अधिकारी को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि विशेष कैम्प लगाकर व प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक आवेदन कराना सुनिश्चित करें, जिससे कोई पात्र आवेदक आवास से वांछित न रह सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि नगर निगम फिरोजाबाद के अतिरिक्त अन्य नगर निकायों की लगभग 10,000 पात्र लाभार्थियों की डीपीआर शासन व सूडा मुख्यालय को प्रेषित की जाये। यूनिफाइड वेब पोर्टल पर लम्बित आवेदनों के त्वरित गति से सत्यापन कर जीपीएस फोटो सहित पात्र, अपात्र की सूची डूडा विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

## राधारानी मंदिर में दर्शन व्यवस्था में बड़ा बदलाव होली के बाद टोकन सिस्टम से होंगे दर्शन

**मथुरा**। बरसाना स्थित राधारानी मंदिर में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ और अव्यवस्थित दर्शन को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया है। अब श्रद्धालुओं को टोकन सिस्टम के माध्यम से दर्शन कराए जाएंगे। इसके तहत मंदिर परिसर में काउंटर लगाकर श्रद्धालुओं को निशुल्क टोकन दिए जाएंगे और इसी टोकन नंबर के आधार पर दर्शन की अनुमति मिलेगी। यह व्यवस्था सीढ़ी मार्ग रोपवे मार्ग और परिक्रमा मार्ग से आने वाले सभी श्रद्धालुओं पर लागू होगी। होली के बाद इस नई व्यवस्था को पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा। मंदिर समिति के अनुसार इसका उद्देश्य दर्शन में होने वाली आपाधापी को रोकना और श्रद्धालुओं की संख्या का सही आकलन करना है। मंदिर समिति के रिसीवर आशीष कृष्ण शर्मा ने बताया कि बड़ी सिंहपौर पर पुलिस चैकी का निर्माण कराया जा रहा है। यहीं काउंटर स्थापित कर टोकन सिस्टम लागू किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को निशुल्क प्रसाद भी प्रदान किया जाएगा। कुछ दिन पहले इस व्यवस्था का आधे घंटे का ट्रायल किया गया था जो सफल रहा। होली के बाद अंतिम ट्रायल के बाद इसे स्थायी रूप से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में जूताघर का निर्माण कराया जा रहा है। 25 फरवरी को लठामार होली को देखते हुए पूरे परिसर में बिजली की नई फिटिंग कराई जा रही है ताकि शार्ट सर्किट जैसी किसी घटना से बचा जा सके। मंदिर के पीछे के मार्ग का चैड़ीकरण और निकास द्वार के एल आकार के रास्ते को सीधा करने का प्रस्ताव भी प्रशासन को सौंपा गया है। इससे श्रद्धालुओं को आवागमन में राहत मिलेगी और भीड़ नियंत्रित रहेगी। मंदिर परिसर में स्थित पुराने मंदिर का भी जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इस पुराने मंदिर का उपयोग छप्पन भोग बनाने और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे के रूप में किया जाएगा।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर किया भूमि पूजन



**फिरोजाबाद**। रविवार को शिकोहाबाद स्थित नारायण इण्टर कॉलेज के मैदान पर होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को भूमि पूजन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की आयोजन समिति से जुड़े लोगों की मौजूदगी में भूमि पूजन हुआ। भूमि पूजन कथावाचक शरद बरेजा द्वारा किया गया। यजमान के रूप में पूर्व सभासद पुष्पेंद्र अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी स्वाति अग्रवाल थे। भगवान श्रीराम के पूजन व स्वस्तिवाचन के साथ पूजन प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम अध्यक्ष ठाकुर अश्वनी कुमार सिंह कुमार डेयरी, समाजसेवी गोपाल दुबे अनिल कुलश्रेष्ठ प्रमोद भारद्वाज, बीजेपी नगर अध्यक्ष शिवम दीक्षित सतीश यादव, गगन कठेरिया युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी डॉ सुशील मिश्रा, डॉ स्नेहलता चतुवेर्दी डॉ सहदेव सिंह जादौन एड.शिवा भदौरिया सोनी गंभीर आलोक राठौर पंकज गुप्ता डॉ उमेश जादौन सहित नगर के कई संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने ली परेड की सलामी, कार्रवाई संपूर्ण ड्रिल की टोलीवार कार्यवाही



**फिरोजाबाद**। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड़ की सलामी ग्रहण की गयी। तत्पश्चात उन्होंने परेड़ में उपस्थित कर्मचारीगण का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की टोलीवार कार्यवाही करवाई तथा शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिये दौड़ लगवाई गयी साथ ही बाधा ड्रिल की सम्पूर्ण कारवाई कराई गयी। परेड़ के पश्चात एसएसपी द्वारा परिवहन शाखा रेडियो शाखा बैरक भोजनालय कैंटीन आटा चक्की लाइब्रेरी आरटीसी कम्प्यूटर लैब क्वार्टर गार्द आर्म्स वर्क शॉप स्टोर, डीएफएमडी कक्ष कैश कार्यालय, व्यायामशाला आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड़ के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी लाइन प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिपं अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

- विद्यालय सुंदर वही होता है जिसमें शिक्षा और संस्कारयुक्त सुंदर शिक्षक होते है : किशन चौधरी

**मथुरा**। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को गणेशरा स्टेडियम में किया गया। जिसमें लगभग 12 पीएम श्री परिषदीय विद्यालय के लगभग 150 छात्र- छात्राओं ने सहभागिता की। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती रतन कीर्ति, जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। खेलों में प्राथमिक बालक वर्ग 50 मीटर रेस, बालिका वर्ग 50 मीटर रेस, 100 मीटर बालक-बालिका वर्ग, 200 मीटर




बालक-बालिका वर्ग के साथ साथ लम्बी कूद, कबड्डी में विभिन्न पीएम श्री प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विजयी खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को ईनाम दिया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव हैं। सरकार द्वारा शिक्षा के साथ-साथ प्रतिभाओं को निखारने हेतु ऐसे आयोजनों से भविष्य की सशक्त पीढ़ी तैयार हो रही है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की और कहा सुन्दर विद्यालय तभी माना जाता है जब उसमें शिक्षा देने वाले शिक्षक भी सुंदर हो। जिनमें शिक्षा और संस्कार दोनों हो, शिक्षक पद सबसे बड़ा पद होता है, शिक्षक को देखकर ही अध्यायनरत बच्चे उनसे प्ररेणा लेकर अपने जीवन को संस्कारवान बना पाता है। त्रेता और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने बरगद पेड़ के नीचे शिक्षा और संस्कार ग्रहण किए थे वहीं श्रीराम भगवान ने पेड़-पौधों से शिक्षा ली थी। इसलिए शिक्षावान और संस्कारवान होने के पीछे गुरु का महत्व होता है। कार्यक्रम के दौरान गणेशरा स्टेडियम में उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेसिक शिक्षा विभाग के रविंद्र चैधरी, विक्रांत कुमार, बलवीर सिंह सहित समस्त पीएम श्री विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य ने महाप्रबंधक को मांगों को लेकर पत्र सौंपा

**टूंडला**। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की सदस्य संध्या गौतम ने उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के टूंडला रेलवे स्टेशन दौरे के समय पत्र सौंपा इस दौरान उन्होंने अवगत कराया कि टूंडला में रेलवे का एक एनआर इंटर कॉलेज है, जिसकी बिल्डिंग बहुत पुरानी एवं जीर्ण जर्जर अवस्था में है। बिल्डिंग में बरसात में पानी रिशता है और क्लास रूम में पानी भर जाता है। खिड़कियां टूटी-फूटी है तथा फर्नीचर की भी यहां कोई ढंग की व्यवस्था नहीं है। लैट्रिन एवं बाथरूम टूटे-फूटे पड़े हैं। टूंडला रेलवे चिकित्सालय में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है तथा



पैरामेडिकल स्टाफ की भी काफी कमी है। रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ रेलवे की जो खाली जमीन पड़ी है उस पर बाउंड्री वालों का निर्माण कराया जाय,जिससे रेलवे की जमीन अनाधिकृत कब्जे से मुक्त रहे। टूंडला निकास द्वार चर्च के आगे दोनों तरफ रेलवे मार्केट का निर्माण कराया जाए। इस मार्केट से रेलवे की आय में काफी वृद्धि होगी। यहां काफी चौड़ाई एवं लंबाई में जमीन उपलब्ध है। इन मांगों पर महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक को लिखित आदेश देकर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने जोनल रेलवे सलाहकार समिति जेडआरयूसीसी की बैठक बुलाए जाने का भी मुद्दा रखा, जिस पर उन्होंने मार्च में बैठक बुलाये जाने का आश्वासन दिया।

## संक्षेप

### जेनरली सेंट्रल लाइफ को कैंपेन हियर नाउ का अगला चरण शुरू

नई दिल्ली। जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने राष्ट्रीय ब्रांड अभियान हियर नाउ के अगले चरण की शुरूआत की है जिसमें जीवन के दो महत्वपूर्ण चरणों बच्चों के भविष्य की आकांक्षाओं और सेवानिवृत्ति सुरक्षा में जीवन बीमा समाधान उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है। जीसीएलआई 2025 में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का संयुक्त उद्यम भागीदार बना, जिसके बाद कंपनी अपनी नई पहचान को आधार पर यह अभियान चलाते हुए लोगों और परिवारों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में प्रयास कर रहा है। इस अभियान की सहायता से लोग आज ही सूचित वित्तीय निर्णय लेकर एक मजबूत और अधिक सुरक्षित भविष्य बना सकेंगे।

### मीडियाटेक टेक डे में डायमेंसिटी 9500एस और डायमेंसिटी 8500 का अनावरण

नई दिल्ली। सालाना दो अरब से अधिक कनेक्टेड डिवाइस को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने आज दिल्ली में मीडियाटेक टेक डे में डायमेंसिटी 9500एस और डायमेंसिटी 8500 का अनावरण किया। ये दोनों ही चिपसेट्स अग्रणी एवं प्रीमियम स्मार्टफोन्स को नेतृत्व प्रदान करने के लिए विकसित किए गए हैं जो ऑल बिग कोर आर्किटेक्चर और उद्योग की अग्रणी एजेंटिक एआई क्षमताओं के बल पर बेजोड़ निष्पादन, कार्यक्षमता, एआई, इमेजिंग, गेमिंग और वायरलेस कनेक्टिविटी उपलब्ध कराते हैं। इस आयोजन में उपस्थित मीडिया के प्रतिनिधियों, टेक विश्लेषकों और ओईएम ने इन नए चिपसेट्स द्वारा प्रदर्शित नवप्रवर्तन और उन्नति को अनुभव किया। ओप्पो इंडिया और पोको इंडिया ने इस अवसर पर भारतीय बाजार के लिए अग्रणी मीडियाटेक डायमेंसिटी 9500एस एसओसी पर आधारित स्मार्टफोन लॉन्च की घोषणा भी की।

### सोशल का लव लाइक दा ओजी'स कैंपेन लॉन्च

नयी दिल्ली। इस वैलेंटाइन सीजन में, सोशल रोमांस को वापस ऑफलाइन ला रहा है लव लाइक दा ओजी'स के साथ, यह एक देशव्यापी कैंपेन है जो 10 से 28 फरवरी तक सभी सोशल आउटलेट्स पर चलेगा। पुराने जमाने के प्यार के आकर्षण पर आधारित जब कोशिश मायने रखती थी और बातचीत जल्दबाजी में नहीं होती थी, यह कैंपेन मेहमानों को स्क्रीन से दूर होकर एक लिमिटेड-एडिशन वैलेंटाइन मेन्यू, हाथ से लिखे पोस्टकार्ड, खास अनुभवों और कम्युनिटी-लेड इवेंट्स के जरिए असल जिंदगी में फिर से जुड़ने के लिए आमंत्रित करता है, जिन्हें सार्थक, ऑफलाइन कनेक्शन बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। डीएम, डेटिंग ऐप्स और गायब होने वाले मैसेज पर पली-बढ़ी पीढ़ी के लिए, आज प्यार अक्सर तेजी से होता है और ऑनलाइन रहता है।

### वी-गार्ड की तीसरी तिमाही में राजस्व 10.6 फीसद बढ़ा

नयी दिल्ली। वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए वी-गार्डइंडस्ट्रीज लिमिटेड के तीसरी तिमाही में व्यवसाय ने दोहरे अंकों में ग्रोथ दर्ज की है। इसमें मुख्य भूमिका इलेक्ट्रिकल सेगमेंट की रही, जहाँ वॉल्यूम में अच्छी बढ़त देखी गई। साथ ही, कच्चे माल की कीमतों में आई बढ़ोतरी का असर भी दिखा। श्रम मंत्रालय द्वारा जारी 'नई श्रम संहिता' की अधिसूचना को देखते हुए, कंपनी ने कर्मचारियों के लाभ से जुड़ी अपनी देनदारियों का पुनर्मूल्यांकन किया है। इसके फलस्वरूप, इस तिमाही के लिए 22.11 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि को 'असाधारण मद' के रूप में दर्ज किया गया है।

### सैमसंग गैलेक्सी ए07 5जी लॉन्च

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज नया सैमसंग गैलेक्सी ए07 5जी लॉन्च किया। यह स्मार्टफोन इंडस्ट्री-ग्रेड डेटा सुरक्षा के नए मानक स्थापित करता है, जिससे यूजर्स को बेफिक्र इस्तेमाल का भरोसा मिलता है। सैमसंग में हम अपने युवा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को अच्छी तरह समझते हैं। आज की जेन-जी सोशल कंटेंट ज्यादा बना रही है, मोबाइल गेमिंग में रुचि बढ़ रही है और ऑनलाइन कंटेंट की खपत पहले से कहीं अधिक हो गई है। इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सैमसंग गैलेक्सी ए07 5जी को मॉन्सटर अनुभव के साथ पेश किया गया है। भारतीय युवाओं के लिए तैयार यह ऑल-इन-वन पैकेज पेश करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। यह स्मार्टफोन लाइट वायलेट, लाइट ग्रीन और ब्लैक–तीन रंगों में उपलब्ध है।

# सेंसेक्स में 266 अंकों की उछाल



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने और रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) को कर्ज देने की मंजूरी के प्रस्ताव के बाद घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए।

सेंसेक्स में 266 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 51 अंक की तेजी में रहा। कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में हुई लिवाली से बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक यानी 0.32 प्रतिशत चढ़कर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने दिन के निचले स्तर 82,925.35 से 655.05 अंक का तेज उछाल देखने को मिला। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 50.90 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। आरबीआई ने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। केंद्रीय बैंक की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही आरबीआई ने अपना तटस्थ मौद्रिक रुख भी कायम रखा, जिससे संकेत मिलता है कि फिलहाल दरों में बदलाव की संभावना कम है। सेंसेक्स की कंपनियों में से आईटीसी में सर्वाधिक 5.09 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड और बजाज फिनसर्व के शेयर भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, इटर्नल और एचसीएल टेक के शेयर गिरावट के रुख के साथ बंद हुए। घरेलू शेयर बाजारों में अधिकांश समय नरम कारोबार ही हुआ लेकिन सत्र के अंतिम समय में एफएमसीजी और निजी बैंकों के शेयरों में लिवाली आने से सूचकांक चढ़ गए। आरबीआई की मौद्रिक नीति को उम्मीदों के अनुरूप बताते हुए कहा कि इससे वृद्धि को लेकर सकारात्मक संकेत दिए गए हैं। क्षेत्रवार सूचकांकों में एफएमसीजी खंड ने सर्वाधिक 2.05 प्रतिशत का उछाल दर्ज हुआ, जबकि दूरसंचार खंड में 0.91 प्रतिशत, बिजली खंड में 0.64 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 0.63 प्रतिशत की तेजी रही। दूसरी तरफ, फोकस आईटी खंड में 1.71 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि आईटी खंड में 1.41 प्रतिशत, सेवा खंड में 0.87 प्रतिशत और पीएसयू बैंक खंड में 0.50 प्रतिशत की गिरावट रही। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 2,857.46 अंक यानी 3.53 प्रतिशत की तेजी दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी में 868.25 अंक यानी 3.49 प्रतिशत की बढ़त रही।

# रुपया 36 पैसे टूटकर 90.70 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी मुद्र के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 36 पैसे टूटकर 90.70 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

इस गिरावट का कारण अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर भू-राजनीतिक अनिश्चितता और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, रुपया सत्र के पहले भाग में रिजर्व बैंक द्वारा मुख्य ज ण दरों को यथावत रखने की घोषणा के बाद थोड़ा मजबूत हुआ, लेकिन विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी ने घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.28 पर खुला और सत्र के दौरान 90.18 के उच्चस्तर तक गया और 90.83 के निचले स्तर तक आया। अंततः यह 36 पैसे टूटकर 90.70 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 13 पैसे मजबूत



होकर 90.34 पर बंद हुआ था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के कारण सत्र के पहले भाग में रुपये में मजबूती आई। हालांकि, अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण रुपये ने शुरुआती बढ़त खो दी। उन्होंने कहा कि बढ़ती वैश्विक राजनीतिक अनिश्चितता के कारण निवेशक जोखिम से बच सकते हैं और वैश्विक बाजार में सतर्कता बढ़ सकती है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद और नए विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) प्रवाह से रुपया कमजोर स्तर पर भी सहारा पा सकता है। उन्होंने डॉलर-रुपया का कारोबार 90.40 से 91.20 रुपये के दायरे में रहने का अनुमान लगाया। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत गिरकर 97.81 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.38 प्रतिशत बढ़कर 68.48 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार की बात करें, तो सेंसेक्स 266.47 अंक चढ़कर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50.90 अंक बढ़कर 25,693.70 अंक पर पहुंच गया।

# भारतीय वाहन कलपुर्जा कंपनियों को यूरोपीय बाजारों तक बेहतर पहुंच देगा

नयी दिल्ली। भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) एफटीए से दोनों पक्षों के बीच प्रतिस्पर्धी गतिशीलता और बाजार पहुंच के फिर से परिभाषित होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

इसके मुताबिक, मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारतीय वाहन और कलपुर्जा निर्यात के लिए यूरोपीय बाजारों तक बेहतर पहुंच मिलेगी, जिससे इस क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को मदद मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि इससे प्रीमियम वाहनों के आयात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, लेकिन व्यापक बाजार में इसका असर सीमित रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, यूरोपीय संघ में बने वाहनों (सीबीयू) पर शुल्क में भारी कटौती होने की उम्मीद है, जो एक निश्चित कोटा के तहत 15,000 यूरो प्रति वाहन से ऊपर की आयात कीमत पर 110 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत तक आ सकता है। इससे भारत का कार बाजार यूरोपीय मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के लिए खुल जाएगा। रिपोर्ट में बताया गया कि कम शुल्क से बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, ऑडी और पोर्श जैसे यूरोपीय ब्रांड के लिए पहुंच में सुधार होने की उम्मीद है, जिससे भारत के तेजी से विस्तार करते वाहन बाजार में प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और वृद्धि के नए अवसर मिलेंगे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 14.36 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इससे भी पहले सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर की उंचाई पर पहुंचा था।



केन्द्रीय बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 562.39 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं में मूल्य वृद्धि या मूल्यह्रास के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 14.59 अरब डॉलर बढ़कर 137.68 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.95 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 4.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.74 अरब डॉलर हो गई।

# यूपीआई को टिकाऊ बनाने, बुनियादी ढांचे में सुधार के तरीके खोजेगा आरबीआई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक लोकप्रिय भुगतान मंच यूपीआई को हितधारकों के लिए टिकाऊबनाने और इसके बुनियादी ढांचे में सुधार सुनिश्चित करने के तरीके खोजेगा।

उन्होंने फरवरी की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, हम निश्चित रूप से न केवल इस बहुत महत्वपूर्ण भुगतान बुनियादी ढांचे को बनाए रखने के लिए, बल्कि इसमें सुधार करने का एक रास्ता खोजने में सक्षम होंगे। यह पिछले कुछ वर्षों में हमारे देश में बहुत ही अनूठा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इससे ग्राहकों के लिए भुगतान बुनियादी ढांचे से जुड़ी चिंताओं को दूर करने में मदद मिलेगी। इस समय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सभी उपयोगकर्ताओं के लिए लगभग मुफ्त है, और बैंकों को लेनदेन करने के लिए सरकार द्वारा बजटीय सहायता के माध्यम से मुआवजा दिया जाता है, क्योंकि डिजिटल विकल्पों की ओर बढ़ने से अर्थव्यवस्था में नकदी के उपयोग को कम करने में मदद मिलती है। यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े पक्ष क्रेडिट कार्ड के उपयोग की तरह ही व्यापारी छूट दर (एमडीआर) वसूलने की अनुमति देने के लिए दबाव बना रहे हैं। उनका तर्क है कि मंच को टिकाऊबनाने

# रेपो दर यथावत रखने से कारोबार क्षेत्र में स्थिरता आयेगी

नयी दिल्ली। केंद्रीय बैंक के रेपा दर को 5.25 पर यथावत रखने से वैश्विक एवं घरेलू चुनौतियों के बीच व्यवसायों और निवेशकों को आवश्यक नीतिगत स्थिरता मिलेगी। उद्योग जगत ने जुड़े लोगों ने यह बात कही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने के साथ बजट में सरकारी खर्च में वृद्धि तथा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बनी सहमति के बाद शुल्क को लेकर दबाव कम होने के बीच नीतिगत दर को यथावत रखने की उम्मीद की जा रही थी। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद आरबीआई का यह कदम घरेलू मांग, उपभोक्ता भरोसे और निर्यात प्रतिस्पर्धा को मजबूती देगा। यह फैसला बदलते वैश्विक हालात में नीतिगत स्थिरता का संकेत देता है। महंगाई के संतोषजनक दायरे में बने रहने और वृद्धि की गति जारी रहने से आरबीआई का तटस्थ रुख व्यवसायों और निवेशकों के लिए आवश्यक भरोसा प्रदान करता है। यह विवेकपूर्ण मौद्रिक ढांचा बाजार विश्वास को मजबूत करेगा, विनिर्माण और व्यापार गतिविधियों को बढ़ावा देगा तथा भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को और सशक्त बनाएगा। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और राजकोषीय दबावों के बीच आरबीआई का यह संतुलित दृष्टिकोण समावेशी, स्थिर और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्योग (एमएसएमई) ऋण पर रेपो दर का असर दिखता है इसलिए किसी भी तरह की सख्ती उधारी लागत बढ़ाती है, जबकि नरम मौद्रिक नीतियां निवेश को प्रोत्साहित करती हैं। भले ही इस बार रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की अतिरिक्त कटौती आदर्श होती, लेकिन पिछले 14 महीनों में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती इस क्षेत्र के लिए सहायक साबित होगी।

# जम्मू-कश्मीर का 1.27 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का 1.27 लाख करोड़ रुपये का बजट शुक्रवार को पेश किया और कहा कि यह वित्तीय योजना केंद्र शासित प्रदेश में सतत वृद्धि, सामाजिक सौहार्द एवं आर्थिक समृद्धि के लिए मजबूत आधार तैयार करने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार निवेश, नवाचार एवं सहभागी शासन को बढ़ावा देकर जम्मू-कश्मीर को एक आधुनिक, प्रगतिशील और आर्थिक रूप से जीवंत क्षेत्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्रालय का प्रभार भी संभाल रहे अब्दुल्ला ने कुल।,27,767 करोड़ रुपये की सकल प्राप्तियों एवं व्यय का अनुमान लगाया। अब्दुल्ला ने कहा कि कुल सकल प्राप्तियों में 14,000 करोड़ रुपये के मार्ग एवं साधन अग्रिम और ओवरड्राफ्ट का प्रावधान शामिल है। अग्रिम और ओवरड्राफ्ट के प्रावधान को छोड़कर वित्त वर्ष के लिए कुल शुद्ध बजट अनुमान।,13,767 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2026-27 के बजट अनुमानों में राजस्व व्यय के तहत 80,640 करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय के तहत 33,127 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अनुमानित राजस्व प्राप्ति 90,018 करोड़ रुपये है जबकि पूंजीगत प्राप्ति 23,749 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश का अपना राजस्व (जिसमें कर और गैर-कर स्रोत शामिल हैं) 31,800 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को केंद्र सरकार से 42,752 करोड़ रुपये की सहायता और केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के तहत 13,400 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। राजकोषीय संकेतकों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कर-से-जीडीपी अनुपात 2026-27 के लिए 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2025-26 में यह 7.5 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा 2.98 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2024-25 के 5.5 प्रतिशत (संशोधित अनुमान) से काफी कम है। हालांकि, 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा 3.69 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# एसबीआई महिला क्लब ने किया स्नेहधरा वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को सामग्री वितरित

लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक सदैव समाज के कमजोर एवं निशक्तजनों की सेवा पर बल देते हुए उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु प्रयासरत रहता है। इसी क्रम में शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक, महिला क्लब, लखनऊ मंडल द्वारा बैंक सामुदायिक सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत सृजन फाउंडेशन द्वारा संचालित स्नेहधरा (अम्मा-बप्पा का अपना घर) वृद्धजन सेवा केन्द्र में निशक्त वृद्धजनों की सेवा हेतु आयोजित एक कार्यक्रम में एसबीआई द्वारा निशक्त वृद्धजनों के दैनिक उपयोग के लिए वाशिंग मशीन, कामर्शियल जूसर, वाटर कूलर, कम्प्यूटर एवं अलमारियों के अलावा उनके लिए बेड, बेडशीट, गद्दे, तकिया, पिलो कवर एवं उनके भोजन हेतु कच्चा अनाज एवं अन्य खाद्य सामग्री भेंट करते हुए उनके बेहतर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की कामना की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय स्टेट बैंक महिला क्लब, लखनऊ मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ऋतुपर्णा दे ने की।



## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी ने

फिर मन को जोड़ो और फिर जिन विषयों की पढ़ाई करनी है, उन्हें सामने रखो। तब आप हमेशा सफल होंगे। मोदी ने छात्रों को मनोरंजन के लिए गेम खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा आपकी गेमिंग में रुचि है लेकिन भारत में डेटा सस्ता है तो सिर्फ समय काटने के लिए इसमें लिप्त मत होइए। इसे मनोरंजन के लिए मत करिए। जो लोग पैसे कमाने के लिए गेमिंग में लिप्त होते हैं, उनका ही नुकसान होता है। हमें देश में जुए को बढ़ावा नहीं देना है। मैंने ऑनलाइन जुए के खिलाफ कानून बनाया है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि गेमिंग एक कौशल है क्योंकि इसमें काफी गति होती है और इसका उपयोग सतर्कता परखने तथा आत्म-विकास के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हर किसी का कार्य करने का अपना तरीका या शैली होती है। उन्होंने कहा, जो बीत गया, मैं उसे नहीं देखता। मैं हमेशा आगे आने वाली चीजों के बारे में सोचता हूं। कुछ शिक्षक होते हैं जो केवल महत्वपूर्ण चीजें पढ़ाते हैं और अच्छे अंक लाने में आपकी मदद कर सकते हैं, लेकिन अच्छे शिक्षक सर्वांगीण विकास के लिए पूरा पाठ्यक्रम पढ़वाते हैं। जीवन में केवल परीक्षा अहम नहीं है। शिक्षा हमारे विकास का माध्यम है।

### यूपी से दंगा

चलाना है, प्रबंधन कैसे करना है, भारत का संन्यासी आश्रम पद्धति से सीखता है। प्रशासन हमारे संस्कारों व जींस का हिस्सा है। एमबीए की वास्तविक शिक्षा तो भारतीय आश्रम पद्धति से ही मिलती है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश आज अराजकता से निकलकर विकास और सुशासन का मॉडल बनकर उभरा है। भारत की प्रशासनिक, आर्थिक और सांस्कृतिक शक्ति की जड़ें, आश्रम व गुरुकुल परंपरा में हैं। जहां कृषि, खगोल विज्ञान, आयुर्वेद, शिल्प व प्रशासन जैसे विषयों का केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान दिया जाता है। जीवन से जुड़े हर प्रश्न का उत्तर मिलता है। सीएम योगी ने बताया कि माघ मेले में अब तक 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। यहां पहले केवल अव्यवस्था देखने को मिलती थी, लेकिन आज अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, हरिद्वार, बदरीनाथ धाम व केदारनाथ धाम केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के केंद्र बने हैं। भारत राष्ट्र यहीं से शक्ति प्राप्त करता है, और जब हमने इन आस्था केंद्रों को सम्मान के साथ आगे बढ़ाया, संरक्षित करने का काम किया, परिणाम भी सामने आया है। लंबे समय तक बीमारू रहा उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथ्रू बनकर लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा जन्म इसी देवभूमि उत्तराखंड में हुआ है। वर्ष 1982 में भारत माता मंदिर के भव्य लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व सर संघचालक बालासाहब देवरस, दोनों की उपस्थिति रही। यह स्पष्ट करता था कि राष्ट्राध्यक्ष के प्रति हमारा सम्मान सदैव रहेगा, लेकिन मूल्यों के साथ कभी कोई समझौता नहीं होगा। जब देश विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहा था, तब पूज्य स्वामी जी महाराज ने भारत माता मंदिर के भव्य निर्माण और उसके लोकार्पण के माध्यम से पूरे देश के सामने आध्यात्मिक नेतृत्व का चिरस्थायी स्मारक समर्पित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखंड के चार धाम भारत की चेतना के आधार हैं। मेरा सौभाग्य है कि देश के भीतर पिछले 11 वर्षों में हमने व्यापक परिवर्तन देखा है। यह नए भारत निर्माण की वही गाथा है। यह पीढ़ी यह सोच रही थी कि क्या हमारी भावनाओं के अनुरूप भारत का निर्माण हो पा रहा है या नहीं। एक प्रकार की असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। उस असमंजस से उबरने का कार्य पिछले 11 वर्षों में हमने स्पष्ट देखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम भारत की बात करते हैं, तो भारत केवल एक भौगोलिक टुकड़ा मात्र नहीं है। भारत ऋषि परंपरा की तपस्या से निर्मित राष्ट्र है। यह किसी सत्ता की उपज नहीं है, बल्कि ऋषि परंपरा की तपस्या से निकली शाश्वत चेतना का केंद्र बिंदु है। भारत का उच्चतम न्यायालय भी इस मंत्र को अंगीकार करता है कि जहां धर्म है, वहीं विजय है। धर्म और विजय का यह शाश्वत स्वरूप हमें यह आभास कराता है कि धर्म कभी कमजोर नहीं होता, बल्कि उसे जानबूझकर कमजोर किया जाता है। इतिहास साक्षी है कि जो राष्ट्र अपनी सभ्यता और संस्कृति की उपेक्षा करता है, वह न तो वर्तमान को सुधार पाता है और न ही भविष्य को सुरक्षित रख पाता है। आज फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत गांव आधारित राष्ट्र था। गांव आत्मनिर्भर इकाइयां थे। यहां कृषि थी, पशुपालन था, हस्तशिल्प था, चाहे वस्त्र निर्माण हो या धातु का कार्य, सब कुछ गांवों के भीतर ही होता था। यहां बाहरी सत्ता का हस्तक्षेप नहीं था, न ही किसी अनुदान पर निर्भरता थी। स्वरोजगार भारत की मूल शक्ति था। हमारा किसान उत्पादक था, कारीगर उद्यमी था, और व्यापारी राष्ट्र को जोड़ने का सेतु। यह पूरा ढांचा ग्राम स्वराज आधारित शासन का एक सशक्त मॉडल था।

### योगी राज में

करते रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि साधना से तपे संन्यासी हैं। उनके जीवन में अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। समाज में योगी आदित्यनाथ के प्रति जो सम्मान है, वह उनके व्यक्तित्व, आचरण और कार्यशैली का परिणाम है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस प्रकार सुशासन स्थापित हुआ है, वह आज पूरे देश के लिए एक मॉडल बन चुका है। कभी गुंडाराज व माफिया संस्कृति के लिए बदनाम रहा उत्तर प्रदेश आज सुरक्षा, कानून व्यवस्था और विकास के क्षेत्र में नई पहचान बना चुका है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह अत्यंत गर्व का विषय है कि योगी आदित्यनाथ ने इसी क्षेत्र में सामान्य परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण की। गांव की मिट्टी में पले-बढ़े योगी जी ने अपने अनुशासन, परिश्रम और दृढ़ संकल्प से असाधारण ऊंचाइयों को छुआ। आज वह देश में सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा कर रहे हैं। वह राज्य जिसे कभी बीमारू राज्य के रूप में देखा जाता था, लेकिन योगी जी ने अपनी नीतियों और विजन से उसे आज देश में अग्रिम राज्यों की पंक्ति में पहुंचा दिया है। योगी आदित्यनाथ का जीवन विद्यार्थियों के लिए जीवंत उदाहरण है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन हों, यदि राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण का भाव हो, तो हर चुनौती अवसर में बदल जाती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जहां भी रहे, उन्होंने अपनी जन्मभूमि और देवभूमि उत्तराखंड से नाता कभी नहीं तोड़ा। भारतीय परंपरा में कहा गया है कि जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी और योगी जी इस भाव को अपने जीवन में आत्मसात करते हैं। पिछले वर्षों में योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में कई विद्यालयों का लोकार्पण हुआ, जहां आधुनिक शिक्षा सुविधाएं, कंप्यूटर लैब और तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए गए। योगी आदित्यनाथ का जीवन यह सिखाता है कि सादा जीवन, उच्च विचार और कठोर परिश्रम से कोई भी व्यक्ति राष्ट्र सेवा के सर्वोच्च शिखर तक पहुंच सकता है।

### फिल्म घूसखोर

में जातिगत अपमान के बिंदु पर स्पष्ट किया गया है कि फिल्म का शीर्षक एक समुदाय/जाति विशेष (ब्राह्मण) को लक्षित कर अपमानित करने के उद्देश्य से रखा गया प्रतीत होता है। इस नामकरण तथा नेटफिल्क्स व सोशल मीडिया पर प्रचारित इसके संवादों को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिली है। फिल्म के नाम और उसकी सामग्री को लेकर ब्राह्मण समाज तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों में आक्रोश है। कई संगठनों ने इसके विरोध में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इससे सार्वजनिक शांति और कानून-व्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी। पुलिस ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल कदम उठाया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि फिल्म के निर्देशक एवं उनकी टीम द्वारा समाज में वैमनस्य फैलाने, शांति व्यवस्था भंग करने और सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से फिल्म का प्रचार-प्रसार किया गया। इस तरह की सामग्री से सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उपरोक्त तथ्यों और संवेदनशील परिस्थितियों के दृष्टिगत, थाना हजरतगंज पुलिस द्वारा फिल्म के निर्देशक एवं उनकी टीम के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई तथा विवेचना प्रचलित है।

### उप्र में

हजार मतदाता की सुनवाई भी हुई है यानी 9.2 प्रतिशत की सुनवाई हुई। उन्होंने बताया कि पिछली सूची में 1 करोड़ 4 लाख वोटर्स की मैपिंग नहीं थी. 2 करोड़ 22 लाख वोटर्स में तार्किक विसंगति थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नाम काटने के लिए फॉर्म-7 भरा जाता है। रजिस्टर्ड मतदाता ही फॉर्म-7 भर सकता है। फॉर्म-7 में पूरी जानकारी के साथ नाम कटवाने का कारण बताना होगा। एक साथ कई फॉर्म-7 स्वीकार नहीं किये जायेंगे। एक दिन में अधिकतम 10 फॉर्म-7 भर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुनवाई के लिए कुल 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व 8990 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) लगाए गए हैं। यह संख्या और बढ़ाई जाएगी, जिससे किसी भी मतदाता को कोई दिक्कत न हो।

### पाकिस्तान की

एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि विस्फोट में 80 से अधिक लोग घायल हुए, जबकि 15 शवों को विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। बचाव टीम और पुलिस हमले वाली जगह पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। राजधानी के अस्पतालों में आपात स्थिति घोषित कर दी गई। सेना के जवानों और रेंजर्स ने इलाके को घेर लिया है और विस्फोट स्थल के आसपास सुरक्षा अभियान चलाए जा रहे हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब उजबेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव पाकिस्तान के दौरे पर हैं। वह बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के दो दिवसीय राजकीय दौरे पर पहुंचे।

### आरबीआई ने

का जीडीपी वृद्धि में कितना योगदान होगा, इसका कोई आकलन नहीं किया गया है क्योंकि इसके विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा, अमेरिकी व्यापार समझौते सहित विभिन्न कारणों से हमने जीडीपी वृद्धि में 0.2 प्रतिशत जोड़े हैं। चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो केंद्रीय बैंक के पिछले अनुमान 2.0 प्रतिशत से अधिक है। लेकिन आरबीआई के चार प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य से कम है। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने अगले वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.95 प्रतिशत कर दिया है जो पहले 6.75 प्रतिशत था। हालांकि आरबीआई ने पूरे वित्त वर्ष के अनुमान को अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया क्योंकि नई जीडीपी शृंखला इसी महीने जारी की जाएगी। मल्होत्रा ने ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए अतिरिक्त उपायों की घोषणा करते हुए कहा कि आरबीआई गलत तरीके से बिक्री, ऋण वसूली और वसूली एजेंटों की नियुक्ति और अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की देनदारी को सीमित करने से संबंधित तीन दिशानिर्देशों का मसौदा जारी करेगा।




# भारत ने ऐतिहासिक छठा अंडर-19 विश्व कप जीता

## वैभव सूर्यवंशी (175 रन, 80 गेंद, 15 छक्के) ने अंडर-19 विश्व कप के इतिहास की सबसे प्रभावशाली पारी खेली, 55 बॉल पर सेकंड फास्टेस्ट सेंचुरी भी लगायी



हरारे। युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के 175 रन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीता। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में ट्रॉफी जीती थी। यह टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के दबदबे को दिखाता है। चौदह वर्षीय सूर्यवंशी ने सिर्फ 80 गेंद में शानदार 175 रन बनाए।

उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया और यह मुकाम 71 गेंदों में हासिल किया। इससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कालेब फाल्कनर के 115 रन की शतकीय पारी के बावजूद आखिरकार 311 रन पर ऑल आउट हो गया। विस्फोटक युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ( 175 रन, 80 गेंद, 15 छक्के ) ने अंडर-19 विश्व कप के इतिहास की शायद सबसे प्रभावशाली पारी खेली जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ नौ विकेट पर रिकॉर्ड 411 रन का स्कोर खड़ा किया। चौदह साल के सूर्यवंशी ने एक यादगार पारी खेली और महज 55 गेंद में तीन अंक का आंकड़ा छूकर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए।

यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है और टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में यह टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है। सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दी। अब उनके नाम युवा वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने दिसंबर में आईसीसीए दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने ही 14 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सूर्यवंशी के नाम अब अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन ( 71 गेंद में ) बनाने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने टूर्नामेंट में पहले इसी मैदान पर इंग्लैंड के बेन मेयेस के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया जिन्होंने 98 गेंद में 150 रन बनाए थे। सूर्यवंशी के दबदबे का अंदाजा इससे ही लग जाता है कि उनके 100 से 150 रन तक पहुंचने के दौरान दूसरे छोर पर खड़े वेदांत त्रिवेदी ने सिर्फ चार गेंदों का सामना किया। सूर्यवंशी की बल्लेबाजी इतनी जबरदस्त थी कि आधे मैच तक भारत का रन रेट लगभग 10 था और उस चरण पर टीम का अनुमानित स्कोर 500 था। बिहार के समस्तीपुर का यह खिलाड़ी दो घंटे से भी कम समय में क्रिकेट की दुनिया को हैरान करने के बाद 26वें ओवर में मैनी लम्सडेन की शॉर्ट गेंद को स्कूप करने की कोशिश में आउट हो गया। विकेटकीपर थॉमस रियू ने उनका कैच लपका। इंग्लैंड के खिलाड़ी सूर्यवंशी को ऐसी पारी पर बधाई देने के लिए उनकी ओर दौड़े जो विश्व कप फाइनल में अक्सर देखने को नहीं मिलती।

# जरूरत पड़ी तो टी20 विश्व कप में भारत दो स्पिनरों को खिलायेगा: सूर्यकुमार यादव



मुंबई। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो भारत टी20 विश्व कप में दो स्पिनरों को खिलाने से संकोच नहीं करेगा। उन्होंने साथ ही वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव को लेकर चयन की उलझन को बहुत अच्छा सिरदर्द बताया।

कुलदीप और वरुण दोनों ने टी20 विश्व कप से पहले भारत की अंतिम श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 सीरीज में हिस्सा लिया था। लेकिन दोनों को एक साथ केवल रायपुर में हुए दूसरे टी20 मैच में ही मौका मिला जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज की। अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले से पहले मीडिया से बात करते हुए सूर्यकुमार ने कहा, यह एक अतिरिक्त फायदा है कि आपके पास इतने अच्छे गेंदबाज उपलब्ध हैं। लेकिन साथ ही आपको टीम संयोजन भी देखना होता है कि किस प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ किसे खिलाया जाए।

भारतीय कप्तान ने कहा कि जरूरत होगी कि हम दो स्पिनर या दो कलाई के स्पिनर को खिला सकते हैं तो हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे। लेकिन वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव जैसे विकल्प होना हमेशा अच्छा होता है। ये दुनिया के बेहतरीन स्पिनरों में से हैं और यह एक बहुत अच्छा सिरदर्द है। भारतीय टीम की बल्लेबाजी क्रम में गहराई रखने की पसंद अक्सर चक्रवर्ती और कुलदीप दोनों के एक साथ खेलने में रुकावट बनती है क्योंकि जरूरत पड़ने पर दोनों ज्यादा रन नहीं बना पाते हैं। सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि टीम के पास दाएं हाथ के बल्लेबाजों की तुलना में बाएं हाथ के बल्लेबाज ज्यादा होना भी एक अच्छी परेशानी है। ईशान किशन के अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने की उम्मीद है। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय है तो सूर्यकुमार ने जवाब दिया, क्या आप चौके-छक्के लगते हुए देखना पसंद नहीं करते ? उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक अच्छी परेशानी है और इस पर जरूरत से ज्यादा बातचीत की जा रही है। इस स्तर पर जब आप बाएं हाथ के स्पिनरों या ऑफ स्पिनरों के खिलाफ काफी क्रिकेट खेल चुके हैं, आप इतना क्रिकेट खेल चुके हैं और इतना अभ्यास कर चुके हैं। किसी भी दिन, चाहे स्पिनर गेंदबाजी कर रहा हो या तेज गेंदबाज, और चाहे सामने दो बाएं हाथ के बल्लेबाज हों या दो दाएं हाथ के बल्लेबाज, आपका काम वही करना होता है जो टीम के लिए सबसे बेहतर हो और ऐसा ही हो रहा है। सूर्यकुमार ने माना कि मौजूदा फॉर्म को देखते हुए ईशान ही पारी की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर, उन्होंने जिस तरह से पिछले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय में क्रिकेट खेला है और ये अंतरराष्ट्रीय मैच थे तो उनका प्रदर्शन इतना ज्यादा नोटिस किया गया। उन्होंने कहा, उसने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में भी इसी तरह से बल्लेबाजी की थी और इसे यहां भी जारी रखा है। उसे तीसरे नंबर पर मौका मिला और फिर उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में पारी का आगाज किया। सूर्यकुमार ने कहा, मुझे उम्मीद है कि वह बल्लेबाजी क्रम में जिस भी स्थान पर खेले, इसी तरह से बल्लेबाजी करता रहे। वह तीसरे नंबर से नीचे बल्लेबाजी नहीं करेगा। लेकिन जो भी मौका मिले, उसे इसी तरह से बल्लेबाजी करनी चाहिए। सूर्यकुमार ने माना कि घरेलू मैदान पर खेलते समय अतिरिक्त दबाव होगा, लेकिन वह इसका सकारात्मक पहलू ही देखना चाहते हैं।

संक्षेप

### एमपीएल टी20 टीम ने प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए ट्रायल का ऐलान किया

नयी दिल्ली। मध्यप्रदेश टी20 लीग की टीम जबलपुर रॉयल लायंस प्रदेश के खिलाडि़यों के लिये 11 और 12 फरवरी को ट्रायल का आयोजन करेगी। ट्रायल जबलपुर में रानीताल खेल परिसर में होंगे जिसके लिये रजिस्ट्रेशन चार फरवरी से शुरू हो गए हैं। टीम ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ये ट्रायल मध्यप्रदेश के निवासियों के लिये हैं। प्रदेश में पैदा हुए या रहने वाली खिलाड़ी ही इसमें भाग ले सकते हैं जो पात्रता की शर्तों पर खरे उतरते हों। खिलाड़ी की उम्र एक दिसंबर 2025 को 19 वर्ष या अधिक होनी चाहिये।

### चोट के कारण से बाहर हो सकते हैं हर्षित राणा

मुंबई। भारत के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा अभ्यास मैच के दौरान घुटने में चोट लगने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में स्वीकार किया कि राणा की स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है। सूर्यकुमार ने हालांकि राणा को अभी पूरी तरह से बाहर नहीं किया, लेकिन उनकी बातों से लगा कि राणा के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है। भारतीय टीम विश्व कप में अपना अभियान शनिवार को अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगी। सूर्यकुमार ने कहा, राणा को अभी बाहर नहीं किया गया है, हमारे फिजियो उनका आकलन कर रहे हैं, लेकिन उनके चोट की स्थिति अच्छी नहीं लग रही है। भारतीय टीम के विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि राणा के लिए इस टूर्नामेंट के दौरान चोट से उबरने की संभावना काफी कम है। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में केवल एक ओवर डाला, जिसमें उन्होंने 16 रन दिए और उसके बाद घुटने की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए। राणा हालांकि भारत की शुरुआती एकादश का हिस्सा नहीं थे। उनका इकोनॉमी रेट भी नौ से ऊपर का है। वह हालांकि विशिष्ट परिस्थितियों में एक उपयोगी विकल्प साबित हो सकते थे। वह निचले क्रम में भी बल्ले से योगदान देने में सक्षम है। राणा की जगह भारतीय टीम में कोई अनुभवी तेज गेंदबाज जगह बना सकता है, जिनमें प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज का नाम प्रमुख है। इसके साथ ही हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर भी मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या से जूझ रहे हैं। उनकी उपलब्धता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं ।सूत्रों के अनुसार राणा की जगह टीम में साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। सूर्यकुमार की बातों से पहले ही लगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाडि़यों में शामिल इस गेंदबाज के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है।

# सियासी रंग में रंगे क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का सबसे प्रबल दावेदार

नयी दिल्ली। क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के सबसे बड़े टूर्नामेंट से पहले चर्चा खिलाडि़यों या खेल की नहीं बल्कि मैदान से बाहर की गतिविधियों की ही रही है और शायद राजनीति का इतना असर किसी विश्व कप पर पहले देखने में आया हो।

भारत और श्रीलंका में शनिवार से टी20 विश्व कप शुरू हो रहा है जिसमें सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम खिताब की सबसे प्रबल दावेदार है। लेकिन चर्चा खिलाड़ियों या प्रबल दावेदारों पर हो कहां रही है। खेल की राजनीति या राजनीति में खेल का ऐसा नजारा पहली बार देखने को मिला है। भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देकर खेलने से इनकार पर बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो गया। वहीं अपने पड़ोसी के समर्थन में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया।

दोनों देशों ने इस संकट के लिये भारत को कसूरवार ठहराया जिसकी शुरूआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को आईपीएल से बाहर करने पर हुई। बांग्लादेश ने रहमान के बाहर होने को राष्ट्रीय गौरव का मसला बताकर भारत में खेलने से इनकार कर दिया जिसकी जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में जगह मिली। मामला और बिगड़ गया जब पाकिस्तान इसमें कूद पड़ा और बड़ी सियासी तस्वीर को देखते हुए बांग्लादेश को समर्थन का ऐलान कर दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने इस फैसले को सही करार दिया। टूर्नामेंट की एक गेंद भी नहीं फेंकी गई है और आईसीसी तथा प्रसारकों की नजरें संभावित नुकसान पर है जबकि पाकिस्तान को भी इस फैसले के गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। भारत और पाकिस्तान के विश्व कप मुकाबले हमेशा रोमांचक होते हैं और क्रिकेट की वैश्विक अर्थव्यवस्था में इनका बड़ा योगदान रहता है। मैदान से बाहर की सुर्खियों से इतर खेल पर बात करें तो भारत के लिये चुनौती बहुत कठिन नहीं दिख रही। प्रदर्शन और श्रेष्ठता के मामले में कोई टीम सूर्यकुमार यादव की टीम के मुकाबिल नहीं दिखती। पाकिस्तान शनिवार को कोलंबो में नीदरलैंड से खेलेगा जिसमें उसकी जीत लगभग तय है। आस्ट्रेलिया विश्व कप की धुरंधर रही है लेकिन इस बार तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जोश हेजलवुड फिटनेस कारणों से टीम में नहीं है। गेंदबाजी का जिम्मा बेन ड्वारशुइस, जेवियर बार्लेट और नाथन एलिस पर होगा। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, कप्तान मिचेल मार्श , मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल जैसे दिग्गज हैं। स्पिनर मैट कुहनेमन और एडम जम्पा की भूमिका भी अहम होगी। इंग्लैंड की बात करें तो बल्लेबाजी में उसके पास हैरी ब्रूक, जोस बटलर, बेन डकेट और फिल साल्ट हैं लेकिन उनका सामना वरूण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल जैसे दिग्गजों से होगा। दक्षिण अफ्रीका भी प्रबल दावेदारों में से है जिसके पास भारत के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण है जिसमें कैगिसो रबाडा, एनरिच नॉर्किया, मार्को यानसेन, केशव महाराज जैसे गेंदबाज हैं। बल्लेबाजी में क्विंटोन डिकॉक, एडेन माक्रम, डेविड मिलर, रियान रिकेलटन और ट्रस्टिन स्टब्स का अनुभव काम आयेगा। न्यूजीलैंड एक महीने से भारत में है और यह अनुभव उसके काम आयेगा। फिन एलेन ने भारत के खिलाफ आखिरी टी20 में अच्छा प्रदर्शन किया है। ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल भी उपयोगी पारियां खेल चुके हैं। लॉकी फर्ग्युसन की रफ्तार, जैकब डफी की विविधता और कप्तान मिचेल सेंटनेर का अनुभव उन्हें कठिन प्रतिद्वंद्वी बनाता है।

# स्कॉटलैंड की नजरें वेस्टइंडीज के खिलाफ खुद को साबित करने पर



कोलकाता। दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में स्कॉटलैंड यह साबित करना चाहेगा कि ऐन मौके पर टूर्नामेंट में जगह बनाने का मौका मिलने के बावजूद वह बड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराने में सक्षम है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से करीब एक महीने तक बातचीत नाकाम रहने के बाद आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में मौका दिया है।

टूर्नामेंट शुरू होने से महज दो सप्ताह पहले उसे प्रवेश मिला है। बांग्लादेश को चार ग्रुप मैच भारत में खेलने थे लेकिन सुरक्षा कारणों से बीसीबी ने टीम भेजने से इनकार कर दिया। इसकी शुरूआत तीन जनवरी को हुई जब बीसीसीआई ने भारत और बांग्लादेश के बिगड़ते आपसी संबंधों के बीच कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2026 टीम से मुस्ताफिजूर रहमान को बाहर करने के निर्देश दिये। इसके एक दिन बाद बीसीबी ने आईसीसी से कहा कि वह अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा जिससे रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिला। यूरोपीय क्वालीफायर में नीदरलैंड, इटली और जर्सी के बाद स्कॉटलैंड चौथे स्थान पर रहा था। स्कॉटलैंड के लिये सर्वाधिक 77 टी20 और 82 वनडे खेल चुके बायें हाथ के स्पिनर मार्क वाट ने कहा कि हमें बांग्लादेश के खिलाडि़यों से हमदर्दी है लेकिन हमारा मानना है कि हम यहां खेलने के हकदार थे। स्कॉटलैंड ने टी20 विश्व कप 2022 में वेस्टइंडीज को 42 रन से हराया था जिसमें वाट ने 12 रन देकर तीन विकेट लिये थे। कोलकाता के हालात में ढलने के लिये वाट ने अफगानिस्तान के महान स्पिनर राशिद खान और मोहम्मद नबी से बेंगलुरू में अभ्यास मैच के दौरान टिप्स भी लिये। उन्होंने कहा कि मैने नबी और राशिद से बात की कि कोलकाता में कैसे गेंदबाजी करनी होगी। दूसरी ओर दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज टीम के शेरफान रदरफोर्ड और शाइ होप हाल ही में एसए 20 में शानदार प्रदर्शन करके आये हैं।

**टीमें : वेस्टइंडीज :** शाइ होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्डे, शिमरोन हेटमायेर, जैसन होल्डर, अकील हुसैन, शामार जोसेफ, ब्रेंडन किंग, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, शेरफान रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड

**स्कॉटलैंड :** रिची बेरिंगटन (कप्तान ), टॉम ब्रूस, मैथ्यू क्रॉस, ब्राडले करी, ओलिवर डेविडसन, क्रिस ग्रीव्स, जैनुल्लाह इहसान, माइकल जोनेस, माइकल लीस्क, फिनले मैकक्री,ब्रेंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुंसी, साफियान शरीफ, मार्क वाट, ब्राड व्हील। मैच का समय : दोपहर तीन बजे से।

# बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं देंगे : सलमान अली

कोलंबो। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने शुक्रवार को कहा कि भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार से जुड़ी बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं देकर उनकी टीम टी20 विश्व कप ग्रुप चरण के सारे मैच जीतकर सुपर आठ में जगह बनाने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान ने 2009 में खिताब जीता था। सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार की वजह से विश्व कप से बाहर हुई बांग्लादेश टीम के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पाकिस्तान ने 15 फरवरी को भारत के खिलाफ ग्रुप मैच खेलने से इनकार कर दिया है।

यह पूछने पर कि वह हालात से कैसे निपटेंगे, सलमान ने पत्रकारों से कहा , उस पर ध्यान नहीं देकर। हम एक टीम के रूप में उस पर बात नहीं करते और टीम से बाहर हो रही चीजों को नहीं देखते। हम यही कर सकते हैं। हम इस पर ध्यान नहीं देकर अपने प्रदर्शन पर फोकस करेंगे। पहलगाम आतंकी हमले के पीडि़तों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पिछले साल सितंबर से भारतीय क्रिकेट टीमों ने अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तानी टीमों से हाथ नहीं मिलाने की रणनीति अपनाई है। सलमान ने कहा कि हम आहत महसूस नहीं करते लेकिन खेल के लिये यह अच्छा नहीं है। ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि बचपन से मैने यही देखा है कि लोग यही प्रयास करते हैं कि खेल को कैसे बेहतर बनाया जाये। हम कुछ हद तक रोलमॉडल हैं। अगर आप ऐसा करेंगे तो कल को बच्चे भी यही करेंगे। इसलिये मुझे लगता है कि ये चीजें नहीं होनी चाहिये। रोलमॉडल यह सब नहीं करते हैं। भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार के कारण पाकिस्तान को दो अंक गंवाने पड़ेंगे यानी सुपर आठ में जाने के लिये उसे बाकी सारे मैच जीतने होंगे। ग्रुप में भारत और पाकिस्तान के अलावा नीदरलैंड, अमेरिका और नामीबिया हैं। यह पूछने पर कि क्या टीम पर जीत का दबाव है, सलमान ने कहा कि कोई दबाव नहीं है क्योंकि आईसीसी टूर्नामेंट में हर मैच जीतना होता है। हम यहां यही सोचकर आये थे कि सभी मैच जीतेंगे। भारत . पाकिस्तान मैचों को लेकर विवाद के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले दो टूर्नामेंटों में हमसे क्रिकेट के अलावा दूसरी बातें पूछी गई जो अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा , हम यहां एक खिलाड़ी के रूप में आये हैं और क्रिकेट खेलने तथा क्रिकेट पर बात करने आये हैं। उसी पर बात करें तो अच्छा होगा। एक टीम और व्यक्तिगत तौर पर भी हम कोशिश करते हैं कि इन चीजों का हम पर असर नहीं हो। यही हमारे और हमारे खेल के लिये अच्छा है।

# टी20 विश्व कप : खिताब की प्रबल दावेदार भारत की नजरें अमेरिका पर शानदार जीत के साथ आगाज पर



मुंबई। सितारों से सजी भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शनिवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा जेहन में और क्रिकेटप्रेमियों की अपेक्षाओं का बोझ कंधों पर रहेगा।

टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारूप से विदा ले चुके हों लेकिन भारतीय टीम अभी भी सबसे दमदार दावेदार है। भारत ने उसके बाद से नौ श्रृंखलायें जीती हैं जिनमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत शामिल है। पिछले पूरे साल खराब फॉर्म से जूझते रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला भी अब खामोश नहीं है जिससे रही सही कसर भी पूरी हो गई। ईशान किशन ने विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जबर्दस्त फॉर्म के साथ वापसी की है। ईशान और अभिषेक शर्मा की जोड़ी से भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं चूंकि दोनों का प्रदर्शन अभी तक जबर्दस्त रहा है। भारत की तुलना 2007 वनडे विश्व कप की आस्ट्रेलियाई टीम से की जा रही है हालांकि दोनों प्रारूप अलग है लेकिन सूर्यकुमार की टीम हर विभाग में परिपक्व और संतुलित दिख रही है। सूर्यकुमार का फॉर्म में लौटना, मध्यक्रम में तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या जैसा हरफनमौला, शिवम दुबे और अक्षर पटेल जैसे धुरंधरों की मौजूदगी बल्लेबाजी को मजबूत बनाती है। रिंकू सिंह जैसा फिनिशर भी भारत के पास है। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन विश्व कप को देखते हुए बड़ी समझदारी के साथ किया गया है। उनके साथ अर्शदीप सिंह नयी गेंद संभालेंगे और हर्षित राणा भी टीम में मौजूद हैं। कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती के रूप में भारत के पास इस प्रारूप में दुनिया के दो सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं लेकिन असल चुनौती ओस की होगी। पहला टी20 विश्व कप 2007 में जीतने वाले पूर्व कप्तान एम एस धोनी ने इस ओर इशारा किया था। भारतीय चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन ने हालात के अनुरूप काफी सोच समझकर टीम चुनी है जिसमें शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे दिग्गज नहीं हैं। संजू सैमसन को भी अंतिम एकादश में शायद ही जगह मिले। सूर्यकुमार को अमेरिकी टीम में कई जाने माने चेहरे दिख जायेंगे। इसी मैदान पर कभी उन्होंने शुभम रंजने, हरमीत सिंह और सौरभ नेत्रवलकर के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था। पिच और हालात की जानकारी का तीनों मुंबईकर अमेरिकी खिलाड़ियों को अतिरिक्त फायदा मिलेगा। अमेरिका ने पिछली बार अपनी सह मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप में पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को हराकर सुपर आठ में जगह बनाई थी और भारत को भी कड़ी चुनौती दी थी। अमेरिकी टीम ने पिछले साल नौ में से आठ मैच जीते हैं और टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका में तीन सप्ताह के शिविर में भाग लिया है। कप्तान मोनांक पटेल ने बल्लेबाजी में कमाल किया है और उन्हें साइतेजा मुक्कमल्ला तथा मिलिंद कुमार से पूरा सहयोग मिला। गेंदबाजी में नेत्रवलकर, हरमीत और रंजने अहम होंगे। दूसरे अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड को कड़ी चुनौती देने वाली अमेरिकी टीम सिर्फ सात रन से हारी थी।

**टीमें : भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा,वरूण चक्रवर्ती।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान ), आंद्रिस गौस, साइतेजा एम, शायन जहांगीर, हरमीत सिंह, शेहान जयसूर्या, संजय कृष्णमूर्ति, मिलिंद कुमार, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने, शाडले वान शाकविक, अली खान, जसदीप सिंह, नोस्तुश केनिजे, सौरभ नेत्रवलकर। मैच का समय : शाम सात बजे से।

# आज मोदी का स्वागत करेंगे 800 कलाकार

## मलेशिया में प्रधानमंत्री के स्वागत के दौरान नृत्य प्रदर्शन में रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

कुआलालंपुर। मलेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोग शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भव्य स्वागत कार्यक्रम के दौरान एक बड़े नृत्य प्रदर्शन के जरिए मलेशियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम में 750 से ज्यादा कलाकार, जिनकी संख्या 800 तक पहुंचने की उम्मीद है, एक साथ नृत्य प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों के मुताबिक, इसमें एक ही नृत्य प्रस्तुति में सबसे ज्यादा नर्तक होंगे, जो भारतीय समुदाय द्वारा किए जाने वाले भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्य रूपों की एक भव्य प्रस्तुति को दिखाएंगे। यह प्रस्तुति सेलामत दतांग मोदी जी कार्यक्रम में होगी, जहां प्रधानमंत्री मोदी और मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भारतीय मूल के समुदाय के लगभग



15,000 लोगों की भीड़ को संबोधित करेंगे। कुआलालंपुर में भारतीय उच्चायुक्त बी एन रेड्डी ने बताया, हमें उम्मीद है कि सेलामत दतांग मोदी जी कार्यक्रम में करीब 15,000 लोग आएंगे और इसके साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा कि मलेशिया में दुनिया में भारतीय मूल के लोगों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी है, और तीसरा सबसे बड़ा भारतीय प्रवासी समुदाय भी है। रेड्डी ने कहा कि कार्यक्रम का शीर्षक सेलामत दतांग मोदी, जिसका मलेशियाई भाषा में अर्थ है मोदी जी का स्वागत है - समुदाय की गर्मजोशी और एकजुटता को दर्शाता है। कार्यक्रम की आयोजन समिति की सदस्य शालिनी कोठारी ने इस महत्वाकांक्षी रिकॉर्ड के प्रयास के विवरण साझा किए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में 750 से ज्यादा कलाकार प्रस्तुति देंगे। मलेशियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सदस्य मौजूद रहेंगे... हमने इसे दर्ज करने के लिए पहले ही उनके पास आवेदन दिया है। कोठारी ने बताया कि ये नृत्य प्रस्तुति लगभग पांच मिनट तक चलेगी। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार दोपहर को कुआलालंपुर पहुंचेंगे और शाम को प्रवासी भारतीयों को संबोधित करेंगे।

# मरांडी ने की राज्य के खजाने से 10 हजार करोड़ गायब होने के दावे पर जांच की मांग

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जनता दल (यूनाइटेड) विधायक सरयू राय के उस सोशल मीडिया पोस्ट की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है जिसमें दावा किया गया है कि राज्य के खजाने से 10,000 करोड़ रुपये गायब हो गए हैं।



राय ने बुधवार को एक पोस्ट में दावा किया कि पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के कार्यकाल में एक ऑडिट के दौरान गायब राशि का पता चला था, जिसके बाद सभी विभागीय सचिवों की एक बैठक बुलाई गई थी। राय ने आरोप लगाया कि सचिवों द्वारा दी गई व्याख्याएं भी अस्पष्ट थीं। सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन की घटक कांग्रेस ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि कथित वित्तीय अनियमितताएं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकाल से संबंधित हैं। जद(यू) विधायक की पोस्ट में दावा किया गया कि वर्तमान वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पिछले साल इस मुद्दे पर विभागीय सचिवों की बैठक के लिए कहा था लेकिन उनका पत्र मुख्य सचिव को भेज दिया गया था और तब से लंबित है। विपक्ष के नेता मरांडी ने एक बयान में कहा कि वित्त सचिव ने मंत्री के आदेशों का पालन करने के बजाय फाइल को मुख्य सचिव के पास भेज दिया और यह पिछले तीन महीनों से लंबित है। सरकार जांच से क्यों कतरा रही है? भाजपा के वरिष्ठ नेता ने इस बात की जांच की मांग की कि पैसा कहां गया और क्या इससे किसी वरिष्ठ अधिकारी या मुख्यमंत्री को फायदा हुआ। कांग्रेस की झारखंड इकाई के प्रवक्ता सोनल शांति ने आरोप लगाया कि राज्य में भाजपा के एक दशक से अधिक समय से सत्ता में रहने के बावजूद, राज्य के खजाने का वर्षों से ऑडिट नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि जब पिछली झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के दौरान ऑडिट की प्रक्रिया शुरू हुई तो भाजपा के शासनकाल की अनियमितताएं सामने आने लगीं। शांति ने एक बयान में कहा, मौजूदा सरकार वित्तीय अनियमितताओं पर कड़ा नियंत्रण रखती है। वित्त मंत्रालय ने सभी बोर्ड, निगमों और आयोगों का संपूर्ण ऑडिट कराने का भी निर्णय लिया है।

## संक्षेप

### मोटरसाइकिल सवार की गड्ढे में गिरने से मौत

नयी दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी इलाके में निर्माण कार्य के लिए खोदे गए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 15 फुट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि घटना के सिलसिले में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है। वर्मा ने बताया कि परियोजना पर काम करने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जल बोर्ड पीड़ित परिवार को मुआवजा देगा। घटना की सूचना शुक्रवार को मिलने के बाद जल मंत्री ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया। सिंह ने पत्रकारों को बताया, हम तीन अधिकारियों - कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर रहे हैं। इन तीनों अधिकारियों का कर्तव्य था कि वे यहां जारी काम की प्रगति की निगरानी करते। उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीनों से निर्माण स्थल पर काम जारी है लेकिन गड्ढा बृहस्पतिवार को खोदा गया था। मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है।

# संजय राउत ने बिरला के दावे को खारिज किया, हास्यास्पद बताया

मुंबई। शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के इस दावे को शुक्रवार को खारिज कर दिया कि उन्हें ऐसी जानकारी मिली थी कि कांग्रेस सांसद सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीट के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे।

राउत ने बिरला के इस दावे को हास्यास्पद करार दिया। राउत ने पत्रकारों से बातचीत में केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि मौजूदा सरकार की वजह से देश खतरे में है। राज्यसभा सदस्य ने दावा किया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के कारण देश गुलाम बन गया है। भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति बनी है, जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत के बाद यह जानकारी दी थी। बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा था कि बुधवार को कांग्रेस के कई सदस्य सदन के नेता की सीट के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे।

# लोगों को डिजिटल उपकरणों के बारे में जागरूक करने की जरूरत : मुर्मू

भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर में साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर शुक्रवार को चिंता व्यक्त की और लोगों को डिजिटल उपकरणों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



मुर्मू ने कहा कि लोगों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाने के लिए वित्तीय साक्षरता को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के कारण लोग अपनी जीवनभर की कमाई खो सकते हैं और मानसिक तथा सामाजिक कष्ट झेल सकते हैं। दूरदराज, आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे नागरिक हैं, जिन्हें डिजिटल उपकरणों की जानकारी नहीं हैं। मुर्मू ने यहां ओडिशा सरकार द्वारा ग्लोबल फाइनेंस एंड टेक्नोलॉजी नेटवर्क (जीएफटीएन) के सहयोग से आयोजित ब्लैक स्वान समिट में कहा, इस तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने और उन्हें सतर्क और सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों पर लगाम लगाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं।

# मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को गुटनिरपेक्ष नीति का नेता बताया

इंदौर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुटनिरपेक्ष नीति का सच्चा नेता करार देते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने किसानों और विनिर्माताओं के हितों को हमेशा सबसे ऊपर रखता है और इस सिलसिले में अपने रुख से टस से मस नहीं होता है।

यादव ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर सहमति बनने के बाद यह बात कही। मुख्यमंत्री यादव ने अनाज मिलिंग उद्योग की प्रदर्शनी ग्रेनेक्स इंडिया के उद्घाटन समारोह में कहा कि 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री मोदी गुटनिरपेक्ष नीति के सच्चे नेता हैं। उन्होंने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, पहले केवल कहने के लिए कहा जाता था कि भारत गुटनिरपेक्ष नीति अपनाता है, लेकिन बताने की जरूरत नहीं है कि तब इस नीति के नाम पर किया जाता था। यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश के किसानों और विनिर्माताओं की बेहतरी के लिए उनके हितों को सबसे ऊपर रखती है।

# रूस और अमेरिका ने परमाणु हथियारों पर चर्चा की

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि रूस और अमेरिका के वार्ताकारों ने दोनों देशों के बीच शेष परमाणु हथियार नियंत्रण संधि की अवधि समाप्त होने पर चर्चा की और नयी हथियार नियंत्रण वार्ता को शीघ्र शुरू करने की आवश्यकता पर सहमति जताई।

न्यू स्टार्ट संधि बृहस्पतिवार को समाप्त हो गई। इस तरह, आधी सदी से अधिक समय में पहली बार दुनिया के दो सबसे बड़े परमाणु हथियार भंडार रखने वाले देशों पर कोई सीमा नहीं रह गई है, जिससे बिना नियंत्रण के परमाणु हथियारों की दौड़ शुरू होने की आशंका बढ़ गई है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि रूसी और अमेरिकी वार्ताकारों ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में इस मुद्दे पर चर्चा की, जहां रूसी, यूक्रेनी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों ने यूक्रेन में शांति



समझौते पर दो दिनों तक बातचीत की। पेस्कोव ने कहा, एक सहमति बनी है, और उन्होंने आबू धाबी में इस बारे में बात भी की कि दोनों पक्ष जिम्मेदाराना रुख अपनाएंगे और दोनों देश इस मुद्दे पर जल्द से जल्द बातचीत शुरू करने की आवश्यकता को समझते हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि यदि वॉशिंगटन भी सहमत हो तो रूस एक वर्ष तक और संधि की सीमाओं का पालन करने के लिए तैयार है। हालांकि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस प्रस्ताव को नजरअंदाज किया और कहा कि वह चीन को भी किसी नयी संधि में शामिल करना चाहते हैं, हालांकि इसे बीजिंग पहले ही खारिज कर चुका है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर लिखा, न्यू स्टार्ट (अमेरिका द्वारा खराब तरीके से की गई संधि, जिसका गंभीर उल्लंघन किया जा रहा है) को बढ़ाने के बजाय हमें अपने परमाणु विशेषज्ञों को एक नयी, बेहतर और आधुनिक संधि पर काम करने देना चाहिए, जो लंबे समय तक टिक सके। एक्सियोस की उस रिपोर्ट पर टिप्पणी करने के लिए कहे जाने पर, जिसमें दावा किया गया था कि रूसी और अमेरिकी वार्ताकारों ने कम से कम छह महीने तक समझौते की सीमाओं का पालन करने के लिए एक संभावित अनौपचारिक समझौते पर चर्चा की थी, पेस्कोव ने जवाब दिया कि ऐसा कोई भी विस्तार केवल औपचारिक हो सकता है।

# रूस के सैन्य खुफिया विभाग के उप प्रमुख को मॉस्को में मारी गयी गोली

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर ने सैन्य खुफिया विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेव को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव (64) पर हमले की यह घटना रूस के कई वरिष्ठ सैन्य एवं खुफिया अधिकारियों की हत्या के बाद सामने आई है, जिनके लिए मॉस्को ने यूक्रेन को दोषी ठहराया है।

जांच समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेत्रेंको ने एक बयान में कहा कि मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में स्थित एक अपार्टमेंट में एक अज्ञात हमलावर ने लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव को कई गोलियां लगी हैं और उनका मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पेत्रेंको ने यह नहीं बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर हमले के पीछे किसका हाथ हो सकता है। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव साल 2011 से रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के प्रथम उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें सीरिया में मॉस्को के सैन्य अभियान में अहम भूमिका निभाने के लिए हीरो ऑफ रूस पदक से सम्मानित किया गया था। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर गोलीबारी की यह घटना यूक्रेन में लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए रूसी, यूक्रेनी और अमेरिकी वार्ताकारों के बीच अबू धाबी में संपन्न दो दिवसीय वार्ता के एक दिन बाद हुई है। इस वार्ता में रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सैन्य खुफिया विभाग के प्रमुख एडमिरल इगोर कोस्त्युकोव ने किया था। रूस के राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने बताया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को हमले के बारे में सूचित कर दिया गया है।




# ओमान ने अमेरिका- ईरान के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता में मध्यस्थता की

मस्कट। ओमान ने शुक्रवार को तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता में मध्यस्थता की। ओमान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ईरान और अमेरिका के वार्ताकारों के काफिले ओमान के शीर्ष राजनयिक के साथ अलग-अलग बैठक के लिए मस्कट पहुंचे। हालांकि, अमेरिका और ईरान की तरफ से इस घटनाक्रम पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं ने ईरानी अधिकारियों को मस्कट के बाहरी इलाके में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित एक पैलेस में देखा। संवाददाताओं के मुताबिक, ईरानी अधिकारियों का काफिला कुछ देर बाद पैलेस से कुछ दूर स्थित एक होटल के लिए रवाना हो गया। इस बीच, ईरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की कि विदेश मंत्री अब्बास अराघची मस्कट में अपने ओमानी समकक्ष बद्र अल-बुसैदी से मिले। एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं के अनुसार, ईरानी अधिकारियों के पैलेस से रवाना होने के बाद एक अन्य काफिला वहां दाखिल हुआ, जिसमें शामिल एक एसयूवी पर अमेरिकी झंडा लहरा रहा था। संवाददाताओं ने बताया कि यह काफिला लगभग डेढ़ घंटे तक पैलेस में रुका और फिर वहां से रवाना हो गया। ओमान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि अल-बुसैदी ने पहले अराघची और फिर पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ तथा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर से अलग-अलग मुलाकात की। बयान में कहा गया है, बातचीत मुख्यतः राजनयिक और तकनीकी वार्ताओं को फिर से शुरू करने के लिए उपयुक्त परिस्थितियां तैयार करने पर केंद्रित थी, क्योंकि दोनों पक्ष स्थायी सुरक्षा और स्थिरता हासिल करने के लिए इनकी सफलता सुनिश्चित करने के वास्ते दृढ़ संकल्पित हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आज आगे और बातचीत की जाएगी या नहीं। हालांकि, ओमानी अधिकारी अमेरिकी काफिले के जाने के तुरंत बाद पैलेस से चले गए। अमेरिका और ईरान के बीच कई दौर की बातचीत पिछले साल जून में उस समय विफल हो गई थी, जब इजराइल ने तेहरान पर हमला कर दिया था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com